# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 12 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-116 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### अमृतसर में 30 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 30.045 किलोग्राम हेरोइन बरामद करके सीमा पार संचालित नशा तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को चंडीगढ़ में अमृतसर की फतेह सिंह कॉलोनी निवासी गौतम (24), अमृतसर के छेहरटा निवासी कबीर उर्फ काकू (22), अमृतसर निवासी समीर उर्फ सभरवाल (18) तथा अमृतसर की ऑर्किड वैली निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ कीड़ा (18) को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा दो नाबालिगों को भी पकड़ा गया है।

### यूपी में सड़क हादसा में दो सगे भाइयों समेत 5 की मौत

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो सगे भाइयों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि चार लोगों को मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि तीन लोग घायल हो गए थे। इनमें दो की हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर किया गया, जिसमें एक की गुरुवार को मौत हो गई।

### जमुई में सड़क हादसे में छात्रा की मौत पर बवाल

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को कोचिंग जा रही एक छात्रा के एक डंपर की चपेट में आने से मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर उत्पात मचाया। लोगों ने इस दौरान थाने पर भी पथराव किया। इसमें कई पुलिसकर्मियों को चोट भी लगने की सूचना हैं। पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, बरियारपुर गांव की रहने वाली 9वीं क्लास की छात्रा मुस्कान कुमारी गुरुवार को सुबह कोचिंग जा रही थी। बीच रास्ते में बालू से लदे अनियंत्रित हाइवा ने उसे ठोकर मार दी।

### मोतिहारी में युवक की चाकू गोदकर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** पूर्वी चंपारण के मधुबन थाना क्षेत्र के गुलाब खां गांव में चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गुलाब खां गांव निवासी पप्पू खां के बेटे के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अज्ञात अपराधियों ने युवक की निर्मम तरीके से चाकू गोदकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मधुबन थाना के थानाध्यक्ष प्रवीण पांडे घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

# एमएलसी चुनाव : पवन, निशांत समेत सभी 10 उम्मीदवार निर्विरोध जीते

## वोटिंग की नहीं आई नौबत, एनडीए के 9 व राजद के 1 उम्मीदवार बने एमएलसी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद चुनाव में सभी 10 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। कई उम्मीदवारों ने गुरूवार को बिहार विधानमंडल जाकर जीत का सर्टिफिकेट भी लिया। कुल 10 सीटों के लिए 10 उम्मीदवार थे, इसलिए वोटिंग की नौबत ही नहीं आई।

**एनडीए के 9 उम्मीदवार बने एमएलसी :** भाजपा के सभी चारों उम्मीदवारों को जीत हासिल हो गई है। विधानपरिषद चुनाव में एनडीए के पास अपने 8 उम्मीदवारों के लिए पूरे वोट थे। जबकि नीतीश कुमार की खाली सीट पर भी जीत तय थी। इस तरह से बीजेपी के सभी चारों उम्मीदवार निर्विरोध विधान पार्षद



निर्वाचित हो गए हैं। जिसमें संजय मयूख, पवन सिंह, शीला पंडित और अनिल ठाकुर शामिल हैं। वहीं जदयू के भी चारों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इनमें से एक ललन मंडल उर्फ ललन प्रसाद पूर्व सीएम नीतीश कुमार की खाली की गई सीट से उम्मीदवार थे। यानी उपचुनाव में भी एनडीए को किसी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी और ललन प्रसाद (नीतीश कुमार से इस्तीफे से खाली हुई सीट पर) एमएलसी बने हैं। लोजपा रामविलास ने एनडीए की तरफ से अपने उम्मीदवार अशरफ अंसारी को मैदान में उतारा था। अब वो भी एमएलसी चुनाव में निर्विरोध जीत कर पहली बार अपने संसदीय जीवन की शुरूआत करेंगे।

**राजद उम्मीदवार की भी जीत :** वहीं राजद ने सुनील कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया था। लेकिन राज्यसभा चुनाव की तरह राजद को यहां चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और सुनील सिंह निर्विरोध विधान पार्षद चुन लिए गए। सभी उम्मीदवारों ने जीत के सर्टिफिकेट लेने शुरू कर दिए हैं।

### खतरे में दीपक प्रकाश का मंत्रिपद

इस चुनाव में एनडीए के एक घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को भारी निराशा का सामना करना पड़ा। उनके बेटे व पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को भी निशांत कुमार की तरह 6 महीने के भीतर किसी भी एक सदन का सदस्य बनना था। लेकिन इस बार एनडीए ने उन्हें विधान परिषद के लिए मौका नहीं दिया। ऐसे में अब उनको अपना मंत्री पद बचाने के लिए विधानसभा के उपचुनाव (अगर उनकी मां स्नेहलता कुशवाहा अपनी सीट खाली करती हैं तो) में ही जाना एकमात्र विकल्प है।

## नीति आयोग की शासी परिषद की 11वीं बैठक की प्रधानमंत्री ने की अध्यक्षता, कहा-

# जल संरक्षण व जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान

## नीति आयोग की शीर्ष बैठक में पहली बार 28 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने लिया भाग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में अल-नीनो की संभावित चुनौतियों को देखते हुए जल संरक्षण तथा प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने आकांक्षी जिलों के मानकों के आधार पर प्रगति के मूल्यांकन और विकसित भारत@2047 के लक्ष्य के लिए स्पष्ट निगरानी व्यवस्था, 100-दिवसीय तथा पांच वर्षीय लक्ष्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। नीति आयोग की शीर्ष बैठक में पहली बार सभी 28 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद बैठक की अध्यक्षता की। इस साल का विषय ह्यविकसित भारत@2047 के लिए समावेशी मानव विकासह्व था। इसमें 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत@2047 का संकल्प देश के हर राज्य, जिले, ब्लॉक और गांव का सामूहिक लक्ष्य बनना चाहिए। उन्होंने 70 करोड़ युवाओं को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए राज्यों से जनसांख्यिकीय लाभांश को विकास लाभांश में बदलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं और एमएसएमई के लिए अवसर बढ़ाने, विदेशी निवेश आकर्षित करने, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) और रक्षा विनिर्माण को प्रोत्साहन देने पर बल दिया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अवसर बताते हुए भविष्य उन्मुख कौशल विकास, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती तथा साइबर अपराध और नशे जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता बताई। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार बैठक में मुख्यमंत्रियों, उप-राज्यपालों व प्रशासकों ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके पद पर 12 साल पूरे करने पर बधाई दी। उन्होंने वैश्विक भू-राजनीतिक संकट का सामना करने और ऊर्जा जरूरतों के मामले में भारत की मजबूती बढ़ाने और विकास की गति को बनाए रखने के लिए केंद्र के साथ एकजुटता भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि चचाएं रचनात्मक थीं और इनमें राज्यों की आकांक्षाओं, उम्मीदों, अनुभवों, बेहतरीन तौर-तरीकों और चुनौतियों की झलक मिली। प्रधानमंत्री ने बैठक में भाग लेने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों, उप-राज्यपालों और प्रशासकों का आभार व्यक्त किया और भरोसा जताया कि सहयोग, इनोवेशन और विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता के जरिए भारत 2047 तक 'विकसित भारत' की अपनी यात्रा को तेज कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अनिश्चितता और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं।




### सम्राट चौधरी ने नल-जल कार्यक्रम के लिए 18 हजार करोड़ की सहायता का आग्रह किया

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार जताते हुए कि उन्होंने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र किया। कहा कि बिहार आज राष्ट्र की विकास यात्रा का सहभागी मात्र न रहकर विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास हेतु एक सक्रिय परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है। साथ ही, विशेष रूप से अनुरोध किया कि बिहार सरकार ने हर घर, नल का जल कार्यक्रम में निवेश करते हुए जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त किया है। परन्तु कतिपय कारणों से यह राशि भारत सरकार से नहीं ली जा सकी है। अतः अनुरोध है कि इस मद में व्यय की गयी राशि के केन्द्रांश रूप में लगभग 13 हजार करोड़ रुपये एवं वर्तमान में क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं हेतु 5 हजार करोड़ रुपए अर्थात कुल 18 हजार करोड़ रुपए की सहायता करने की जाए।

## आय से 208% ज्यादा संपत्ति का आरोप

# हाजीपुर नगर परिषद के लेखापाल के ठिकानों पर EOU की छापेमारी

**हाजीपुर (एनएसबी)।** आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने हाजीपुर नगर परिषद कार्यालय के लेखापाल मनीष कुमार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में एडव की टीम उनके दो ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



यह कार्रवाई विशेष निगरानी न्यायालय, मुजफ्फरपुर से प्राप्त तलाशी वारंट के आधार पर की जा रही है. मनीष कुमार पर आरोप है कि उन्होंने अपनी ज्ञात आय से करीब 2 करोड़ 2 लाख 31 हजार 500 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की है. जांच एजेंसियों के मुताबिक यह संपत्ति उनकी वैध आय से लगभग 208.57 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है. इसी मामले की जांच के तहत एडव की अलग-अलग टीमें हाजीपुर के बागमली स्थित उनके आवास और हाजीपुर नगर परिषद कार्यालय से जुड़े ठिकानों की तलाशी ले रही हैं. फिलहाल छापेमारी की कार्रवाई जारी है. एडव अधिकारियों का कहना है कि तलाशी पूरी होने के बाद बरामद दस्तावेजों, नकदी, निवेश और अन्य संपत्तियों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी. इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है. जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित अतिरिक्त संपत्ति किन स्रोतों से अर्जित की गई और इसमें किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है. एडव ने कहा है कि तलाशी अभियान पूरा होने के बाद मामले से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# मणिपुर में उग्रवादी हमला दो ग्रामीणों की हुई मौत

**मणिनुर (एजेंसी)।** कामजोंग, 11 जून (हि.स.)। मणिपुर के कमजोंग जिले में गुरुवार तड़के उग्रवादी हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग प्रभावित हुए। हमले के दौरान कम से कम छह घरों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे गांव में दहशत का माहौल फैल गया। जानकारी के अनुसार, भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों का एक

### कई घर जलाए

समूह सुबह होते ही कमजोंग जिले के कुल्तुह कुकी गांव में घुस आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद हमलावरों ने कई आवासीय मकानों में आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से भयभीत ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए आसपास के जंगलों की ओर भाग गए। ईस्टर्न कुकी चीफ्स एसोसिएशन ने मृतकों की पहचान कुल्तुह चर्च के हेड डीकन लेटमिनलुन हाओकिप और चर्च यूथ चेयरमैन लुनमिनथांग हाओकिप के रूप में की है। घटना में दो अन्य ग्रामीणों के घायल होने की भी सूचना है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब पड़ोसी



जिले कांगपोकपी में अपहृत छह नागा समुदाय के लोगों के शव बरामद होने के बाद पूरे राज्य में तनाव का माहौल बना हुआ है। इस घटना को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं तथा सेनापति जिले में एक राजनीतिक दल के कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने कामजोंग तथा आसपास के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की प्रतिशोधात्मक सामुदायिक हिंसा को रोकने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। इस बीच, विभिन्न कुकी सामाजिक संगठनों ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे सुनियोजित आतंकी कार्रवाई बताया है।

# पुणे में कॉकरोच जनता पार्टी का जमकर प्रदर्शन

### फाउंडर अभिजीत बोले- NCERT में मराठा साम्राज्य का मैप दोबारा जोड़ा जाए

**पुणे (एजेंसी)।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने गुरुवार को पुणे के सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी (SPPU) कैंपस में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। सैकड़ों छात्र और समर्थक पोस्टर-बैनर लेकर पहुंचे और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। सोनम वांगचुक ने उखढ का शिक्षा घोषणापत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि इसमें पेपर लीक रोकने, समय पर रिजल्ट जारी करने, भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ाने, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही तय करने और परीक्षा में देरी-गड़बड़ियों से छात्रों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया है। CJP फाउंडर दीपके ने अपने भाषण में दावा किया कि दिल्ली में जंतर-मंतर से ज्यादा लोग पुणे में जुटे हैं। दीपके ने सरकार के सामने 5 मांगे भी रखीं। इसके अलावा NCERT की किताबों में मराठा साम्राज्य का मैप दोबारा शामिल करने की मांग की दरअसल, NCERT ने 2025-26 सत्र के लिए क्लास 8 की किताब में मराठा साम्राज्य का एक मैप पब्लिश किया था। इसमें राजस्थान के कुछ हिस्सों को मराठा क्षेत्र दिखाया गया। कुछ इतिहासकारों और पूर्व शाही परिवारों ने इसपर आपत्ति जताई, जिसके बाद NCERT ने मार्च 2026 में मैप हटा दिया।



# यूपी-बिहार में आंधी व बिजली गिरने से 9 मरे

### मानसून बिहार पहुंचा

### खगड़िया जिले में व्रजपात से पांच लोगों की मौत

**लखनऊ/पटना (एजेंसी)।** मानसून ने गुरुवार को बिहार में एंट्री कर ली है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी यह आगे बढ़ गया है। 4 जून को केरलम में एंट्री के बाद से मानसून 8 दिन में 17 राज्यों तक पहुंच चुका है। अगले 2-3 दिनों इसके में उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा पहुंचने की संभावना है। वहीं बिहार के 11 जिलों में आज सुबह से आंधी-बारिश हो रही है। खगड़िया में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग झुलस गए हैं। पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में घने बादलों से अंधेरा छा गया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यूपी में आंधी से एक पेट्रोल पंप की छत उड़ गई। चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत भी उड़ गई। बरेली, इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में आंधी-तूफान से 4 लोगों की मौत हुई। पंजाब के मानसा में तेज आंधी के दौरान लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई।

# झारखंड : सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**गुमला (एजेंसी)।** बसिया-कोलेबीरा थाना क्षेत्र के सीमांत स्थित अघरमा गांव में गुरुवार को एक सड़क हादसे में तीन मासूम बच्चों सहित पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो (जेएच 01 बी एम 54 54) में सवार एक ही परिवार के नौ लोग लोहरदगा से कोलेबिरा प्रखंड के लसिया मेहमानी आ रहे थे। कार जब अघरमा गांव के समीप पहुंची तो चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और कार सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई। इस दौरान स्कार्पियों की रफ्तार काफी तेज थी। लिहाजा कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मरने वालों की पहचान लोहरदगा निवासी 58 वर्षीय गुलाम मुस्तफा, 5 वर्षीय अर्श हाशमी, 3 वर्षीय अनाबिया परवीन, 55 वर्षीय गुलशन और लसिया कोलेबिरा प्रखंड निवासी डेढ़ वर्षीय आयरा परवीन रूप में हुई। गुलाम मुस्तफा एवं गुलशन दोनों पति-पत्नी थे। दुर्घटना के बाद वाहन में सवार लोगों की रोने की आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग दुर्घटना स्थल पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे सभी घायलों को किसी तरह बाहर निकाला।

# गृहणियों के काम की कीमत 30 हजार महीना जितनी : सुप्रीम कोर्ट

### उन्हें होममेकर नहीं नेशन बिल्डर कहें, वे परिवार की नींव मजबूत करती हैं

**नई दिल्ली (एनएसबी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला में कहा, सड़क हादसे में गृहिणियों की मौत होने पर उनके द्वारा की जाने वाली परिवार की देखभाल और घरेलू काम की कीमत कम से कम 30 हजार प्रति महीना (3.6 लाख सालाना) मानी जाएगी।

जस्टिस संजय करोल और न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा- यह रकम 'प्रणय सेठी' मामले में तय अन्य सभी मुआवजा नियमों के अलावा होगी। घर संभालने वाली महिलाओं को राष्ट्र निमार्ता (नेशन बिल्डर) का दर्जा मिलना चाहिए। उनके काम की तुलना



किसी पेशेवर से करके उनके योगदान को कम नहीं आंका जा सकता। दरअसल, कोर्ट का यह फैसला नवंबर 2001 में हरियाणा में सड़क हादसे में हुए गृहणी की मौत के मामले में हुई सुनवाई पर आया। बेंच ने 25 साल पहले हुए हादसे में पत्नी को खो चुके व्यक्ति को 62.77 लाख का मुआवजा मंजूर किया। दरअसल, सड़क हादसों के मुआवजा मामलों की सुनवाई करने वाले मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (MACT) में अक्सर गृहिणियों के योगदान का मूल्यांकन करना चुनौती होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह व्यवस्था दी है।

# लालू प्रसाद के 79 वें जन्मदिन पर राजद नेताओं ने मजार पर चादरपोशी कर उनकी उत्तम स्वास्थ्य की मांगी दुआ

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के बिहार विधान परिषद सदस्य मो. कारी सोहैब और राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के 79वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर पटना हाईकोर्ट स्थित ऐतिहासिक मजार पर चादरपोशी कर उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए दुआ मांगी।

वहीं राजद एमएलसी कारी सोहैब और राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने राबड़ी आवास पर जाकर लालू प्रसाद जी से मिलकर उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

राजद एमएलसी मो. कारी सोहैब और राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि लालू प्रसाद केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, साम्प्रदायिक सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता और गरीब-गुरबों की आवाज के रूप में करोड़ों लोगों की उम्मीद और विश्वास के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने पूरे


मजार पर चादरपोशी कर लालू प्रसाद के उत्तम स्वास्थ्य की मांगी दुआ।

राजनीतिक जीवन में वंचितों, शोषितों, किसानों, मजदूरों और पिछड़े समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष का जो इतिहास रचा है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उक्त पावन अवसर पर बिहार विधान परिषद सदस्य मो. कारी सोहैब जी, युवा राजद के प्रदेश महासचिव गुड्डू जी, विक्रांत जी, मनीष जी, आकिब खान जी, अजमल जी, शाहरुख जी सहित सभी साथियों ने लालू जी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए दुआ मांगी।

## पटना नगर निगम द्वारा थोक अपशिष्ट उत्पादकों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2026 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों के प्रभावी अनुपालन के लिए पटना नगर निगम द्वारा शहर के सभी थोक अपशिष्ट उत्पादकों की शत-प्रतिशत पहचान एवं उनका केंद्रीय पोर्टल पर अनिवार्य अनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करने की दिशा में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पटना नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में चिन्हित थोक अपशिष्ट उत्पादकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण-सह-हैंडहोल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन, अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर अनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाना था। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें आईजीआईएमएस, रूबन अस्पताल, ताज होटल, एवीआर, विंडसर, चाणक्य होटल, पारस अस्पताल, सिटी सेंटर मल, कुर्जी फैमिली अस्पताल सहित लगभग 35 बड़े प्रतिष्ठान शामिल रहे।

# राज्य में पत्थर-स्टोन डस्ट रॉयल्टी हो जाएगी दोगुनी से अधिक, नई दर प्रति घनमीटर 500 रुपया तय

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य सरकार ने पत्थर और स्टोन डस्ट की रॉयल्टी दरों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। पहले जहाँ पत्थर पर 150 रुपये प्रति घनमीटर और स्टोन डस्ट पर 30 रुपये प्रति घनमीटर की रॉयल्टी लगती थी, वहीं संशोधित नियमावली, 2026 के प्रावधानों के अनुसार अब दोनों खनिजों के लिए समान दर 500 रुपये प्रति घनमीटर निर्धारित की गई है, जो अब जल्द लागू हो जाएगा। संशोधन की आधिकारिक अधिसूचना विभाग द्वारा शीघ्र ही जारी की जाएगी।

सरकार का अनुमान है कि इस संशोधन से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही नई दरें खनिज संसाधनों के सही मूल्यांकन, अवैध खनन पर कड़ी निगरानी और खनन गतिविधियों के बेहतर नियमन में सहायक साबित होंगी। जानकारी के अनुसार यह निर्णय खनन क्षेत्र को अधिक व्यवस्थित, उत्तरदायी और राजस्व-सक्षम बनाने की दिशा में लिया गया है।

खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने बताया कि राज्य की खनिज संपदा के संरक्षण तथा उसके न्यायसंगत उपयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। पत्थर एवं स्टोन डस्ट की रॉयल्टी दरों में संशोधन वर्तमान बाजार परिस्थितियों और खनिजों के वास्तविक आर्थिक मूल्य को ध्यान में रखकर किया गया है।


खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

इससे मिलने वाले अतिरिक्त राजस्व का उपयोग जनहित और विकास कार्यों में किया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि संशोधन से स्टोन को डस्ट बताकर राजस्व का नुकसान करने के मामले में कमी आएगी।

विभागीय अधिसूचना के बाद नई दरें लागू की जाएंगी और आवश्यक पारदर्शिता और निगरानी तंत्र सुनिश्चित करने के लिए सिस्टम अपग्रेड और निरीक्षण बढ़ाए जाएंगे।

इसके मुख्य लाभ निम्न हैं - वर्तमान में पत्थर भूखंडों की बंदोबस्ती की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। विभाग द्वारा रॉयल्टी दर के आधार पर पत्थर भूखंडों का सुरक्षित जमा राशि निर्धारण करने का कार्रवाई किया जा रहा है। इससे बंदोबस्ती राशि के रूप में अपेक्षाकृत अत्यधिक राशि प्राप्त होने की संभावना है। दण्ड मद में प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि होगी। चूँकि नियमावली में खनिज मूल्य रॉयल्टी का 25 गुणा निर्धारित है। कार्य विभागों से मालिकाना फीस एवं रॉयल्टी से प्राप्त होने वाले राजस्व में भी वृद्धि होगी। पत्थर खनिज का अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा।

## खबरें : एक नजर में

### प्रधानमंत्री अन्न योजना पर संकट, राशन वितरण प्रभावित : जनकल्याण राशन कार्डधारी संघ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जनकल्याण राशन कार्डधारी संघ के संरक्षक दशरथ पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजेश पासवान, प्रदेश महामंत्री कुश कुमार तथा प्रदेश संगठन मंत्री राजकुमार सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (फूड सिक्योरिटी एक्ट) धनाभाव के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही है। संघ के नेताओं ने आरोप लगाया कि फूड सिक्योरिटी एक्ट के अंतर्गत कार्यरत बिहार राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम (बीएसएफसी) के अभिकर्ताओं, ट्रक ठेकेदारों, डीएसडी ठेकेदारों तथा जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं का सैकड़ों करोड़ रुपये का मार्जिन मनी भुगतान पिछले 10 महीनों से लंबित है। भुगतान नहीं होने के कारण बीएसएफसी अभिकर्ता एवं डीएसडी ठेकेदार 6 जून से हड़ताल पर हैं। नेताओं के अनुसार हड़ताल के चलते राज्य के लगभग 65 प्रतिशत जन वितरण प्रणाली की दुकानों तक खाद्यान्न की आपूर्ति बाधित हो गई है। इसका सीधा असर गरीब एवं जरूरतमंद लाभुकों पर पड़ रहा है, जो राशन दुकानों के चक्कर लगाने के बावजूद अनाज प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं और निराश होकर लौट रहे हैं।

### बारिश के दौरान जमीनी स्थिति का आकलन, नगर आयुक्त ने किया व्यापक निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मानसून के दौरान शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से राहत दिलाने तथा निर्बाध जल निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा लगातार फील्ड स्तर पर निगरानी और समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा ने वार्ड संख्या 24, 25, 26 एवं 27 का व्यापक निरीक्षण किया। बारिश के दौरान किया गया यह निरीक्षण वास्तविक जमीनी परिस्थितियों का आकलन करने और उन स्थलों की पहचान करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ, जहां जलनिकासी की गति अपेक्षात धीमी है अथवा जलजमाव की समस्या बनी रह सकती है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने नौ संवेदनशील स्थलों पर जलनिकासी व्यवस्था की समीक्षा की तथा संबंधित अभियंताओं एवं पदाधिकारियों को त्वरित एवं दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 12,448 स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित हुए विशेष शिविर

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर राज्यभर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन**

**एक दिन में 1.83 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं को मिली प्रसव पूर्व जांच सेवाएं**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिहार ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। राज्यभर में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविरों के दौरान एक ही दिन में 1,83,542 गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही 14,506 उच्च जोखिम (हाई रिस्क) गर्भवतियों की पहचान कर उनके आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन एवं रेफरल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कुल 12,448 स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित इस विशेष अभियान ने सुरक्षित मातृत्व एवं स्वस्थ शिशु के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया है।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने पिछले एक दशक में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा जटिल परिस्थितियों में समय पर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम की समय पर पहचान और उसका समुचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रहा है। राज्य के सभी जिलों में 1,277 नियमित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान स्थलों के अतिरिक्त 11,171 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष शिविर आयोजित किए गए। इस प्रकार कुल 12,448 स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। अभियान के सफल संचालन के लिए चिकित्सकों, विशेषज्ञों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की विशेष तैनाती की गई थी।


स्वास्थ्य मंत्री निशांत।

अभियान के दौरान कुल 1,83,542 गर्भवती महिलाओं ने प्रसव पूर्व जांच सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इनमें 1,06,365 महिलाओं को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा 77,177 महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के चिन्हित स्थलों पर एएनसी सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान रक्तचाप जांच, रक्त परीक्षण, वजन मापन, गर्भस्थ शिशु की स्थिति का आकलन सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु की देखभाल तथा मातृ स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

अभियान का प्रमुख उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। इसी क्रम में राज्यभर में 14,506 उच्च जोखिम गर्भवतियों की पहचान की गई। इनमें गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कम आयु में गर्भधारण, पूर्व प्रसव संबंधी जटिलताएं तथा अन्य चिकित्सकीय जोखिम शामिल थे। इनमें से 11,708 महिलाओं का मौके पर आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन किया गया, जबकि 2,063 महिलाओं को बेहतर उपचार एवं विशेषज्ञ सेवाओं के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया।

इसके अतिरिक्त 3,086 गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड (यूएसजी) जांच भी कराई गई, जिससे गर्भस्थ शिशु के विकास तथा संभावित जटिलताओं का समय पर आकलन संभव हो सका। विभाग के अनुसार उच्च जोखिम गर्भवतियों की शीघ्र पहचान और समुचित प्रबंधन से प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है।

उल्लेखनीय है कि जून 2016 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत के बाद से बिहार में 77 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं इस योजना के तहत लाभान्वित हो चुकी हैं।

# पूर्व सांसद सुशील सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान सड़क और सिंचाई परियोजनाओं पर कार्रवाई के निर्देश

**औरंगाबाद/ पटना (दैनिक नवसंदेश)।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क एवं सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से की गई मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग-139 के चार लेन निर्माण, बिहार-झारखंड की अंतरराज्यीय बटाने जलाशय परियोजना तथा औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत परैया से टिकारी, हिच्छापुर और गुरुआ होते हुए दरियापुर (शेरघाटी-चेरकी पथ) तक सड़क निर्माण कार्यों को गति देने की मांग रखी थी। इसके अलावा राज्य राजमार्ग-101 के मदनपुर से गया तक सड़क को दो लेन में विस्तारित करने का मुद्दा भी उठाया गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय के उप सचिव कुमार बृजेश ने पथ निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के सचिवों को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि पूर्व सांसद द्वारा इन विषयों पर आवेदन प्राप्त हुआ है। पत्र में संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि उठाए गए मुद्दों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा लिए गए निर्णय और की गई कार्रवाई की जानकारी मुख्यमंत्री सचिवालय और पूर्व सांसद को उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद इन परियोजनाओं के शीघ्र आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है।


पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह।

बताया जाता है कि सुशील कुमार सिंह क्षेत्र के किसानों और आम लोगों से जुड़े विकास कार्यों को लेकर लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि लंबे समय से लंबित इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क संपर्क, सिंचाई सुविधा और विकास का लाभ मिल सके।

# राजद कार्यालय में मनाया गया लालू प्रसाद का जन्मदिन


राजद कार्यालय में मनाया गया लालू प्रसाद का जन्मदिन।

**पटना/ एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, विधायक भाई वीरेंद्र सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के 79 वें जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर लालू जी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की और कहा कि लालू जी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की धारा को मजबूती मिले और आने वाले समय में राष्ट्रीय जनता दल मजबूती के साथ देश और बिहार की जनता के हित में आगे बढ़े। इस अवसर पर नेताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशियां मनाई।

## खबरें खास-खास

# दिनकर ने कहा था-विशारद जी की प्रतिमा लगा, स्वर्ण-मेखला से ऋृंगार से ही सच्ची श्रद्धांजलि

### जयंती पर साहित्य सम्मेलन में श्रद्धा पूर्वक किए गए स्मरण, आयोजित हुई लघुकथा-गोष्ठी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के रजत जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने, सम्मेलन की स्थापना के सूत्रधार बाबू रामधारी प्रसाद विशारद को श्रद्धा-पूर्वक स्मरण किया था और कहा था कि साहित्य सम्मेलन अपने प्रांगण में उनकी भव्य प्रतिमा लगाए और उसे स्वर्ण-मेखला से घेराबंदी करे। इससे कम में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि नहीं हो सकती। विशारद के महान उद्यम से ही सम्मेलन की स्थापना हुई थी। वे इसके मुख्य सूत्रधार थे। सबसे पहले इनके ही मन में प्रांतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थापना का विचार आया और उन्होंने देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद की स्वीकृति प्राप्त कर, हिन्दी सेवियों को अक्टूबर, को मुजफ्फरपुर के हिंदू भवन में आहूत किया, जिसमें साहित्य सम्मेलन की स्थापना का निर्णय लिया गया। अपने जीवन-काल तक वे सम्मेलन के पर्याय बने रहे।


विशारद जी की जयंती पर आयोजित समारोह उपस्थित अतिथि।

यह बातें, गुरुवार को, साहित्य सम्मेलन में, विशारद जी की वीं जयंती पर आयोजित समारोह और लघुकथा गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि विशारद जी, भागलपुर के बौंसी में आहूत हुए, सम्मेलन के वें अधिवेशन के सभापति चुने गए थे। इसके पूर्व वे अनेक वर्षो तक सम्मेलन के प्रधानमंत्री और उपसभापति भी रह चुके थे। हिन्दी के उन्नयन के लिए की गयी उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हीं के कारण यह संस्था हिन्दी की अमूल्य सेवाएँ कर सकी है। सम्मेलन परिसर में उनकी प्रतिमा लगे इसके लिए हम शीघ्र प्रयास आरम्भ करेंगे।

समारोह का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मान्धाता सिंह ने कहा कि हिन्दी साहित्य को जिन आदरणीय विभूतियों ने समृद्धि प्रदान की, उनमें विशारद जी का महवपूर्ण स्थान है। साहित्य सम्मेलन की स्थापना और इसके संचालन में उन्होंने अपना पूरा जीवन लगाया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुनील कुमार अध्याय, कवयित्री आराधना प्रसाद, कमल नयन श्रीवास्तव, चंदा मिश्र, मिथिलेश कुमार सिन्हा तथा प्रवीर कुमार पंकज ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में राँची विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष रहे डा जंगबहादुर पाण्डेय ने ममता, डा पुष्पा जमुआर ने लहरें, विभा रानी श्रीवास्तव ने अंत की साँस, डा पूनम आनन्द ने दान, कुमार अनुपम ने अहिंसा, सिद्धेश्वर ने बसेरा, डा समरेंद्र नारायण आर्य ने फिर कभी, ज्योति पास्कल ने मौसम का असर, सागरिका राय ने नियामत तथा इन्दु भूषण सहाय ने वाह रे इंसान शीर्षक से लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

रंजन कुमार अमृतनिधि, राजेश राज, प्रेम प्रकाश, सत्येंद्र सिंह, संतोष कुमार, नरेश कुमार, अनिल कुमार, नन्दन कुमार मीत आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# जेनिथ कॉमर्स एकेडमी में मैंगो फेस्टिवल का आयोजन विद्यार्थियों ने उठाया आम के विविध स्वादों का आनंद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कॉमर्स शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जेनिथ कॉमर्स एकेडमी में गुरुवार को उत्साह और उमंग के बीच भव्य मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्थान से जुड़े गणमान्य लोगों ने फलों के राजा आम की विभिन्न प्रजातियों का स्वाद लिया तथा सांस्तिक कार्यक्रमों के माध्यम से आयोजन को यार बनाया। गर्मी के मौसम में आम की लोकप्रियता और उसके सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। संस्थान परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और विभिन्न किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आम से जुड़े रोचक तथ्यों, उसके पोषण मूल्य और भारतीय संस्कृति में उसके महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर जेनिथ कामर्स एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां भी उतनी ही आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मैंगो फेस्टिवल का उद्देश्य विद्यार्थियों को तनावमुक्त वातावरण प्रदान करना, उनमें रचनात्मकता विकसित करना और आपसी संवाद को मजबूत बनाना है। श्री सिंह ने कहा, जेनिथ कॉमर्स एकेडमी हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रही है। पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे आयोजन छात्रों को नई ऊर्जा देते हैं और उनमें सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं। हमारा मानना है कि एक बेहतर विद्यार्थी वही बन सकता है, जिसे शिक्षा के साथ सामाजिक और सांस्तिक अनुभव भी प्राप्त हो। कार्यक्रम में अभिषेक मिश्रा, कुमार संभव, देव कुमार लाल, अजय अम्बष्ठा, राजेश कुमार सिंह, तौकीर अख्तर, करण निलेश, मनोज कुमार सिंह, काबूल पटना वाला, प्रेम कुमार, शैलेश कुमार सिंह, अजय कुमार, देवराज मुना सहित संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


कॉमर्स शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जेनिथ कॉमर्स एकेडमी में गुरुवार को उत्साह और उमंग के बीच भव्य मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

# बिहार के कलाकारों को मिला राष्ट्रीय सम्मान कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री ने दी बधाई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार के मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने राज्य की पांच प्रमुख प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री ने कहा कि यह बिहार के लिए गर्व का क्षण है और यह दर्शाता है कि राज्य की कला-परंपरा और कलाकारों को पूरे देश में पहचान मिल रही है।

विभागीय मंत्री ने यह भी बताया कि बिहार की विभिन्न कला विधाओं से जुड़े 5 कलाकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना जाना गर्व की बात है। उन्होंने बिहार की प्रतिभाओं का अभिनंदन करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे सम्मान स्थानीय कला के संवर्धन और युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने में सहायक होते हैं।



कला एवं संस्कृति विभाग बिहार सरकार के मंत्री डा. प्रमोद कुमार।

संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2024 और 2025 के लिए अपने प्रतिष्ठित रत्न फेलोशिप पुरस्कारों की घोषणा की है। साथ ही अकादमी ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के नामों की भी घोषणा की है। यह घोषणाएँ राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कलात्मक उपलब्धियों को मान्यता देने का हिस्सा हैं।

जानकारी के अनुसार चयनित कलाकारों में संगीत से महेन्द्र राम, अभिनय से सुरेश कुमार हज्जू, रंगमंच से शिवनारायण झा 'कुणाल', लोक संगीत से सुश्री मनीषा श्रीवास्तव एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार (युवा संगीत) रोहित चंद्र के नाम शामिल हैं।

# राजकीय मलमास मेला में 24 दिनों में 73,078 श्रद्धालुओं को मिली स्वास्थ्य सेवाएं : निशांत

**पटना / एनएसबी।** राजगीर में आयोजित राजकीय मलमास मेला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही व्यापक स्वास्थ्य सुविधाओं से मेला क्षेत्र में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी लाभ हो रहा है। इस संबन्ध में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। राजगीर में आयोजित राजकीय मलमास मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वहां व्यापक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों एवं चिकित्सा केंद्रों के माध्यम से 17 मई 2026 से 10 जून 2026 तक 24 दिनों में 73,078 श्रद्धालुओं को ओपीडी सेवाएं प्रदान की गई हैं। इनमें 38,013 पुरुष एवं 34,862 महिला मरीज शामिल हैं। वहीं गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित 203 मरीजों को बेहतर उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 24 गुना 7 स्वास्थ्य सेवाओं के तहत आपातकालीन चिकित्सा सहायता, एम्बुलेंस सुविधा, निः शुल्क स्वास्थ्य जांच, निःशुल्क दवा, प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्यकर्मियों एवं चिकित्सकों की टीम लगातार श्रद्धालुओं की सेवा में लगी हुई है, जिससे जरूरतमंदों को समय पर उपचार उपलब्ध हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मलमास मेला राजगीर में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । कुल 7 अस्थाई अस्पताल एवं 20 स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। ब्रह्म कुंड परिसर में 5 बेड का अस्थाई अस्पताल बनाया गया है जिसमें आईसीयू की भी व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त ब्रह्म कुंड परिसर में अलग-अलग पांच जगहों पर मेडिकल टीम को लगाया गया है।

स्वास्थ्य शिविर में श्रद्धालुओं के अतिरिक्त पुलिसकर्मियों, सफाई कर्मियों आपदा मित्रों एवं और ड्यूटी पर लगाए गए कर्मियों का भी इलाज किया किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से जरुरतमंद श्रद्धालुओं को ससमय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इससे मेला क्षेत्र में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय स्तर पर डॉ. दिवाकर कुमार ठाकुर को मिला प्रथम रैंक



**दरभंगा (एनएसबी)।** डॉ. दिवाकर कुमार ठाकुर ने आईएनआई एसएस ने 2026 की डीएम रुमेटोलॉजी प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वे ऐम्स पटना के मेडिसिन विभाग में जूनियर रेजिडेंट के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनकी इस सफलता ने न केवल संस्थान और उनके शिक्षकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि बिहार का मान भी राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है।डॉ. ठाकुर मूलतः बिहार के दरभंगा जिले के जोगियारा गांव के निवासी हैं। उनके पिता शिवशंकर प्रसाद ठाकुर एवं माता रेणु कुमारी हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले डॉ. ठाकुर की यह उपलब्धि उनके परिवार के त्याग, समर्थन एवं उनके स्वयं के अथक परिश्रम का परिणाम है।आईएनआई एसएस देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं अत्यंत प्रतिस्पर्धी सुपर-स्पेशियलिटी प्रवेश परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। इस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना डॉ. ठाकुर की निरंतर मेहनत, अनुशासन, समर्पण तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। डॉ. ठाकुर की यह उपलब्धि चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों और युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

### सदर प्रखंड मुख्यालय के आसपास लगने वाले जलजमाव का स्थायी निदान हेतू कार्य शुरू : डॉ. रवि रंजन

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तेजी से शुरू हुआ काम

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर प्रखंड मुख्यालय जाने वाली मुख्य सड़क पर कई सालो से जलजमाव के कारण आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अन्य सरकारी काम से प्रखंड आने वाले हजारों लोग कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। समाजसेवी भोलू यादव सहित कई लोगों की शिकायत भूख हलताल और धरने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन खुद मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन लगवाकर पानी निकासी का काम युद्धस्तर पर शुरू कराया। बीडीओ डॉ. रवि रंजन ने बताया की जिलाधिकारी का स्पष्ट आदेश है कि जहां नाला खुदाई हो रही है, वहां मुझे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना है। काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था कर दी जाएगी। लोगों को परेशानी नहीं होने देंगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलजमाव के कारण शादी-विवाह सहित कई कार्यक्रम में दिक्कत हो रही है। मेहमानों का आना-जाना बंद है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को हो रही है। बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं, बीमार पड़ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि सिर्फ अस्थायी नहीं, पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि हर साल बारिश में यह समस्या न हो।



### मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को देश स्तर पर मिल रहा नया आयाम : डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 एवं 2025 के लिए घोषित प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप, अकादमी रत्न, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के लिए चयनित सभी कलाकारों की घोषणा पर भाजपा सांसद सह लोकसभा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इसे मिथिला सहित संपूर्ण बिहार के लिए गौरव का विषय बताया है।सांसद डा ठाकुर ने राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए घोषित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा है कि बिहार के लिए यह गर्व का विषय है कि वरिष्ठ अभिनेता सुरेश कुमार हज्जू, नाट्य निर्देशक शिव नारायण झा तथा लोक कलाकार महेन्द्र राम को संगीत नाटक अकादमी के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चुना गया है जबकि युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हुए रंगकर्मी रोहित चन्द्रा एवं लोक गायिका मनीषा श्रीवास्तव को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार के लिए चयन किया गया है जो गर्व का विषय है। सांसद डा ठाकुर ने केंद्र सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि यह सम्मान न केवल कलाकारों की प्रतिभा और समर्पण का गौरवपूर्ण सम्मान है, बल्कि बिहार की समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक परंपरा की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान का भी प्रतीक है।

### यात्री-नागार्जुन की 115वीं जयंती पर विद्यापति सेवा संस्थान ने अर्पित की श्रद्धांजलि


**दरभंगा (एनएसबी)।** बाबा यात्री-नागार्जुन ने अपनी दमदार लेखनी से जीवन पर्यन्त वर्चस्ववादी सत्ता के विरुद्ध प्रतिरोध की संस्कृति को समृद्ध किया। उनकी खासियत रही कि जनहित के विरुद्ध काम करने वालों को उन्होंने कभी नहीं बख्सा। उनकी सोच और विचार को दृढ़ संकल्प के साथ साकार किया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात विश्वविद्यालय मैथिली विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार कर्ण ने गुरुवार को जनकवि बाबा यात्री-नागार्जुन की 115वीं जयंती पर विद्यापति सेवा संस्थान एवं विश्वविद्यालय मैथिली विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए कही। विद्यापति सेवा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डा. बुचरू पासवान, संस्थान के सचिव प्रो. जीवकांत मिश्र के साथ विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू प्रो. अशोक कुमार मेहता, केन्द्रीय पुस्तकालय के निदेशक प्रो. दमन कुमार झा, प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के पूर्व प्राचार्य प्रो. अयोध्या नाथ झा, विनोद कुमार झा, प्रो चन्द्र शेखर झा बूढ़ाभाई, राजीव कुमार झा, मिथिलेश मिश्र, प्रवीण कुमार झा आदि ने लनामिवि के केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में स्थापित बाबा यात्री-नागार्जुन की प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डॉ बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने अपने आनलाइन संबोधन में जन कवि के रूप में विश्व विख्यात बाबा नागार्जुन की मातृभाषा मैथिली को जनगणना के मातृभाषा कालम में बढ़ चढ़कर दर्ज कराने का आह्वान किया।

### भाजपा सरकार के गठन पर सतीश शाह की दरभंगा से पटना तक पदयात्रा प्रारंभ



**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के उपलक्ष्य में लहेरियासराय नगर भाजपा के उपाध्यक्ष सतीश शाह ने गुरुवार को दरभंगा से पटना तक की पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक उन्हें शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के लिए विदा किया। पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा दरभंगा पश्चिमी के जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना, लहेरियासराय नगर मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने श्री शाह को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया तथा उनकी सफल एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। पदयात्री सतीश शाह ने कहा कि उनकी यह यात्रा बिहार के विकास, सुशासन और भाजपा की जनसेवा की भावना को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। मौके पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता,जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, जिला मंत्री मीरा मेहता,रंजीत झा, शंकर झा, अमरनाथ सिंह, रमण महतो, प्रदीप महतो,उमेश पासवान, अभिषेक सोनु सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पति के साथ कुशेश्वरस्थान शिव मंदिर में पूजा करने आई महिला लापता



**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** कुशेश्वरस्थान मंदिर में पूजा करने आई महिला शौच के बहाने फरार हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरौल प्रखंड के निसिहारा बेलवाड़ा के निकट गोरियारी गांव के सुमन कुमार अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ कुशेश्वर स्थान शिव मंदिर पूजा करने आये। पूजा- अर्चना करने के बाद शौच करने के बहाने पत्नी फरार हो गई। सुमन कुमार ने बताया कि करीब 10 -12 दिन से कुशेश्वरस्थान जाने के लिए मुझे परेशान करती थी। सुबह हम दोनों पूजा करने कुशेश्वरस्थान आए पूजा अर्चना करने के बाद वह करीब बारह बजे बाथरूम शौच के बहाने चली गई। कई घंटों मैं इंतजार किया लेकिन वह नहीं आई इसके बाद मैं खोजने का अथक प्रयास किया।

# मोदी के कार्यकाल में विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल हुई : संजय कुमार सिंह

## भाजपा जिला कमिटी की बैठक संपन्न, संगठन सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**दरभंगा (एनएसबी)।** गुरुवार को भाजपा सांगठनिक जिला दरभंगा पूर्वी की जिला कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक तारडीह प्रखंड के कठरा स्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधा देवी के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकताओं के विस्तार, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, शत्रुघ्न सहनी सहित जिला कमिटी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय करने के संबंध में अपने विचार रखे एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। वहीं भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत संरचना के विकास को अभूतपूर्व गति मिली है।



बैठक में विनय कुमार पासवान, पप्पू सिंह एवं अन्य।

देशभर में एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे आधुनिकीकरण, वंदे भारत ट्रेनों का संचालन, नए एयरपोर्ट, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि, हर घर बिजली, जनधन योजना, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना तथा गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

मौके पर भाजपा जिला मंत्री प्रदीप प्रधान,शीला पासवान,रिंकू देवी,इंद्रेश झा,राहुल कर्ण,शंकर भगवान पूर्वे,ममता देवी,रामदत्त पासवान,जनसंघ कालीन कार्यकर्त्ता रामविलाश भारती,पंचायत अध्यक्ष कन्हैया झाआदि दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ अरविन्द कुमार मिलन लिखित पुस्तक 'पाठ्यचर्या में भाषा : एक परिचय' का कुलपति ने किया विमोचन

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत संचालित शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार मिलन लिखित दो पुस्तकों- हिन्दी में लिखित 'पाठ्यचर्या में भाषा : एक परिचय' तथा अंग्रेजी में लिखित 'एन इंट्रोडक्शन टू लैंग्वेज अक्रॉस द करिकुलम का विमोचन अपने आवासीय कार्यालय में किया। इस अवसर पर प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो विजय कुमार यादव, डॉ आर एन चौरसिया, डॉ शंभू प्रसाद, डॉ मिर्जा रूहुल्लाह बेग, डॉ उदय कुमार, डॉ एस रहमान, डॉ आनंद मोहन, डॉ जयशंकर सिंह, डॉ सैयद मो जमाल अशरफ, कृष्ण मुरारी, आस्थानंद यादव तथा संजय कुमार आदि उपस्थित थे। कुलपति ने डॉ मिलन को बधाई देते हुए कहा कि भाषा पाठ्यचर्या की आत्मा है, जिस पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। यह हमारे बीच विचारों को व्यक्त करने का एक माध्यम है, जिसका विकास पीढ़ी दर पीढ़ी हुआ है।

तत्पश्चात बी एड (नियमित) विभाग में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में बतौर अध्यक्षीय संबोधन में डीएसडब्ल्यू प्रो अशोक कुमार मेहता ने कहा कि आज की तिथि मैथिली एवं हिन्दी भाषा के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज ही जनकवि बाबा नागार्जुन की जयंती भी है। उन्होंने इन पुस्तकों को शिक्षाशास्त्र के अलावे स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए भी उपयोगी बताते हुए विद्वानों से आग्रह किया कि हम सब इसे पढ़ें और इसे और अधिक उपयोगी बनाने हेतु लेखक का ध्यान खींचे, ताकि उपयोगी बातों को अगले संस्करण में जोड़कर और अधिक उपयोगी बनाया जा सके। मंच संचालन डॉ मिर्जा रूहुल्लाह बेग ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ उदय कुमार ने किया।



विमोचन करते कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी।

# शैक्षणिक डिग्री ही पर्याप्त नहीं, व्यवहारिक कौशल, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास भी जरुरी : कुमारी राजनंदिनी

## सर्जना निखार शिविर का भव्य शुभारंभ, व्यक्तित्व एवं कौशल विकास से आत्मनिर्भरता का होगा निर्माण

**दरभंगा(एनएसबी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा इकाई द्वारा आयोजित "सर्जना निखार शिविर" का उद्घाटन समारोह गुरुवार को सी.एम. साइंस कॉलेज स्थित कामेश्वर भवन में हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि नाबार्ड की डीडीएम कुमारी राजनंदिनी ने कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं में व्यवहारिक कौशल, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास भी आवश्यक है। सी.एम. साइंस कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. संजीव मिश्रा ने कहा कि पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं। अभाविप के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. स्मिता झा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्रहित के आंदोलनों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर रचनात्मक गतिविधियों का संचालन करती है। अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूजा कश्यप ने कहा कि यह शिविर वर्षों से हजारों छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और कौशल विकास का माध्यम बनता आया है।

जिला प्रमुख डॉ. आकाश अवस्थी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। न्यूज टुडे के संपादक संतोष दत्त झा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समझ युवाओं की सबसे बड़ी पूंजी है। संचालन अभाविप कार्यकर्ता शालिनी कुमारी ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्राओं एवं अभाविप कार्यकताओं में विभाग संयोजक वागीश झा, जिला संयोजक नवनीत रंजन, प्रांत विधि कार्य संयोजक राहुल सिंह, प्रांत विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक हरिओम झा, प्रांत खेलो भारत सह संयोजक सत्यम झा, प्रांत छात्रा सह प्रमुख ज्योत्सना आदि की उपस्थिति रही।



उद्घाटन में कुमारी राजनंदिनी प्रो संजीव मिश्रा एवं अन्य।

# मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में व्याप्त समस्याओं के समाधान को विधायक ने कुलपति को लिखा पत्र

**दरभंगा(एनएसबी)।** विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति को एक महत्वपूर्ण पत्र सौंपकर विश्वविद्यालय परिसर में व्याप्त विभिन्न जनसुविधा संबंधी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है।विधायक श्री मंडल ने अपने ज्ञापन में कहा है कि विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक-कर्मचारी, पर्यटक तथा मॉर्निंग वॉकर आते हैं। बावजूद इसके परिसर में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।विधायक श्री मंडल ने नरगोना परिसर में तीन से चार शौचालयों का निर्माण,आमजन एवं आगंतुकों के लिए विभिन्न स्थानों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था,कुलपति आवास के समीप स्थित विभागीय भवन के पीछे के दोनों पार्कों को आम लोगों के लिए खोलने, मॉर्निंग वॉकरों की सुविधा हेतु प्रतिदिन प्रातः 5 बजे विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार खोलने, नगर निगम क्षेत्र के लोगों के आवागमन एवं मॉर्निंग वॉक की सुविधा के लिए कंकाली मंदिर गेट, चौरंगी गेट एवं सिपाही लेन गेट को सुबह 5 बजे खोलने, डॉ. नागेन्द्र झा स्टेडियम एवं इंस्टीट्यूट के सामने स्थित इन्द्रभवन मैदान का स्थानीय स्तर पर अतिशीघ्र सुदृढ़ कराने की मांग की हैं। विधायक श्री मंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि हजारों लोगों के दैनिक जीवन एवं सामाजिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कुलपति से जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी मांगों पर सकारात्मक विचार कर शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

### जिला मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**दरभंगा(एनएसबी)।** मदरसा हमीदिया कैंपस में बुधवार की शाम सम्मान एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

दरभंगा जिला मोहर्रम कमेटी के इतिहास में एक नए एवं सुनहरे अध्याय की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में नव-निर्वाचित अध्यक्ष शादाब अनवर एवं कोषाध्यक्ष इस्माइल अख्तर ने दरभंगा जिला मोहर्रम कमेटी के बायलॉज, नियमावली एवं संविधान के प्रति निष्ठा एवं प्रतिबद्धता की शपथ ग्रहण की। नव-निर्वाचित सचिव जनाब कलीमुद्दीन कुरैशी उर्फ रुस्तम किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, अतः उनका शपथ ग्रहण आगामी तिथि में संपन्न कराया जाएगा। शपथ ग्रहण कराने का महत्वपूर्ण दायित्व दरभंगा जिला मोहर्रम शूरा कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुमताज आलम एडवोकेट ने निभाया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अली अशरफ फातमी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सुरहाचट्टी चौक पर खुला एयरटेल का नया स्टोर

**हायाघाट (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सुरहाचट्टी चौक पर बुधवार को एयरटेल के नए स्टोर का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन एयरटेल के डायरेक्टर मार्केट ऑपरेशन अमित त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बिहार-झारखंड सर्कल के सीईओ रोहन फड़के ने केक काटकर स्टोर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित त्रिपाठी ने कहा कि इस स्टोर के माध्यम से ग्राहकों को एयरटेल की सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यहां वाई-फाई, प्रीपेड, पोस्टपेड, सिम संबंधी सेवाओं के साथ-साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक की सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर स्टोर संचालक सुमन कुमार चौधरी एवं भुवनेश्वर चौधरी ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सेल्स हेड तुशीन देव, सीटीओ निकुंज सक्सेना, मार्केटिंग हेड अभिनव पांडे, पेमेंट्स बैंक हेड मनीष मुदगल, जेडबीएम निशांत कुमार, जेडएसएम सतीश कुमार, पेमेंट्स बैंक के जेडएम अमरकांत चौधरी, टीएसएम सामवेद ठाकुर, नितिन, शौर्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# अतिक्रमण संबंधी सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त एवं निष्पादित किए जाएं : डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल

## मंत्री ने कहा कोई भी अंचलाधिकारी ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से कार्य नहीं करेंगे ● राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की हुई विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार की समीक्षा के क्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दरभंगा जिले में संचालित विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार, अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) सहित जिले के सभी अंचल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री रामचंद्र प्रसाद, विधायक मुरारी मोहन झा, विधायक राजेश कुमार मंडल तथा विधायकमैथिली ठाकुर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक के दौरान ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों, सहयोग शिविरों में प्राप्त मामलों, फार्मर रजिस्ट्री, अतिक्रमण वाद सहित विभिन्न राजस्व सेवाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। मंत्री डॉ.जायसवाल ने समीक्षा के दौरान ऑनलाइन आवेदनों में रिवर्ट (वापसी) की संख्या कम करने पर विशेष बल देते हुए जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित अधिकारी मुख्यालय स्तर पर आईटी प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर उसका त्वरित समाधान कराएं।



मंत्री ने अतिक्रमण वादों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमण संबंधी सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त एवं निष्पादित किए जाएं। राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कोई भी अंचलाधिकारी ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से कार्य नहीं करेंगे।समीक्षा के क्रम में ऑनलाइन म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों, लंबित ह्यनॉट फिटह्व मामलों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने अपर समाहर्ता (राजस्व) को ऐसे मामलों की गहन समीक्षा एवं जांच करने का निर्देश दिया, ताकि वास्तविक कारणों का पता लगाकर उनका शीघ्र समाधान किया जा सके।समीक्षा बैठक के उपरांत जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार ने जिले के सभी अंचल अधिकारियों एवं डीसीएलआर को निर्देशित किया कि अतिक्रमण वाद से संबंधित सभी आवेदनों को तत्काल पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।उन्होंने ई-मापी कार्यों में तेजी लाने के लिए अमीनों के युक्तिसंगत पुनर्विन्यास की कार्रवाई करने का निर्देश अपर समाहर्ता (राजस्व) को दिया। सी ओ को ह्यनॉट फिटह्व मामलों का क्षेत्रीय सत्यापन एवं सर्वेक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच करें। जिलाधिकारी ने रिवर्ट किए गए आवेदनों के संबंध में भी निर्देश दिया कि संबंधित कर्मचारी सीधे रैयतों से संपर्क स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करें तथा आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### सप्तम राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों ने की पूसा प्रखंड के कार्यों की समीक्षा की



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** सप्तम राज्य वित्त आयोग की कार्य योजना को और अधिक प्रभावी एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रखंड पूसा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सप्तम राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण ने पंचायत समिति, पूसा के विभिन्न विकासात्मक एवं प्रशासनिक कार्यों का गहन अध्ययन किया। बैठक में प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं, पंचायतों के वित्तीय प्रबंधन, विकास कार्यों की प्रगति तथा स्थानीय निकायों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड परिवार की ओर से आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को विभिन्न विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए गए, ताकि पंचायत राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जा सके। आयोग के प्रतिनिधियों ने पंचायत समिति के कार्यों की सराहना करते हुए विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं वित्तीय संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल दिया। साथ ही स्थानीय स्तर पर जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर प्रखंड एवं पंचायत समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान पंचायतों के समग्र विकास एवं सुशासन को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### हेतिमपुर में कृषि जनकल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान आयोजित



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की बंगराहा पंचायत अंतर्गत हेतिमपुर गांव में गुरुवार को कृषि विभाग द्वारा कृषि जनकल्याण चौपाल सह खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक खेती, फसल सुरक्षा एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने किसानों को खेती में नई तकनीकों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग, जल संरक्षण एवं फसलों को कीट एवं रोगों से बचाने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मधुकर श्लोक ने कहा कि किसान के लिए किसान आईडी बनाना अतिआवश्यक हैं अन्यथा किसान उर्वरक पीएम किसान सम्मान निधि, केसीसी लोन आदि योजनाओं से वंचित कर दिए जाएंगे। साथी ही कहा कि खेतों की उर्वरता बनाए रखने तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक पद्धति से खेती करना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से समय-समय पर मिट्टी की जांच कराने एवं कृषि विशेषज्ञों के सुझावों का पालन करने की अपील की। चौपाल के दौरान किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में बीएचओ विशाल कुमार, बीडीएम प्रीति कुमारी, एटीएम राकेश कुमार कृषि समन्वयक मुकेश कुमार चौधरी, प्रभात कुमार किसान सलाहकार अमोद कुमार एवं किसान रामकरण महतो, रणधीर कुमार, गंगाविष्णु राय, लालबाबू कुमार आदि मौजूद थे।

### राजकिशोर बने बिथान थाना के नए थानाध्यक्ष



**बिथान (एनएसबी)।** बिथान थाना को नए थानाध्यक्ष के रूप में राजकिशोर राय की नियुक्ति की गई है। गुरुवार को उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वे समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना में कार्यरत थे। उनके योगदान के साथ ही क्षेत्र के लोगों में बेहतर कानून-व्यवस्था, जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण को लेकर नई उम्मीद जगी है। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री राय ने कहा कि, उनकी पहली प्राथमिकता आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, बिथान थाना क्षेत्र को भयमुक्त, अपराधमुक्त और शराबमुक्त बनाना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा पुलिस अधीक्षक के निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा तथा थाना क्षेत्र में लगातार गश्ती कर कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत थाना में दर्ज कराएं और पुलिस का सहयोग करें। बिथान पुलिस हर परिस्थिति में लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेगी। वर्ष 2018 बैच के दरोगा राजकिशोर राय के बिथान थाना के नए थानाध्यक्ष बनने पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष, संवेदनशील और जनहितकारी कार्यशैली की अपेक्षा जताई है।

### जीरो ऑफिस डे के तहत योजनाओं का निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार जीरो ऑफिस डे कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम पदाधिकारी ने वारिसनगर प्रखंड की डरसुर एवं सतमलपुर पंचायत में संचालित मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निजी प्लांटेशन, सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान : समीक्षा बैठक आयोजित

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अजमल परवेज की अध्यक्षता में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों और स्वच्छता कर्मियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने, नियमित कचरा उठाव एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों के सुचारू संचालन के निर्देश दिए गए।

### किसान चौपाल सह खेत बचाओ कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड के रामपुर विशुन पंचायत भवन में खरीफ किसान चौपाल सह खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को विभागीय योजनाओं, बीज जांच, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

### मुखिया, पंचायत सचिव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों के साथ बैठक

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड कार्यालय में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत मुखिया, पंचायत सचिव एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी वार्डों में नियमित कचरा उठाव, नए स्वच्छता कर्मियों के चयन तथा खराब पड़े ई-रिक्शा एवं पैडल रिक्शा की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।

### मनरेगा पदाधिकारियों को कार्य क्षेत्र भ्रमण का निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। कल्याणपुर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार जीरो ऑफिस डे के तहत मनरेगा एवं जल-जीवन-हरियाली योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अविनाश एवं युवा पेशेवर स्वाति सागर ने निमार्णाधीन एवं पूर्ण संरचनाओं का जायजा लिया तथा मजदूरों के ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### मारपीट के अलग-अलग मामलों में सात जख्मी

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

# मिथिला कला को समर्पित रहा सिटी सेंट्रल स्कूल का समर कैंप

**बच्चों के मधुबनी/मिथिला पेंटिंग प्रदर्शनी ने मोहा मन**




प्रदर्शनी में शामिल निदेशक, बच्चे व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के सिटी सेंट्रल स्कूल में ग्रीष्मावकाश के दौरान विद्यार्थियों की सृजनशीलता और कलात्मक प्रतिभा को निखारने एवं भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर मिथिला कला के प्रति संवेदनशीलता को विकसित करने के उद्देश्य से दिनांक 26 मई 2026 से आयोजित मधुबनी/मिथिला पेंटिंग आधारित समर कैंप का प्रभावशाली परिणाम आज विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य प्रदर्शनी के में देखने को मिला।

जहाँ सामान्यतः ग्रीष्मावकाश के दौरान अनेक विद्यार्थी अपना समय इधर-उधर व्यतीत करते हैं, वहीं सिटी सेंट्रल स्कूल समस्तीपुर के विद्यार्थियों ने इस समर कैंप में सक्रिय सहभागिता निभाकर अपने अवकाश का सदुपयोग किया। प्रशिक्षित कला शिक्षिकाओं मिस रेशम गुप्ता एवं मिस अनु गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अल्प अवधि में ही मधुबनी एवं मिथिला चित्रकला की विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय दक्षता प्राप्त की। विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रगति एवं कलात्मक अभिव्यक्ति सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

गुरुवार को आयोजित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सुंदर, आकर्षक एवं रंग-बिरंगी कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत चित्रों ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का मन मोह लिया। प्रत्येक कलाकृति में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, परिश्रम एवं भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनकी संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से झलक रही थी।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार पाण्डेय, प्राचार्य श्याम कुमार चौरसिया, अकादमिक इंचार्ज सह सी.सी.ए. इंचार्ज के. शशांक, प्रिया भारती, रणवीर कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों में सुमन सौरभ, ऐशवी, सुप्रिया, संगम, रक्षा, अनन्या, आव्या, सिद्धि, संस्कृति, विनीत, अनुराग अंश, समृद्धि, आयंतिक, प्रेरणा, रक्षिका, अर्णव, मयंक सहित अनेक छात्र-छात्राएँ शामिल रहे। विद्यालय के निदेशक श्री पाण्डेय ने समर कैंप की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय प्रशिक्षक शिक्षिकाओं मिस रेशम गुप्ता एवं मिस अनु गुप्ता को दिया और कहा कि ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि, शुक्रवार को समापन समारोह में प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में शील्ड एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही समर कैंप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। अंत में विद्यालय के निदेशक श्री पाण्डेय ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों के आयोजन का विश्वास व्यक्त किया।

## दजीर्या फुहिया पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



मृतक का फाइल चित्र।

**बिथान (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के दजीर्या फुहिया पुल के समीप बुधवार की देर शाम एक हादसे में मोटरसाइकिल सवार 22 वर्षीय युवक की तत्काल मौत हो गई। मृतक की पहचान जगमोहरा पंचायत के बेजोड़ सराकात गांव निवासी खलल्ट मुखिया के 22 वर्षीय पुत्र विवेक मुखिया के रूप में की गई है। इस सम्बन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक मुखिया किसी निजी कार्य से फुहिया गए हुए थे। कार्य समाप्त कर वह मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दजीर्या फुहिया पुल के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी बिथान थाना पुलिस को दी। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया। इधर, युवक की असामयिक मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी थानाध्यक्ष शेखर सुमन ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा अज्ञात वाहन की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी, ₹42.86 लाख की राजस्व क्षति का मामला मामला दर्ज



कार्रवाई में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसटीएफ मुख्यालय के डिजिटल सर्विलांस एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर औद्योगिक उपभोक्ता संजीत कुमार के परिसर में छापेमारी की गई। इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यालय स्तर पर लगातार निगरानी के दौरान यह संदेह उत्पन्न हुआ कि पूसा क्षेत्र स्थित एक आइस (बर्फ) निर्माण फैक्ट्री में वास्तविक विद्युत खपत एवं मीटर रिकॉर्ड में असामान्य असमानता है। इस इनपुट के आधार पर विद्युत पदाधिकारियों एवं एसटीएफ टीम के संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें विद्युत कार्यपालक अभियंता, एसटीएफ मुख्यालय संजय कुमार सिंह, विद्युत कार्यपालक अभियंता एसटीएफ मदन कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, आपूर्ति आनंद कुमार, कनीय विद्युत अभियंता, एसटीएफ मुख्यालय सुदर्शन राज, सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, पूसा मितु रंजन, कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पूसा फार्म मो. रेयाज अहमद, तथा मानव बल मदन कुमार ठाकुर शामिल थे। गुरुवार को प्रातः करीब 5:00 बजे टीम द्वारा चिन्हित औद्योगिक परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय फैक्ट्री संचालित अवस्था में पाई गई, जबकि मीटर के आउटपुट पर विद्युत धारा लगभग शून्य दर्ज हो रही थी। विस्तृत जांच में पाया गया कि मीटर के इनपुट तार को बाईपास कर औद्योगिक भार का उपयोग किया जा रहा था। जांच के दौरान परिसर का अनुमानित विद्युत भार लगभग 80 के.वी.ए पाया गया। इस अनियमितता के कारण एनबीपीडीसीएल को ₹42,85,775 (बयालीस लाख पचासी हजार सात सौ पचहत्तर रुपये) की राजस्व क्षति हुई है। उक्त मामले में संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन



केक काट कर जश्न मनाते राजद नेता व कार्यकर्ता।

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन गुरुवार को कपूरी आश्रम स्थित जिला राजद कार्यालय में "सद्भावना दिवस" के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की तथा लड्डू वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आम के चार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती ने की। संचालन प्रधान महासचिव विपिन सहनी ने किया, जबकि विषय प्रवेश जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने रखा। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा के पूर्व मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, पूर्व मंत्री वैद्यनाथ सहनी तथा रोमा भारती ने कहा कि, लालू प्रसाद यादव का जीवन गरीबों, शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। उन्होंने बिहार की सामाजिक विसंगतियों को समाप्त करने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का कार्य किया तथा हमेशा गरीबों के हक की आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी लालू प्रसाद यादव ने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जेल तक गए, मगर सामाजिक न्याय, कौमी एकता तथा समाज के कमजोर तबकों के हितों के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। उनका संपूर्ण जीवन समाज कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजेन्द्र सहनी, जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिंह, दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविंद पासवान, ललन यादव, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा की तैयारियां पूरी

**14 एवं 17 को 15 केंद्रों पर होगी परीक्षा**




समीक्षा बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती), पटना द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 03/2025 के अंतर्गत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय तथा परिवहन विभाग में क्रमशः मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जून 2026 एवं 17 जून 2026 को किया जाएगा। इस परीक्षा के सफल संपादन को लेकर तमाम प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु श्री सूर्य प्रताप सिंह को समन्वय कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। जो परीक्षा संयोजक को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इसी क्रम में आज समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही विभाग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता ऋषभ राज, जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित सभी संबंधित पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

## 8 महीने बाद भी चुनाव कार्य का भुगतान नहींः आक्रोशित मोटर व्यवसायी ने किया प्रदर्शन, चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका




पुतला फूंकते मोटर व्यवसाई।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** विधानसभा आम चुनाव 2025 में कार्यरत वाहनों का 8 महीने बाद भी मुआवजा भुगतान नहीं होने पर जिला मोटर व्यवसायी संघ, समस्तीपुर के बैनर तले आज सैकड़ो वाहन व्यवसायी समाहरणालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया एवं मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका। इस क्रम में स्थानीय कपूरी बस पड़ाव में गुरुवार को मोटर व्यवसायियों ने जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला गया। हाथों में तख्तियां थामे गगनचुंबी नारे लगाते हुए मोटर व्यवसायियों का जत्था पटेल गोलंबर होते हुए समाहरणालय गेट पर पहुंच कर मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका तत्पश्चात सभा में तब्दील हो गया। बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि, चुनाव कार्य हेतु जिला प्रशासन को जब भी जितने गाड़ियों की जरूरत हुई, हर बार संघ ने उतनी गाड़ियों की व्यवस्था कर सुगमता पूर्वक जिले में चुनाव संपन्न कराया। चुनाव कार्य के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी को चुनाव आयोग की तरफ से मिलने वाले पुरस्कार में यहां के मोटर व्यवसायियों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन चुनाव कार्य के 8 महीना बीत जाने के बाद भी वाहन व्यवसायियों का 5 करोड़ रूपया लंबित रखना जिला प्रशासन के लिए बड़े ही शर्म की बात है। अपने संबोधन में, संघ के महासचिव संजीव कुमार सुमन ने बताया कि पिछले 25 मई को जिला पदाधिकारी से सैकड़ो मोटर व्यवसायियों ने मिलकर बकाया भुगतान की मांग की थी। इस क्रम में संघ ने 10 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होने पर जिस चरणबद्ध आंदोलन की बात भी कही थी। उसी कड़ी में आज प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अगर इसके बाद भी जिला प्रशासन हम वाहन मालिकों का भुगतान नहीं करता है तो, आंदोलन के अगले चरण में हम मोटर व्यवसायी अपनी गाड़ियों से पूरे शहर का चक्का जाम कर देंगे। जिसकी सारी जवाबदेही चुनाव आयोग और जिला निर्वाचन पदाधिकारी की होगी।

## युवक लापता, पिता ने चार युवकों पर लगाया अपहरण का आरोप



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के बंगराहा पंचायत निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने को लेकर विद्यापतिनगर थाने में आवेदन देकर अपहरण की आशंका जताई है। पीड़ित रामप्रीत कुमार राय ने पुलिस को दिए आवेदन में गांव के चार युवकों पर पुत्र को बहला-फुसलाकर ले जाने तथा उसके गायब होने में संलिप्तता का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार 10 जून की शाम उनका पुत्र ईशांत कुमार अपने एक मित्र के बुलावे पर घर से निकला था। आरोप है कि पहले उसे मोबाइल फोन पर बुलाया गया, जिसके बाद वह कुछ युवकों के साथ चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान विभिन्न लोगों से पूछताछ और मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जिन युवकों के साथ उसका पुत्र अंतिम बार देखा गया था, उनके बयान भी अलग-अलग हैं, जिससे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है। आवेदन में चार युवकों के नामों का उल्लेख करते हुए उनके विरुद्ध जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### चार दीवारी के अभाव में कस्तूरबा गांधी छात्रावास ठप. करोड़ों की लागत से बना भवन असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय परसौनी मुरलियाचक में छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है. विद्यालय परिसर में चारदिवारी के अभाव में करोड़ो रुपए की लागत से निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कई वर्षो बाद भी शुरू नहीं हो सकी है. जिसे सरकारी धन से बना भवन धीरे-धीरे जर्जर हो गया है. चारदीवारी के अभाव में विद्यालय परिसर में आवारा पशुओं का भी जमावड़ा लगा रहता है. गाय, भैंस, सांड, जंगली सूअर, नीलगाय और आवारा कुत्तों की लगातार आवाजाही से विद्यालय का शैक्षिक माहौल बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. इस मामले को लेकर कई बार पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया. लेकिन इनकी कोई समाधान नहीं हुई. इस मुद्दे को लेकर जिला पदाधिकारी को भी अवगत कराया गया था. जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से 19 कमरों वाले छात्रावास का निर्माण किया गया था. इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करना था।

### गोली मारकर महिला की हत्या, क्षेत्र में दहशत का माहौल

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के फुलकाही गांव में बुधवार देर रात एक महिला की हत्या गोली मारकर कर दी मृतका की पहचान रामकुमार साह की 35 वर्षीय पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है।घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का मुआयना किया एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया।बता दे कि मृतका रामकुमार साह की दूसरी पत्नी है।उन्हें दो पुत्र है जबकि पहली पत्नी उनकी बड़ी बहन सरिता देवी है।उससे दो पुत्री एवं एक पुत्र है।जानकारी हो कि मृतका अपने दोनो पुत्र एवं बहन की पुत्री के साथ घर से दो मीटर की दूरी पर स्थित चप्पल जूता की दुकान में सोई थी,जहां कमरा खुलवाकर गोली मार दिया,जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई।मृतका के दोनो पुत्र नरहिया के एक निजी स्कूल के हॉस्टल में रहता था लेकिन गर्मी छुट्टी के कारण घर पर था।नाबालिग पुत्र ने बताया कि नींद खुली तो देखा मा के सर से खून बह रहा है ।मृतका के पति सुपौल जिले के कुनौली में आइसक्रीम फैक्ट्री चलाता है। उन्होंने बताया कि बगलगीर की भाभी ने घटना की सूचना दी थी। मेरे आने से पहले पुलिस पहुँच चुकि थी।पुलिस ने पति एवं मृतका के भाई नरहिया निवासी गणेश कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।मृतका के पति ने बताया कि पहली पत्नी सरिता देवी ने हिस्सा बंटवारा को लेकर मधुबनी में केस की है।संगीता सम्पत्ति का बंटवारा आधा आधा करने की मांग पर अड़ी थी लेकिन मुझे तीन पुत्र है तो तीन भागों में करने की बात कहते थे,जिस बात को लेकर वे न्यायालय गई है।मृतका के भाई रामकुमार के आइसक्रीम फैक्ट्री पर काम करता था लेकिन कुछ कहा सुनी होने के बाद एक माह पूर्व उसे हटा दिए थे। थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि घटना पारिवारिक कलह से ही जुड़ी हुई है जिसका सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### मधुबनी नगर के 45, वार्डो का चौमुखी विकास करना मेरा प्रथम प्राथमिकता है:: मेयर अरुण राय

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी नगर निगम ने गुरुवार को तीन वर्ष अपना कार्यकाल पूरा किया! मेयर अरुण राय, डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान, सहित सभी वार्डो के सदस्यों ने एकजुट होकर केक काटकर उत्साह पूर्ण वातावरण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया! मेयर अरुण राय जनभागीदारी से विकास की नई पहचान मधुबनी नगर को दी है! आज मधुबनी स्वच्छ सुंदर और आकर्षक का



केंद्र हर चौक चौराहा दिख रहा है! मेयर अरुण राय ने मधुबनी नगर निगम का 3 वर्ष पूरा होने पर विकास कार्यो का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है! जिसमें 145 करोड़ रुपए के विकास कार्यो का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है! कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की गई है जो विकास के धाराओं को धरातल पर कार्य होने से दिखाई भी दे रहा है! मधुबनी नगर का सौंदर्य करण हो, गली नाली की सफाई हो, जल निकासी की व्यवस्था हो, आम लोगों को शुद्ध पानी की व्यवस्था, शहीद कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं!मधुबनी नगर निगम के गठन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर यह अवसर शहर के लोकतांत्रिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का स्मरण कराता है। पहली बार मधुबनी की जनता को वार्ड पार्षदों के साथ-साथ सीधे मेयर और डिप्टी मेयर चुनने का अधिकार प्राप्त हुआ। राज्य सरकार के इस निर्णय ने स्थानीय लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया तथा ढाई वर्ष बाद होने वाले अविश्वास प्रस्तावों की राजनीति पर भी विराम लगाया।मधुबनी की जनता ने अपने प्रथम मेयर के रूप में अरुण राय तथा प्रथम डिप्टी मेयर के रूप में अमानुल्लाह खान को चुना। जनादेश के सम्मान में दोनों जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया है। नगर निगम के तीन वर्ष पूरे होने पर यह कहा जा सकता है कि मेयर के नेतृत्व में शहर के विकास की प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ रही है। सड़क, सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में किए गए प्रयासों ने मधुबनी को एक नई दिशा देने का काम किया है। कार्यक्रम में अधिकांश वार्ड पार्षद प्रशासनिक पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि और पत्रकार गण उपस्थित थे!

### आपदा पीड़ितों को त्वरित एवं समयबद्ध राहत पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता :जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में संभावित बाढ़, अत्यधिक वर्षा से उत्पन्न जलजमाव, वर्षाजनित रोगों की रोकथाम तथा आपदा पूर्व तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान वर्षापात की स्थिति, बाढ़ से संबंधित योजनाओं की तैयारी, तटबंधों की निगरानी, सड़कों एवं चापाकलों की मरम्मति, संकटग्रस्त समूहों की पहचान, आपदा



सम्पूर्ति पोर्टल पर लाभुकों की सूची के अद्यतन तथा जल निकासी एवं नालों की सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि "आपदा पीड़ितों को त्वरित गति से ससमय राहत पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें।"उन्होंने सिविल सर्जन को वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगर निकायों को अत्यधिक वर्षा से उत्पन्न जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं संबंधित कार्यपालक अभियंताओं द्वारा तटबंधों के संयुक्त निरीक्षण की समीक्षा करते हुए प्रत्येक स्थल की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तटबंधों की नियमित निगरानी की जाए तथा कहीं भी संरचनात्मक कमजोरी अथवा क्षति दिखाई देने पर संबंधित अभियंताओं के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल मरम्मति कार्य कराया जाए।उन्होंने आपदा सम्पूर्ति पोर्टल पर सभी प्रकार के आंकड़ों का समयबद्ध अद्यतन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि एक भी पात्र लाभुक राहत से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**लदनियां (एनएसबी)।** राष्ट्रीय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में बुधवार को उत्कृष्ट मध्य विद्यालय महथा के सभागार में एक भव्य सम्मान कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले कुल 5 छात्र-छात्राओं में शामिल आशीष कुमार, खुश कुमार, ऋषि कुमार, सरोज कुमार और अन्नू कुमारी सभी मध्य विद्यालय महथा के छात्र तथा मध्य विद्यालय गोदामटोल के दो सफल छात्र उमापति कुमार चौधरी और बलराम मंडल को अंगवस्त्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी बीईओ अमितेश कुमार उपस्थित थे।

# गौरखपुर से भटकी बेतिया की महिला जयनगर में बरामद, परिजनों को सौंपा गया



बरामद महिला के साथ पुलिस

**जयनगर (एनएसबी)।** मानवता और सतर्कता का परिचय देते हुए जयनगर पुलिस ने गौरखपुर रेलवे स्टेशन से भटककर सीमा क्षेत्र तक पहुंची एक महिला को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। महिला की पहचान पश्चिम चंपारण (बेतिया) जिले के सिमरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानीपुर गांव निवासी जानकी देवी (40 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जानकी देवी अपने पति बिरजू मुंडा तथा भाई दशरथ मंडल के साथ आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से ट्रेन द्वारा अपने घर लौट रही थीं। यात्रा के दौरान ट्रेन जब गौरखपुर रेलवे स्टेशन पर रुकी, उसी दौरान किसी कारणवश वह अपने परिजनों से बिछड़ गईं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका, जिससे परिवार के लोग काफी परेशान हो गए। परिजनों ने बताया कि जानकी देवी मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ हैं, जिसके कारण उनके भटक जाने की आशंका बढ़ गई थी। इधर, कई दिनों तक इधर-उधर भटकते हुए महिला भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र स्थित जयनगर के अराहां बॉर्डर के समीप एक गांव में पहुंच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने महिला को संदिग्ध स्थिति में घूमते देखा। उसकी भाषा और स्थिति को देखते हुए लोगों को आशंका हुई कि वह संभवतः नेपाल की ओर से आई है।ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना जयनगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में महिला स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी, लेकिन पुलिस ने धैर्य और संवेदनशीलता के साथ उसकी पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया।

काफी प्रयास के बाद पुलिस को महिला के गृह क्षेत्र और परिजनों के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद संबंधित थाना एवं परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। पहचान की पुष्टि होने के बाद महिला के पति और अन्य परिजन जयनगर पहुंचे, जहां आवश्यक औपचारिकताओं के बाद महिला को उनके हवाले कर दिया गया।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि अराहां बॉर्डर के निकट भटक रही महिला की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसकी पहचान सुनिश्चित की और परिजनों से संपर्क कर सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया। महिला के सकुशल मिलने पर परिजनों ने जयनगर पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह घटना पुलिस और आम लोगों की सजगता तथा मानवीय संवेदनाओं का एक सराहनीय उदाहरण है।

# मद्य निषेध सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर बैठक



बैठक करते अधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** केंद्रीय चयन पर्षद,सिपाही भर्ती, द्वारा आयोजित होने वाली मद्य निषेध उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग,कारा,में कक्षपाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के निदेश पर पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार एवं अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन की अध्यक्षता में डीआरडीए सभाकक्ष में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक एवं अपर समाहर्ता के द्वारा सभी संबंधित केंद्राधीक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन को लेकर कई आवश्यक निदेश दिए।विदित हो कि मद्य निषेध सिपाही, कारा विभाग में क्षेत्रपाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के कुल 4,236 रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा 14 एवं 17 जून 26 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी।प्रथम पाली के अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 8:00 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:00 बजे निर्धारित किया गया है। प्रथम पाली के अभ्यर्थियों को सुबह 9:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली के अभ्यर्थियों को दोपहर 2:00 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य होगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।बैठक में पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन, अपर समाहर्ता, आपदा, संतोष कुमार, अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण, राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नेपाल से शराब तस्करी की कोशिश नाकाम, एसएसबी ने कारोबारी को दबोचा



शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने सीमा पार से नेपाल निर्मित शराब की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एसएसबी ने 8 लीटर नेपाली देशी शराब, 24 लीटर कैन बीयर तथा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। बरामद सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जयनगर थाना को सौंप दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 18वीं बटालियन एसएसबी मुख्यालय राजनगर के कमांडेंट कोजा राम लोमरोड़ के निर्देश पर अराहां कैंप के प्रभारी निरीक्षक लालटन पुईया के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र में लगातार निगरानी और गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सहायक उप निरीक्षक एच. यल सिंह के नेतृत्व में चार जवानों की टीम भारत-नेपाल सीमा पर गश्त कर रही थी।गश्ती के दौरान जवानों ने सीमा स्तंभ संख्या 266 के निकट नेपाल से भारतीय क्षेत्र की ओर संदिग्ध तरीके से आ रहे एक व्यक्ति को देखा। वह मोटरसाइकिल पर बड़ी मात्रा में शराब और बीयर लेकर भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। एसएसबी जवानों की गतिविधि देखकर तस्कर घबरा गया और मोटरसाइकिल तथा शराब से भरा सामान छोड़कर नेपाल की ओर भागने लगा।हालांकि जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नेपाल निर्मित 8 लीटर देशी शराब तथा 600 मिलीलीटर क्षमता वाली कुल 24 लीटर कैन बीयर बरामद हुई। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया।अराहां कंपनी के कमांडर निरीक्षक लालटन पुईया ने बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की तस्करी को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल खुली सीमा का लाभ उठाकर कुछ तस्कर शराब सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी का प्रयास करते हैं, लेकिन एसएसबी की सतर्कता के कारण ऐसे प्रयास लगातार विफल हो रहे हैं। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान नेपाल के सिरहा जिला अंतर्गत खिरौना निवासी फुलेश्वर यादव के 24 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। जयनगर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि एसएसबी द्वारा सौंपे गए आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही

# जयनगर में पर्यावरण मंत्री ने किया वृक्षारोपण, हरित बिहार निर्माण का दिया संदेश



वृक्षारोपण करते मंत्री

**जयनगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने गुरुवार को जयनगर दौरे के दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अपने दौरे की शुरूआत उन्होंने जयनगर के मुक्तिधाम के निरीक्षण की, जहां उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। और मुक्ति धाम के स्थान पर पार्क निर्माण का दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद वे सिंचाई भवन परिसर पहुंचे और पौधारोपण किया। वहीं आर्यकुमार पुस्तकालय परिसर में भी उन्होंने वृक्ष लगाकर हरित वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। इसके दुष्प्रभावों को कम करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का कार्य नहीं करते, बल्कि शुद्ध वायु, जल संरक्षण तथा जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।डॉ. प्रसाद ने लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर है और राज्यभर में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का आह्वान किया।मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। उन्होंने लोगों से अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया।कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। वन परिषद पदाधिकारी रेंज ऑफिसर मधुबनी संजय कुमार ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।इस अवसर पर डीएसपी सदानंद कुमार, थानाध्यक्ष अमित कुमार, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, उप वन परिषद पदाधिकारी फोरेस्टर जयनगर अनूप कुमार, वन रक्षी चन्दन कुमार, अरुण जैन, सुरेंद्र प्रसाद, पवन यादव, मुन्ना प्रसाद साह, बैद्यनाथ ठाकुर, राजकुमार सिंह, राजू मुरारका, मनीष जायसवाल, अरविंद तिवारी, प्रेम कुमार, पियूष कुमार, शिवम कुमार, रोमियो नायक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

## लालू प्रसाद यादव जी का 79 वां जन्मदिन केक कटकर कार्यकताओं ने मनाया



केक काटकर

**मधुबनी(एनएसबी)।** लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में रेल मंत्री रह चुके लालू प्रसाद यादव जी का 79 वां जन्मदिन राजद जिला कार्यालय कीर्तन भवन रोड में जिला अध्यक्ष राम अशीष यादव के अध्यक्षता एवं झंझारपुर सांगठनिक जिला अध्यक्ष वीर बहादुर राय के संचालन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।राजद के कार्यकताओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाया और संकल्प लिया कि लालू प्रसाद यादव के विचारों का बिहार बनाने का संकल्प लिया। सामाजिक न्याय, गरीबों, पिछड़ों, दलितों एवं वंचितों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देने वाले आपके संघर्षपूर्ण जीवन से हम सभी को निरंतर प्रेरणा मिलती है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सुखमय जीवन प्रदान करें, ताकि आपका मार्गदर्शन समाज और देश को आगे भी मिलता रहे।जन्मोत्सव दिवस समारोह मे विष्णु देव राम जी, नारायण महतो जी, रामबहादुर यादव , राजकुमार यादव जी, चुल्हाई कामत जी,भारत भूषण यादव जी, सुरेन्द्र चौधरी जी, सूर्य नारायण यादव जी, संजय यादव जी, सुमन यादव जी, सोनू यादव जी, रामचंद्र साहू जी, राजेश रंजन यादव जी, रामबरण राम जी, देवेंद्र यादव जी, पप्पू यादव जी, लक्ष्मण मंडल जी, गुलजार अहमद जी, पवन यादव जी चंन्द्रशेखर झा सुमन जी समेत कई लोग उपस्थित हुए!

### अतिक्रमण हटाने के नोटिस के बाद स्वयं हटाया कब्जा,

**खजौली (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के मदना गांव निवासी स्व. उत्तिम लाल सिंह के पुत्र मिथिलेश सिंह ने सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटाकर प्रशासन को इसकी जानकारी दी है। अंचल अधिकारी द्वारा अतिक्रमण खाली करने का नोटिस जारी किए जाने के बाद बुधवार को मिथिलेश सिंह ने अपने स्तर से अतिक्रमण हटाया। इसके उपरांत उन्होंने अंचल अधिकारी को एक आवेदन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की सूचना दी। प्रशासन ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की है।

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई आयोजित



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक क्रियान्वयन योजना सहित जल एवं स्वच्छता से संबंधित विभिन्न एजेंडों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की वार्षिक कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त को योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।गोबरधन योजना की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि रहिका प्रखंड के हुसैनपुर पंचायत में बायोगैस संयंत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त गोबरधन संयंत्र से जैविक खाद के साथ-साथ विद्युत उत्पादन भी किया जाएगा, जिससे निकटवर्ती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को बिजली आपूर्ति की जाएगी। यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।जिलाधिकारी ने अकार्यरत सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की पहचान हेतु सर्वेक्षण कराने तथा प्राप्त आंकड़ों की प्रविष्टि आईएमआईएस पोर्टल पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की मरम्मत, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाने, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों को आकर्षक एवं उपयोगी बनाने तथा इनके नियमित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित करने पर बल दिया।बैठक में जिले की सभी 386 पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में 192 ई-रिक्शा एवं 3327 पैडल रिक्शा क्रियाशील हैं, जिनके माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों के रख-रखाव के लिए प्राप्त आवंटन के आलोक में सभी प्रखंडों को पंचायतवार राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके।समीक्षा में यह भी पाया गया कि जिले की 386 पंचायतों में से 339 पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयाँ पूर्णतः क्रियाशील हैं, जबकि 15 पंचायतों में कार्य प्रगति पर है तथा शेष 32 पंचायतों में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले की सभी पंचायतों में शत-प्रतिशत अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों को शीघ्र क्रियाशील बनाया जाए।जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि "स्वच्छता और जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-आंदोलन का स्वरूप लेने चाहिए। इनके सफल क्रियान्वयन के लिए व्यापक जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।"बैठक में उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी परिमल कुमार, निदेशक डीआरडीए सहित जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सभी सदस्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

### बढ़ते अपराध को लेकर एसएसपी ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग, नगर में गहराई 'ट्रैफिक जाम' से मुक्ति के लिए बनाई विशेष रणनीति

# बेहतर काम करने वाले थानेदारों को शाबाशी तो लापरवाह थानेदारों को मिली फटकार

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले में हाल के दिनों में बढ़े अपराध के ग्राफ और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को हाई लेवल क्राइम मीटिंग बुलाई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी के साथ साथ सभी सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी, डीएसपी,(इंस्पेक्टर और सभी थानाध्यक्ष शामिल हुए।

एसएसपी ने हालिया आपराधिक वारदातों की गहन समीक्षा की और स्पष्ट किया कि जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीटिंग के दौरान एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने तमाम पुलिस अधिकारियों और थानेदारों को कड़े तेवर में कहा कि पुलिस मुस्तैदी बढ़ाए और किसी भी सूरत में अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाए। इसके

### यातायात पुलिस व संबंधित थाना पुलिस को आपसी समन्वय के साथ मिलकर काम करने का निर्देश

### नो पार्किंग जोन में खडे वाहनों के खिलाफ सख्ती से क्रेन ड्राइव चलाने का निर्देश

अलावा जिले में सक्रिय अवैध बालू, मिट्टी खनन करने वालों और शराब माफियाओं के खिलाफ भी लगातार छापेमारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वही संबंधित पदाधिकारियों को थानों में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और कोर्ट द्वारा जारी किए गए कुर्की-जब्ती के मामलों को


अपराध नियंत्रण व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर हाई लेबल मीटिंग करते मुजफ्फरपुर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा।

प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निपटाने का अल्टीमेटम दिया गया। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान थानों के कामकाज के मूल्यांकन के आधार पर एसएसपी ने कड़ा रुख अपनाया। जिन थानों ने हाल के दिनों में बेहतर केस डिटेक्शन, अपराधियों की गिरफ्तारी और विधि-व्यवस्था संधारण में उत्कृष्ट कार्य किया है, उनके थानेदारों को एसएसपी ने शाबाशी दी और प्रोत्साहित किया।

वहीं, जिन थानों में कार्य के प्रति लापरवाही, केस पेंडिंग रखने और शिथिलता पाई गई, उनके थानेदारों को कड़ी फटकार लगाई गई। कई लापरवाह थानेदारों के खिलाफ कर्तव्यहीनता को लेकर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ नगर क्षेत्र में आम जनता के लिए जी का जंजाल बन चुकी ट्रैफिक जाम की समस्या पर भी बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। एसएसपी ने शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्ततम बाजारों में लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय थानों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। अवैध रूप से होने वाले अतिक्रमण और नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ सख्ती से क्रेन ड्राइव चलाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की रणनीति तैयार की गई।

एसएसपी कार्यालय में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में मुजफ्फरपुर पुलिस की पूरी कोर टीम मौजूद रही। इनमें मुख्य रूप से सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी, ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर, टाउन डीएसपी सुरेश कुमार, एसडीपीओ टाउन-2 विनीता सिन्हा, डीएसपी वेस्ट-1 सुचित्रा कुमारी, एसडीपीओ वेस्ट-2 अनिमेश चंद्रा ज्ञानी, एसडीपीओ ईस्ट-1 अलय वत्स, और एसडीपीओ ईस्ट-2 मनोज कुमार सिंह सहित जिले के तमाम सर्किल इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी उपस्थित रहे। एसएसपी ने दावा किया कि इस बैठक के सकारात्मक परिणाम और पुलिस की सख्ती का असर आने वाले दिनों में धरातल पर साफ देखने को मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ रजनीश कुमार गुप्ता ने संभाला बीआरए विश्वविद्यालय के सीसीडीसी का पदभार

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय ने डॉ रजनीश कुमार गुप्ता को सीसीडीसी के पद पर नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो समीर कुमार शर्मा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए गुरुवार को डॉ गुप्ता को पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण करते हुए डॉ रजनीश कुमार गुप्ता ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि विश्वविद्यालय ने जो दायित्व उन्हें दिया है, उसे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करने का प्रयास किया जाएगा। डॉ गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के विकास, निगरानी और शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कॉलेजों की संबद्धता, अनुदान का प्रबंधन, शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी, प्रशासनिक और नीतियों का समन्वय और नीति निर्माण पर विशेष बल दिया जाएगा।


विवि में सीसीडीसी का पदभार ग्रहण करते डॉ रजनीश कुमार गुप्ता।

वही डॉ रजनीश कुमार गुप्ता को सीसीडीसी पद संभालने पर पूर्व प्रॉक्टर डॉ विनय शंकर राय, प्रॉक्टर डॉ आर के चौधरी, कुलसचिव डॉ समीर कुमार शर्मा, कॉलेज निरीक्षक कला डॉ राजीव कुमार, कॉलेज निरीक्षक विज्ञान डॉ अरविंद कुमार, छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार, उप कुल सचिव डॉ अमर बहादुर शुक्ला, विकास पदाधिकारी डॉ जिवतेश मणि त्रिपाठी, उप कुलसचिव प्रथम, डॉ आभा रानी सिंहा, डॉ विकास कुमार, डॉ तूलिका सिंह, डॉ रूपाश्री जमुआर, डॉ सुनीता, डॉ पयोली, डॉ ऋतु, डॉ किरण ठाकुर, डॉ राजीव कुमार, डॉ दिलीप, डॉ सतीश कुमार, डॉ ललित किशोर, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ कुमार बलवंत, डॉ मनोज कुमार, राजेश कुमार उर्फ गोलटू ,जितेंद्र कुमार समेत विवि के कर्मचारी संघ, छात्र संघ एवं अतिथि प्राध्यापक संघ ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### अगले 5 वर्षों में विकास के मानचित्र पर जिला में सबसे ऊपर दिखेगा कांटी : अजीत कुमार

**काँटी (एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र की प्रगति ही मेरी पहचान है। अगले 5 वर्षों में विकास के मानचित्र पर जिले में कांटी सबसे ऊपर दिखेगा। गरीबों को उनका वाजिब हक मिले, यह हमारी पहली प्राथमिकता में रही है। हम इस दिशा में लगातार काम भी कर रहे हैं। उक्त बातें गुरुवार को कांटी क्षेत्र के गोदाई फुलकाहा पंचायत के मनपुरा व शेरूकाही पंचायत के सोति भेड़ियाही में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने कही। दोनों स्थानों के नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन को स्थानीय जनता को समर्पित करते हुए विधायक ने कहा कि पंचायत के लोगों को अब स्थानीय स्तर पर पंचायत सरकार भवन में एक ही छत के नीचे सभी काम के निष्पादन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान व प्रतिष्ठा देना उनकी पहली प्राथमिकता रही है। इस अवसर पर मुखिया संगीता कुमारी, जनकदेव सहनी,



मनपूरा और सोती भेरियाहीं में पंचायत सरकार भवन का उदघाटन करते काँटी विधायक।

सरपंच संजय तिवारी, पूर्व मुखिया सुदर्शन मिश्रा, पूर्व सरपंच नीरज मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कौशल दुबे, बबलू ठाकुर, वार्ड सदस्य लखिन्द्र कुमार, पंच राहुल कुमार, सुबोध पासवान, सच्चिदानंद शर्मा, मुक्तेश्वर मिश्रा, ब्रजभूषण मिश्रा, सुरेश मिश्रा, लालबाबू मिश्रा, संजय ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, बलिराम शर्मा, विकास पांडे, गुड्डू सिंह, लालबाबू कुमार, प्रमोद मिश्रा, अजय तिवारी, अजीत कुमार, अमरेश ठाकुर, केशव तिवारी, राकेश कुमार, अखिलेश ठाकुर, रंजन मिश्रा, सोनू कुमार समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### करंट लगने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पारु थाना क्षेत्र के हरिहरपुर भीखी गांव में गुरुवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति घर में लगे स्टैंड फैन के तार की चपेट में आने से जख्मी हो गए। घायल बुजुर्ग को परिवार के लोग आनन फानन में इलाज के लिए पारु सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि 65 वर्षीय जयमंगल राय अपने घर में कुछ काम कर रहे थे। इसी दौरान वे कमरे में चल रहे स्टैंड फैन के खुले तार के चपेट में आ गए और करंट लगने से जख्मी होकर गिर गए। बताया गया है कि अस्पताल लेकिन जाने के दौरान ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

# गैस सिलेंडर विस्फोट से लगी आग, पांच घर सहित लाखों की संपत्ति जल कर राख

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** मड़वन प्रखंड के गोपालपुर रविदास टोला में गुरुवार की अहले सुबह एक घर में गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लग गई। इस हादसे में पांच परिवारों के घर पूरी तरह जलकर ध्वस्त हो गए तथा लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति आग की भेंट चढ़ गई। इस घटना को लेकर पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

बताया गया है कि खाना बनाने के दौरान एक घर में आग लग गई। इसी दौरान एक गैस सिलेंडर फट जाने से आग भयावह रूप लेते हुए आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से पानी औऱ बालू से धधकते आग की लपटो पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन भीषण आग के आगे ग्रामीणों की एक नहीं चली। अंततः ग्रामीणों ने घटना की सुचना फायर बिग्रेड को दी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले आग की लपटों ने 5 लोगो के घर सहित लाखों रुपए की संपति को राख के ढेर में बदल दिया था। संयोगवश इस घटना के दौरान जान माल की क्षति नहीं हुई। क्योंकि सिलेंडर विस्फोट के पहले ही लोग घर से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए थे।


घटनास्थल पर जले घर व लगी लोगो की भीड़।

### गोपालपुर रविदास टोला में अग्निपीड़ितों की सुधि लेने पहुँचे क्षेत्रीय विधायक ने हर संभव सहयोग के वादे के साथ राहत सामग्री व चेक वितरित किया


अग्निपीड़ितों को राहत अनुदान राशि का चेक देते विधायक।

इस आगलगी की घटना में जयकरण राम, रजिया देवी, शिवनाथ राम, माला देवी एवं नागेंद्र राम का घर सहित पूरी संपति जलकर राख हो गया।

वही आगलगी की सूचना मिलते हीं कांटी विधायक ई.अजीत कुमार मड़वन के सीओ एवं अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों के बीच सरकारी अनुदान के तहत 20-20 हजार रुपये का चेक एवं तिरपाल का वितरण किया। साथ ही अपनी ओर से खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर अग्निपीड़ित परिवार के लोगो को तत्काल राहत पहुंचाई। साथ ही विधायक ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहयोग और सुविधाए उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। राहत वितरण के दौरान विधायक के अलावे सीओ मुकेश कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, शंभू दास, भोला राम, विनोद सिंह, प्रेम कुमार राम, चंदन राम, उमाशंकर सिंह, श्रीकांत, धीरेंद्र झा, राजकुमार सिंह, अली अहमद, अमरजीत पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### नीमा बिहार राज्य परिषद् के प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

# आयुष चिकित्सकों की चिंताओं से अवगत कराया

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** नीमा बिहार राज्य परिषद् के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से शिष्टाचार भेंट कर आयुष चिकित्सकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नीमा बिहार राज्य परिषद् के सचिव डॉ आलोक कुमार ने किया।

स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से "बिहार लघु एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान (स्थापना एवं पंजीकरण) विनियमन, 2026" के संबंध में आयुष चिकित्सकों की व्यावहारिक कठिनाइयों एवं चिंताओं को विभागीय मंत्री के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि राज्य के अधिकांश आयुष चिकित्सक ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में विनियमन के अंतर्गत प्रस्तावित अनेक प्रावधान छोटे आयुष चिकित्सालयों एवं



स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मिलते नीमा बिहार राज्य परिषद का प्रतिनिधि मंडल।

औषधालयों के लिए अनुपालन करना अत्यंत कठिन होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने आयुष चिकित्सकों की विशिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उक्त विनियमन में आवश्यक संशोधन किए जाने तथा नीति निर्माण एवं जिला स्तरीय समितियों में निमा के प्रतिनिधियों को भी उचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की।

इसके अतिरिक्त राज्य में आयुष संस्थानों में मानव संसाधन की कमी, आयुष औषधालयों के लिए आधारभूत संरचना तथा आयुष चिकित्सकों की सेवा एवं व्यावसायिक समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया। वही स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि आयुष चिकित्सकों की समस्याओं एवं बिहार लघु एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान विनियमन, 2026 से संबंधित मुद्दों पर सरकार सकारात्मक रूप से विचार करेगी।

नीमा बिहार राज्य परिषद् ने स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि आयुष चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र सकारात्मक पहल की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में नीमा बिहार राज्य परिषद् की ओर से डॉ दिनेश्वर प्रसाद, डॉ. आलोक कुमार (सचिव, नीमा बिहार राज्य परिषद्), डॉ अनिल विश्वकर्मा, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ मजहर आलम, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ बिपिन बिहारी राज्य मीडिया प्रभारी एवं सुमित शशांक प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी आदि शामिल थे।

### 7 जून से संदिग्ध स्थितियों में गायब महिला के पीड़ित पति ने पत्नी की बरामदगी की लगाई गुहार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पारू थाना क्षेत्र के एक गांव से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। इस संबंध में गायब महिला के पति ने पारु थाना पुलिस को आवेदन देकर पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। घटना के संबंध में पीड़ित पति ने बताया है कि

उनकी पत्नी बीते 07 जून 2026 की रात्रि करीब 2:30 बजे घर से बिना किसी जानकारी के कहीं चली गई। जाते समय वह अपना मोबाइल फोन भी साथ ले गई। पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अंतिम बार एक मोबाइल नंबर पर बातचीत करते हुए देखी गई थी जो वर्तमान में बंद बताया जा रहा है। पति द्वारा परिजनों एवं रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन करने के बावजूद महिला का अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पीड़ित पति ने पत्नी के साथ किसी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर महिला की तलाश में जुट गई है।

# सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया लालू प्रसाद का जन्मदिन

**मुजफ्फरपुर(दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन बुधवार को जिले भर में "सामाजिक न्याय दिवस" के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। नगर के राजद जिला

### 79वें जन्मदिन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लिया उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प

कार्यालय में जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने इस मौके पर केक काटकर अपने नेता का जन्मदिन मनाया और उनके लंबे जीवन की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि लालू यादव केवल एक राजनीतिक नेता नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों की आवाज को सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने वाले युगपुरुष हैं। उन्होंने कहा कि जब लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री बने, तब


राजद जिला कार्यालय में केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाते नेता व कार्यकर्ता।

उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए। उनके कार्यकाल में सात विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई तथा पंचायत-पंचायत में प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र खोलकर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को गांवों तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

रमेश गुप्ता ने कहा कि लालू यादव ने उस दौर में बिहार को आर्थिक चुनौतियों से उबारने का प्रयास किया और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े एवं उपेक्षित वर्गों को सम्मान दिलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी कार्यालयों में जाने से गरीब और कमजोर वर्ग के लोग डरते थे, लेकिन लालू यादव ने व्यवस्था में ऐसा बदलाव किया कि आम लोगों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाने लगा। उन्होंने कहा कि आज लालू यादव का जन्मदिन केवल एक व्यक्ति का जन्मदिन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक अधिकारों के संघर्ष का उत्सव है। पूरे बिहार के गांव-गांव में राजद कार्यकर्ता सामाजिक न्याय दिवस के रूप में इस दिन को मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता संकल्प लेते हैं कि लालू यादव के सामाजिक न्याय और सामाजिक परिवर्तन के सपनों को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा इसे साकार करने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। समारोह के दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने लालू यादव के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उनके नेतृत्व में सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, पूर्व विधायक निरंजन राय, पूर्व प्रत्याशी बबलू कुशवाहा, पृथ्वीनाथ राय, रामबाबू यादव, जितेन्द्र किशोर, बीणा यादव, रेणु सहनी, शिवचंद्र राय, अभिमन्यु यादव, अमरेन्द्र कुमार, अहमद अंसारी, विकास सहनी, ललित यादव, फूलबाबू, हैदर निजामी, प्रिंस मंसूरी सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सात निश्चय के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा

## निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी रिची पांडेय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सात निश्चय-2 एवं सात निश्चय-3 के तहत संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं आम नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। अतः सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने, कौशल विकास कार्यक्रमों को गति देने, महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन तथा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आय वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जल संकट की संभावित स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभाग पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें तथा जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। इस संबंध में पीएचईडी


विमर्श सभा कक्ष में बैठक करते जिलाधिकारी व उपस्थित अन्य।

को विशेष निर्देश दिए गए। नल जल की लंबित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में नगर निगम एवं नगर निकायों को निर्देश दिया गया की ठोस एवं तरल कचड़ा प्रबंधन की दिशा में प्रभावी कार्य करना सुनिश्चित करें।

वहीं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत घर-घर से कचरा उठाव अभियान की समीक्षा की गई ।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उपयोगिता शुल्क में प्राप्त किए जाने वाले 30 प्रति माह की वसूली लगभग न के बराबर है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा खेद प्रकट करते हुए निर्देश दिया गया कि उपयोगिता शुल्क का कलेक्शन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के अंतर्गत स्वच्छ एवं हरित वातावरण, सतत विकास, डिजिटल सेवाओं का विस्तार, नागरिक सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता तथा आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी स्तर पर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखें। क्षेत्रीय भ्रमण कर योजनाओं का भौतिक सत्यापन करें तथा लाभुकों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार के साथ सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में चाकू से हमला महिला जख्मी

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के मोगलाहा टोला में भूमि विवाद में हुई चाकूबाजी में महिला जख्मी हो गई। जख्मी महिला को इलाज के लिए सिंहवाड़ा सीएचसी भेजा गया है। इस मामले में सिमरी मोगलाहा टोला निवासी लाल बिहारी यादव कि पत्नी जख्मी बिना देवी ने सिमरी थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने बताया है कि गांव के ही लुटकुन यादव, उसकी पत्नी ललिता देवी तथा पुत्र शुभाष यादव उनकी जमीन पर जबरन मिट्टी भरकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौज की। विवाद के दौरान चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पूरे परिवार की हत्या कर देने की बात कही है। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### आज पुनौराधाम पहुंचेंगे योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर शंकर भारती महास्वामी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वेदांत भारती संस्था द्वारा संचालित ऐडतोरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ, कर्नाटक के पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्री शंकर भारती महास्वामी शुक्रवार को माता जानकी की प्राकट्य स्थली पुनौराधाम पहुंचेंगे। उनके स्वागत की तैयारियां पुनौराधाम मंदिर के पीठाधीश्वर महंत कौशल किशोर दास जी के सानिध्य में उनके उत्तराधिकारी शिष्य श्री राम कुमार दास तथा सीता रसोई के संयोजक राम शंकर शास्त्री द्वारा की जा रही हैं। राम शंकर शास्त्री ने बताया


शंकर भारती महास्वामी।

कि स्वामी जी गोरखपुर से प्रस्थान कर अपराह्न लगभग दो बजे पुनौराधाम पहुंचेंगे और सीता संत निवास में विश्राम करेंगे। इसके बाद शाम पांच बजे जानकी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे तथा रात्रि आठ बजे तक अपने इष्ट देव की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस दौरान वे उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ वेदांत भारती संस्था की गतिविधियों पर चर्चा करेंगे और सनातन धर्म की रक्षा के लिए बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने का आह्वान करेंगे। स्वामी जी के साथ लगभग 20 शिष्यों का दल भी रहेगा। उल्लेखनीय है कि आदि शंकराचार्य परंपरा से जुड़े श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ की स्थापना लगभग 700 वर्ष पूर्व कर्नाटक के कृष्णनगर-मैसूर क्षेत्र में गोदावरी तट पर हुई थी। इसके मुख्य संरक्षक श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य श्री श्री भारतीतीर्थ महासन्निधानम जी महाराज हैं। स्वामी जी 13 जून को प्रातः वैदिक पूजा-अर्चना के उपरांत जानकी मंदिर एवं सीता कुंड में दर्शन-पूजन कर अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान करेंगे।

### भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति पत्र निर्गत नहीं करने पर 20 जून को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल एवं जिला सचिव दिलीप कुमार शाही ने डीईओ सीतामढ़ी को आवेदन देकर कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय पटना के वाद संख्या सीडब्ल्यूजेसी 15610/2018 राघवेंद्र शर्मा बनाम बिहार सरकार में पारित न्यायदेश तदनुसार विभागीय पत्रांक 218 दिनांक 27 फरवरी 2023 के द्वारा प्रारंभिक शिक्षकों को भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति देने के आदेश का पालन राज्य के अधिकांश जिलों में किया गया है। बाबजूद सीतामढ़ी जिले में विगत तीन वर्षों से प्रोन्नति के कार्य को लटकाया एवं भटकाया जा रहा है, जो कार्यालय के खराब कार्य संस्कृति को दशार्ता है। इससे शिक्षक हताश एवं परेशान है। बार बार अनुरोध करने के बाद भी जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रोन्नति पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है, कार्यकाल के कार्यसंस्कृति खराब होने के कारण सभी कोटि के शिक्षकों के सेवा संबंधी कार्य ससमय नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि, विभागीय उदासीनता के खिलाफ 20 जून 2026 को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मारवाड़ी सम्मेलन ने किया सत्तू वितरण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, नगर शाखा द्वारा गुरुवार को अखाड़ाघाट रोड स्थित बीएल सिंघानिया अपार्टमेंट के सामने सत्तू वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राहगीरों, श्रमिकों, रिक्शा



अखाड़ाघाट रोड में सत्तू वितरण कार्यक्रम में शामिल समाजसेवी व अन्य।

चालकों एवं स्थानीय लोगों के बीच शीतल एवं पौष्टिक सत्तू का वितरण किया गया। नगर शाखा के अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया ने कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्ची समाजसेवा है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में लोगों को राहत पहुंचाना सम्मेलन का उद्देश्य है तथा यह अभियान समाज के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। कार्यक्रम में गोविंद भिवानीवाला, शंभुनाथ बंका, श्रवण मोदी, लक्ष्मण भिवानीवाला, अशोक नेमानी, राकेश अग्रवाल, वेणुगोपाल तुलस्यान, अनिल तुलस्यान, गणेश पोद्दार सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया। सम्मेलन ने बताया कि ग्रीष्मकाल के दौरान यह सेवा अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जारी रहेगा।

### 16 जून को चार पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड कार्यालय में आयोजित बैठक में 16 जून को रहुआ पूर्वी, रहुआ पश्चिमी, डरसुर एवं मोहिउद्दीनपुर पंचायत में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। वहीं 17 एवं 18 जून को प्रखंड मुख्यालय में जनकल्याण शिविर लगाने का निर्णय लिया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के 17 काउंटर लगाए जाएंगे।

## भूमि बचाओ संघर्ष समिति की अगुवाई में महापंचायत, सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट वापस लेने की मांग

# 'जान दे देंगे-जमीन नहीं देंगे' का संकल्प

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट के तहत आने वाले खैरबा गांव के सैकडों आक्रोशित किसान-मजदूरों ने भूमि बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में महापंचायत आयोजित कर बिहार सरकार से अविलंब सेटेलाईट सीतापुरम प्रोजेक्ट वापस लेने की मांग की।

अध्यक्षता समिति के सदस्य रामसागर ठाकुर ने की। मौके पर भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक बैधनाथ हाथी ने कहा कि किसान-मजदूरों की जमीन पर कारपोरेट को स्थापित कराने के सरकारी मंशा के खिलाफ भारी गोलबंदी कर बडे संघर्ष के लिए प्रभावित क्षेत्र के किसान- मजदूर तैयार हैं। जमीन किसान- मजदूरों का जीवन है हम जान दे देंगे जमीन नही देंगे।

समिति के सदस्य प्रोआनन्द किशोर ने कहा कि टाउनशीप में पहले उधोग लगाया जाता है यहां सरकार उद्योग लगाने की जगह किसानों के 45 प्रतिशत जमीन छीनकर कारपोरेट तथा कालाधन कमाने वाले धन्नासेठों को देने की योजना लाई है।इस क्षेत्र के लोगों के बच्चों की पढाई,दबाई,सगाई



महापंचायत में शामिल किसान-मजदूर।

तथा रोजी- रोजगार की परबाह किये वगैर जमीन पर लौक लगा दिया गया है।सरकार इस योजना को वापस ले नही तो आन्दोलन तेज होगा। पूर्व मुखिया शंभू यादव ने कहा कि गांव-गांव में शीघ्र संघर्ष समिति का गठन कर लिया जायगा।

महापंचायत को पूर्व सरपंच नवीन कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य छोटे साह, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के महासचिवअबधेश यादव, सतीश कुमार सिंह, शिवचंद्र यादव, जितेन्द्र हाथी, खेदू महतो, अनवर अंसारी, मनीष कुमार, दीपक कुमार सिंह, जानकी पासवान तथा अन्य ने संबोधित किया तथा कहा कि हमलोग सरकार से ऐसे किसी प्रोजेक्ट की मांग नही की थी। महापंचायत में सर्वसम्मत प्रस्ताव द्वारा सांसद तथा विधायकों से मांग की गई कि किसान-मजदूरों का जीवन बंचाने के लिए आपलोग मुख्यमंत्री से बात कर इस योजना को वापस करायें। महापंचायत में एक 21सदस्यीय भूमि बचाओ संघर्ष समिति बनाने का निर्णय लिया गया जिसका संयोजक रामसागर ठाकुर तथा सह संयोजक शिवचंद्र यादव को बनाया गया।

**सीएम से बातकर सीतापुरम प्रोजेक्ट रद्द कराने की सांसद-विधायक से अपील**

**संघर्ष समिति के संयोजक बने रामसागर ठाकुर तथा शिवचंद्र यादव सह संयोजक**

## सीतामढ़ी जिले के सभी 17 प्रखंडों में सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन 17-18 जून को

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** 17 एवं 18 जून 2026 को प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन सीतामढ़ी जिला के सभी 17 प्रखंडों में किया जाएगा। उक्त शिविर में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं यथाःझ्र आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान, छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांग कल्याण योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना, श्रम विभाग की योजनाएं तथा अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

सभी प्रखंड मुख्यालय में चिन्हित स्थल पर शिविर लगाया जाएगा एवं शिविर में सभी योजनाओं का अलग-अलग काउंटर होगा। सभी काउंटर पर


शिविर आयोजन सम्बंधित बैठक करते डीडीसी व अन्य।

उपरोक्त योजनाओं से संबंधित नोडल अधिकारी भी होंगे। सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी। जहां आवेदकों को सभी तरह के सहायता प्रदान किए जाएंगे। साथ ही शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक मेडिकल स्टॉल की भी व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में डीडीसी की अध्यक्षता में विमर्श सभा कक्ष में बैठक की गई। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि उक्त शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार पंचायत स्तर पर करना सुनिश्चित करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। बैठक में सभी एसडीओ, प्रखंडों के सभी वरीय अधिकारी एवं सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि सभी प्रखंडों में विशेष शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक करवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि अधिक से अधिक आम जनों की सहभागिता हो सके। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नौ दिवसीय श्रीरामकथा महोत्सव के पांचवें दिन श्रीराम के आदर्श चरित्र और गुरु महिमा का हुआ वर्णन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** चित्रगुप्त एसोसिएशन, मुजफ्फरपुर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीरामकथा महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। सत्य कालिंदी मैटरनिटी एंड चाइल्ड हॉस्पिटल एवं चित्रगुप्त एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य


कार्यक्रम में कथावाचक, यजमान व अन्य श्रद्धालु।

कार्यक्रम में कथावाचक पंडित रविशंकर ठाकुर जी महाराज ने श्रीराम के बाल्यकाल, गुरु महिमा और आदर्श जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के यजमान के रूप में डॉ. चैतन्य, डॉ. सुष्मिता राज, डॉ. मिनाक्षी, सुमित आनंद, संजय श्रीवास्तव एवं अनामिका ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कथा के दौरान पंडित ठाकुर ने कहा कि राजा दशरथ को वृद्धावस्था में पुत्र रूप में भगवान की प्राप्ति गुरु वशिष्ठ के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा और निष्ठा का फल थी। उन्होंने कहा कि गुरु परम तत्व हैं और उनके बिना ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। कथावाचक ने बताया कि नामकरण संस्कार सनातन धर्म की महत्वपूर्ण परंपरा है। श्रीराम और उनके भाइयों ने गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर आदर्श शिष्य होने का उदाहरण प्रस्तुत किया। विश्वामित्र के साथ वनगमन, ताड़का और सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार तथा मिथिला आगमन की प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम अपने भक्तों के अवगुणों को नहीं देखते, बल्कि उन्हें स्नेहपूर्वक अपनाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रभा रानी प्रसाद की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अजय नारायण सिन्हा, प्रो. अजय श्रीवास्तव, सत्येंद्र पिंकू, अमित प्रकाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भूमि पर निर्माण रोकने पर पति पत्नी पर हमला कर किया जख्मी

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** सिमरी थाना क्षेत्र के गौड़ा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट मे पति पत्नी घायल हो गये। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीण जमा हो गये। दोनो घायलो को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले मे गौड़ा गांव निवासी मो जुनैद की पत्नी रौनक प्रविण ने छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर मे बताया है कि दस जून की शाम करीब चार बजे विपक्षी पक्ष विवादित जमीन पर हौज निर्माण का कार्य करा रहा था। उन्होंने न्यायालय में टाइटल सूट लंबित होने की बात कहकर कार्य रोकने और अदालत के आदेश की प्रतीक्षा करने को कहा। इस बात से आक्रोशित होकर गौड़ा गांव निवासी मो. एजाज, रफी अहमद, जिनत यास्मिन, रफी अहमद की पुत्री जैनब प्रविण तथा फेकला थाना क्षेत्र के फेकला गांव निवासी मो. अहमद अली एवं मो. गुड्डू ने हमला कर तेजधार हथियार से रौनक प्रविण का सिर फोड़ दिया गया।

# 26वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए कांग्रेस के लोकप्रिय किसान नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व राजेश पायलट

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** कांग्रेस के लोकप्रिय किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 26वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमिटी पश्चिमी द्वारा भगवानपुर स्थित किसान भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस के नेताओ व कार्यकर्ताओ ने किसान नेता स्व राजेश पायलट की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को शिद्दत से याद किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते



पुण्यतिथि पर स्व राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करते पश्चिमी जिला कांग्रेस के लोग।

हुए कांग्रेस के पश्चिमी जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने कहा कि राजेश पायलट केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि किसानों, युवाओं, मजदूरों, गरीबों और वंचित वर्गों की बुलंद आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा, सामाजिक न्याय और आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी सादगी, कर्मठता, निर्भीकता और जनहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें जन-जन का प्रिय नेता बनाया।संघर्षों से तपकर निकला उनका व्यक्तित्व आज भी नई पीढ़ी को सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जनता के सुख-दुःख में सदैव साथ खड़े रहने वाले ऐसे महान जननायक की स्मृतियाँ सदैव हमारे हृदय में अमर रहेंगी।

वही वक्ताओ ने कहा कि राजेश पायलट जी का जीवन जनसेवा, संघर्ष और समर्पण का ऐसा अध्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा नीरज, आलोक शर्मा, सुशील कुमार शाही, संजय कुमार, मुमताज अंसारी, रमेश तिवारी, ओंकारनाथ चौधरी मनोज सिंह, त्रिभुवन पटेल, सिद्धार्थ कुमार, नीरज कुमार, सुनील साहनी, दीपू सिंह, रितेश झा, अजीत कुमार विनय सहित बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

## अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, राजनीतिक घमासान और कटघरे में ट्रस्ट

अयोध्या में नवनिर्मित प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए चढ़ावे में से लगभग 5 से 7.5 करोड़ रुपये गायब होने के आरोपों ने देश की राजनीति और धार्मिक गलियारों में एक बड़ा तूफान खड़ा कर दिया है। यह विवाद केवल वित्तीय विसंगति का नहीं है, बल्कि करोड़ों सनातनी हिंदुओं की अगाध आस्था से जुड़ा हुआ है। इस संवेदनशील मुद्दे पर शुरू हुई सियासत ने अब गंभीर रूप ले लिया है, जहां एक तरफ विपक्षी दल आक्रामक हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद दक्षिणपंथी खेमे और शीर्ष धर्माचार्यों के भीतर से भी तीखे सुर उठने लगे हैं। इस पूरे प्रकरण में जो तथ्य जांच और अडिट के जरिए छनकर बाहर आए हैं, उन्होंने इस विवाद को और अधिक हवा दे दी है। मंदिर के कर्मचारियों की संलिप्तता और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के तीखे बयानों ने मंदिर ट्रस्ट, विशेषकर इसके महासचिव चंपत राय को दोतरफा संकट में डाल दिया है।

इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मंत्री पवन पांडे ने दावा किया कि राम मंदिर के दानपात्रों से भारी मात्रा में नकदी गायब हुई है। इसके तुरंत बाद, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को लेकर सरकार और मंदिर ट्रस्ट पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इसे वैश्विक स्तर पर फैले राम भक्तों की आस्था के साथ क्रूर खिलवाड़ करार देते हुए न्यायालय से इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने की मांग की। अखिलेश यादव ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए ग्यारह गंभीर प्रश्न खड़े किए और मांग की कि मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक किया जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी आक्रामक रुख अपनाते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा और ट्रस्ट के पदाधिकारियों को प्रभु राम की प्रतिमा पर हाथ रखकर कसम खाने की चुनौती दे डाली। विपक्ष का यह हमला पूरी तरह से सुनियोजित था, जिसका उद्देश्य सीधे तौर पर मंदिर प्रबंधन और उसे संरक्षण देने वाली सत्ताधारी पार्टी की नैतिक विश्वसनीयता को चोट पहुंचाना था।

लेकिन यह विवाद महज एक राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहा, जब इस मामले की आंतरिक जांच के तथ्य सामने आए, तो विवाद को और बल मिला। मीडिया रिपोर्टों और सूत्रों के अनुसार, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने साल 2024 से अब तक के मंदिर के चढ़ावे और बही-खातों (लेजर बैलेंस) का मिलान करने के लिए एक विशेष आडिट शुरू किया। इस आडिट के दौरान दान में मिली कुल राशि और बैंक में जमा खातों के आंकड़ों में बड़ा अंतर पाया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस जांच के दौरान पुलिस की मौजूदगी में मंदिर के ही चार कर्मचारियों सदस्यों से कड़ी पूछताछ की गई। सूत्रों का दावा है कि इस पूछताछ के बाद एक कर्मचारी के पास से लगभग पांच लाख रुपये की संदिग्ध नकदी भी बरामद की गई। इन तथ्यों के उजागर होने से यह साफ हो गया कि मंदिर के भीतर दान और चढ़ावे की गिनती, परिवहन और उसे बैंक में जमा करने की पूरी प्रक्रिया में कहीं न कहीं गंभीर प्रशासनिक और सुरक्षात्मक खामियां मौजूद थीं, जिसका फायदा उठाकर अंदरूनी स्तर पर हेराफेरी की गई।

इन उभरते तथ्यों और चौतरफा हमलों के बीच सबसे अधिक संकट में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय घिर गए हैं। चंपत राय के सामने इस समय दोहरी चुनौती है। एक तरफ उन्हें विपक्ष के हमलों का जवाब देकर ट्रस्ट की साख बचानी है, तो दूसरी तरफ अपने ही खेमे और धार्मिक नेताओं के आक्रोश को शांत करना है। चंपत राय ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा कि ट्रस्ट का समय-समय पर नियमित आंतरिक ऑडिट होता है और अभी तक आधिकारिक रूप से किसी बड़े गबन या चोरी की बात सामने नहीं आई है। हालांकि, उनका यह रक्षात्मक बयान राजनीतिक गलियारों और जनता के गले नहीं उतर रहा है। इसका कारण यह है कि खुद भाजपा के नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व एमएलसी डा. रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी स्वतंत्र एजेंसियों से कराने की मांग कर दी है। इसके अलावा, राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई बंद कमरे की मैराथन बैठक और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा इस मामले में ट्रस्ट से विस्तृत रिपोर्ट मांगे जाने की खबरों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चंपत राय की सब कुछ सामान्य है वाली दलील पूरी तरह कमजोर पड़ चुकी है।

# समय की कसौटी पर होना चाहिए नेतृत्व का विश्लेषण



पार्थ सारथी विश्वकर्मा

समकालीन भारतीय राजनीति में इतिहास को देखने और उसकी पुनर्व्याख्या करने की एक तीव्र होड़ मची हुई है। इस वैचारिक मंथन के केंद्र में देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारह वर्षों से अधिक के कार्यकाल की तुलना भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के लगभग सत्रह वर्षों के कार्यकाल से की जा रही है।

पहली नजर में यह तुलना केवल शासनकाल की लंबी अवधि के गणितीय आंकड़े पर टिकी दिखाई देती है। लेकिन जब हम राजनीति विज्ञान और इतिहास के चश्मे से इसका बारीकी से निरीक्षण करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि केवल सत्ता में बने रहने के वर्षों के आधार पर दो भिन्न युगों के नेताओं की तुलना करना न केवल सतही है, बल्कि बौद्धिक रूप से भी त्रुटिपूर्ण है।

किसी भी राष्ट्रनायक के मूल्यांकन का वास्तविक पैमाना वह ऐतिहासिक समय, परिस्थितियां और चुनौतियां होती हैं जिनमें उसने देश का नेतृत्व किया। जवाहरलाल नेहरू और नरेन्द्र मोदी, दोनों ही अपने-अपने समय के अत्यंत प्रभावशाली और जनप्रिय नेता रहे हैं, परंतु उनके ऐतिहासिक संदर्भ, वैचारिक पृष्ठभूमि और देश के सामने मौजूद तत्कालीन चुनौतियां एक-दूसरे से पूरी तरह भिन्न थीं। इसलिए, बिना इस व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझे की गई कोई भी तुलना अधूरी और एकांगी ही कही जाएगी।

यदि हम केवल लंबे शासनकाल को तुलना का आधार मानते हैं, तो हम उस ऐतिहासिक प्रस्थान बिंदु की अनदेखी कर देते हैं जहां से इन दोनों नेताओं ने अपनी यात्रा शुरू की थी। नेहरू ने उस भारत की कमान संभाली थी जो सदियों की औपनिवेशिक गुलामी से जर्जर हो चुका था, जहां विभाजन की विभीषिका ने लाखों लोगों को विस्थापित और लहूलुहान कर दिया था, और जिसकी साक्षरता दर मात्र सोलह प्रतिशत थी।


उस समय देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती एक राष्ट्र के रूप में खुद को बचाए रखने, रियासतों के एकीकरण करने और भूखमरी से निपटने की थी। इसके विपरीत, नरेन्द्र मोदी ने इक्कीसवीं सदी के उस भारत का नेतृत्व संभाला जो पहले से ही एक स्थापित परमाणु शक्ति, दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल और एक सुदृढ़ लोकतांत्रिक ढांचा रखने वाला देश था।

नेहरू को शून्य से शुरुआत करते हुए संस्थाओं का निर्माण करना था, जबकि मोदी के सामने उन बनी-बनाई संस्थाओं को नई दिशा देने, तकनीकी क्रांति का लाभ उठाने और भारत को वैश्विक मंच पर एक नई ऊंचाई पर स्थापित करने की चुनौती थी। अतः केवल सत्ता के वर्षों की समानता के आधार पर इन दोनों के कार्यों का आकलन करना न्यायसंगत नहीं हो सकता, क्योंकि एक ने नींव की ईंट रखी थी तो दूसरा उस पर भव्य इमारत के निर्माण और आधुनिकीकरण का कार्य कर रहा है।

इस संदर्भ में, पिछले कुछ वर्षों में नेहरू के योगदान को लगातार कमतर बताने या उनके निर्णयों की चुनिंदा आलोचना करने की एक सुविचारित मंशा भी दिखाई देती है। इस मंशा का गहराई से विश्लेषण करना अत्यंत आवश्यक है। नेहरू के योगदान को खारिज करने का यह प्रयास केवल व्यक्तिगत ईर्ष्या या तात्कालिक राजनीति का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा वैचारिक और राजनीतिक एजेंडा काम कर रहा है।

दरअसल, नेहरू केवल एक व्यक्ति या प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारतीय राष्ट्र-राज्य के धर्मनिरपेक्ष, बहुलवादी, वैज्ञानिक और समाजवादी दर्शन के प्रतीक थे। नेहरू के विचारों को कमतर आंकने की कोशिश वास्तव में उस नेहरूवादी सर्वसम्मति या नेहरूवियन कंसेंसस को तोड़ने का प्रयास है, जिसने आजादी के बाद के दशकों में भारत की नीति-निर्माण और सामाजिक ताने-बाने को संचालित किया।

वर्तमान राजनीतिक विमर्श में एक नया राष्ट्र-विमर्श स्थापित करने की चेष्टा की जा रही है, जो नेहरू के धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी दृष्टिकोण के विपरीत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद



और अधिक आक्रामक विदेश नीति पर बल देता है। इस नए विमर्श को वैधता प्रदान करने के लिए यह आवश्यक समझा जा रहा है कि अतीत के उस सबसे बड़े स्तंभ को कमजोर दिखाया जाए, जिसने आधुनिक भारत की वैचारिक दिशा तय की थी।

नेहरू के योगदान को संकुचित दायरे में समेटने की इस मंशा के तहत अक्सर कश्मीर मुद्दे, चीन के साथ 1962 के युद्ध और उनकी समाजवादी आर्थिक नीतियों को लेकर उन पर तीखे प्रहार किए जाते हैं। बेशक, इतिहासकार के रूप में नेहरू के निर्णयों की आलोचनात्मक समीक्षा होनी चाहिए और लोकतंत्र में कोई भी आलोचना से परे नहीं है। लेकिन इस आलोचना का उद्देश्य यदि सुधार और समझ न होकर केवल उनकी पूरी विरासत को मिटाना हो जाए, तो मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

नेहरू ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में संसदीय लोकतंत्र की परंपराओं को स्थापित किया। उन्होंने उस दौर में जब एशिया और अफ्रीका के नव-स्वतंत्र देश तानाशाही या सैन्य शासन की चपेट में आ रहे थे, भारत में नियमित चुनाव सुनिश्चित किए और विरोधियों की आवाज को सम्मान दिया। उन्होंने आईआईटी, एम्स, सीएसआईआर, इसरो की पूर्ववर्ती संस्था और परमाणु ऊर्जा आयोग जैसे संस्थानों की स्थापना करके देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव रखी। आज भारत जिस अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और डिजिटल तकनीक पर गर्व करता है, उसका बीजारोपण नेहरू के ही काल में हुआ था। उनके इस व्यापक रचनात्मक योगदान को पूरी तरह दरकिनार करके केवल कुछ ऐतिहासिक भूलों के आधार पर उन्हें खलनायक की तरह पेश करना ऐतिहासिक अन्याय है और इसके पीछे इतिहास को अपनी सुविधा के अनुसार पुनर्लिखित करने की राजनीतिक चाहत साफ दिखाई देती है।

साथ ही, नेहरू के योगदान को कमतर बताने की मंशा इस धारणा पर भी आधारित है कि भारत का वास्तविक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान केवल हाल के वर्षों में ही शुरू हुआ है। यह न्यू इंडिया या नया भारत के उस आख्यान को मजबूत करने का प्रयास है, जिसके तहत स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती दशकों को केवल कुप्रबंधन, तुष्टीकरण और नीतिगत पंगुता के काल के रूप में चित्रित किया जाता है। ऐसा करके वर्तमान नेतृत्व की उपलब्धियों को और अधिक चमकीला और ऐतिहासिक रूप से क्रांतिकारी सिद्ध करने का प्रयास किया जाता है।

राजनीति में अपने नायक को बड़ा दिखाने के लिए विरोधी या पूर्ववर्ती को छोटा दिखाने का यह खेल नया नहीं है, परंतु जब यह खेल इतिहास की प्रामाणिकता और राष्ट्र की नींव रखने वाले नेताओं के सम्मान की कीमत पर खेला जाने लगे, तो यह राष्ट्र की सामूहिक चेतना को नुकसान पहुंचाता है। भारत जैसे विविध और विशाल देश के निर्माण में किसी एक नेता या दल का एकाधिकार नहीं रहा है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें हर दौर के नेतृत्व ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई है।

अंततः, हमें यह समझना होगा कि जवाहरलाल नेहरू और नरेन्द्र मोदी की तुलना केवल शासनकाल के वर्षों की संख्या के आधार पर करना इतिहास के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। नेहरू जहां एक नए और नाजुक राष्ट्र के निर्माता थे, जिन्होंने लोकतंत्र और आधुनिकता के बीज बोए, वहीं मोदी उस परिप राष्ट्र के प्रबंधक और प्रणेता हैं, जो वैश्विक पटल पर अपनी नई पहचान दर्ज कराने के लिए आतुर है। नेहरू के योगदान को कमतर आंकने की मंशा देश के ऐतिहासिक सत्य को झुठलाने और एक संकीर्ण राजनीतिक विमर्श को थोपने का प्रयास है।

एक परिपक्व लोकतंत्र के रूप में भारत को अपने अतीत के नायकों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, भले ही हम उनकी नीतियों से असहमत क्यों न हों। इतिहास को केवल काले और सफेद के चश्मे से देखने के बजाय उसके सभी रंगों और संदर्भों के साथ स्वीकार करना ही राष्ट्र की बौद्धिक परिपता का लक्षण है। नेहरू की नींव के बिना आज के भारत की बुलंदियों की कल्पना करना असंभव है, और इस सत्य को स्वीकार करना किसी भी वर्तमान या भविष्य के नेतृत्व की महत्ता को कम नहीं करता, बल्कि उसे और अधिक गरिमा प्रदान करता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तम्भकार है।)*

## लोकतंत्र की सफलता चुनावी जीत या हार से नहीं, बल्कि जनता के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों से तय होती है



प्रमोद कुमार सिंह ।

**लोकतंत्र** की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें जनता सर्वोपरि होती है। चुनाव का समय आते ही राजनीतिक दलों और नेताओं की गतिविधियां तेज हो जाती हैं। गांव की गलियों से लेकर शहरों की सड़कों तक जनसभाओं, रैलियों और जनसंपर्क अभियानों का दौर शुरू हो जाता है। नेताओं के भाषणों में जनता की समस्याएं प्रमुखता से जगह पाती हैं। बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दे चुनावी मंचों पर प्रमुखता से उठाए जाते हैं। हर दल और हर उम्मीदवार जनता को यह विश्वास दिलाने का प्रयास करता है कि सत्ता मिलने के बाद उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



चुनाव लोकतंत्र का उत्सव माना जाता है। यह वह समय होता है जब आम नागरिक स्वयं को व्यवस्था का केंद्र महसूस करता है। नेता जनता के दरवाजे तक पहुंचते हैं, उनकी बातें सुनते हैं और विकास के नए सपने दिखाते हैं। लेकिन चुनावी प्रक्रिया समाप्त होने और सरकार बनने के बाद अक्सर यह चर्चा शुरू हो जाती है कि क्या चुनाव के दौरान किए गए वादे वास्तव में धरातल पर उतर पाए हैं। यही वह प्रश्न है जो लोकतंत्र की गुणवत्ता और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही को परखता है।

जनता की अपेक्षाएं केवल चुनावी घोषणाओं तक सीमित नहीं होतीं। आम नागरिक चाहता है कि उसके क्षेत्र में बेहतर सड़कें बनें, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ें, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले। वह चाहता है कि प्रशासन संवेदनशील हो, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हो। इन अपेक्षाओं का संबंध किसी एक दल या व्यक्ति से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता से जुड़ा होता है।

यह भी सत्य है कि शासन चलाना चुनाव प्रचार से कहीं अधिक कठिन कार्य है। सीमित संसाधन, प्रशासनिक प्रक्रियाएं, वित्तीय चुनौतियां और विभिन्न स्तरों पर समन्वय की जरूरत विकास कार्यों को प्रभावित करती है। इसलिए हर वादा तुरंत पूरा हो जाना संभव नहीं होता। लेकिन जनता यह अवश्य चाहती है कि समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदार प्रयास दिखाई दें और जनप्रतिनिधि समय-समय पर जनता के बीच आकर अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व है। चुनाव के दौरान जो संपर्क जनता और नेताओं के बीच स्थापित होता है, वह चुनाव के बाद भी बना रहना चाहिए। जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को बनाए रखना भी है। नियमित जनसुनवाई, क्षेत्रीय भ्रमण, पारदर्शी कार्यप्रणाली और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाती है। जब जनता को यह महसूस होता है कि उसकी बात सुनी जा रही है और उस पर कार्रवाई हो रही है, तब लोकतंत्र के प्रति उसका विश्वास और मजबूत होता है।

वहीं दूसरी ओर नागरिकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। लोकतंत्र केवल मतदान करने तक सीमित नहीं है। नागरिकों को जनहित के मुद्दों पर सजग रहना चाहिए, सकारात्मक सुझाव देने चाहिए और विकास कार्यों की निगरानी में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। एक जागरूक समाज ही जवाबदेह शासन की नींव रखता है। यदि जनता अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सचेत रहे, तो लोकतंत्र अधिक प्रभावी और सशक्त बन सकता है।

आज के दौर में जनता केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम देखना चाहती है। सूचना और तकनीक के विस्तार ने लोगों को अधिक जागरूक बनाया है। नागरिक अब विकास कार्यों, योजनाओं और सरकारी निर्णयों का मूल्यांकन पहले की अपेक्षा अधिक गंभीरता से करते हैं। इसलिए जनप्रतिनिधियों के लिए भी आवश्यक हो गया है कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

अंततः लोकतंत्र की सफलता चुनावी जीत या हार से नहीं, बल्कि जनता के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों से तय होती है। चुनावी वादों का वास्तविक महत्व तभी है जब वे जनकल्याण की ठोस योजनाओं और विकास कार्यों में परिवर्तित हों।

जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास का रिश्ता जितना मजबूत होगा, लोकतंत्र उतना ही सुदृढ़ और प्रभावी बनेगा। चुनाव समाप्त होने के बाद भी जनता की आवाज, उसकी उम्मीदें और उसकी समस्याएं उतनी ही महत्वपूर्ण रहनी चाहिए, जितनी मतदान से पहले होती हैं। यही एक सशक्त, उत्तरदायी और जीवंत लोकतंत्र की पहचान है।

## राजधानी जलाशय में बनेगा नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर

**टेंडर की प्रक्रिया पूरी, जल्द शुरू होगा काम**

**आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस**

**पटना के मुख्य सचिवालय स्थित राजधानी जलाशय को इको टूरिज्म के तौर पर किया जा रहा है विकसित**

**राजधानी जलाशय में वर्तमान में लगभग 35 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं**

**पटना** के मुख्य सचिवालय स्थित राजधानी जलाशय को इको टूरिज्म के तौर पर विकसित किया जा रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से इसका निर्माण किया जाएगा। इसकी टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है, जल्द ही काम शुरू होने वाला है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होने वाला है और इस वर्ष अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा।

इस परियोजना के तहत जलाशय के सौंदर्यीकरण, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण-संवेदनशील जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

पटना पार्क प्रमंडल के डीएफओ पीयूष बरनवाल ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य राजधानी जलाशय को जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरणीय शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसके तहत जलाशय के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ इसे प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे पक्षियों की संख्या और विविधता में वृद्धि हो सके।



### पक्षियों और प्रकृति की दुनिया से रूबरू होंगे बच्चे

इंटरप्रिटेशन सेंटर में बच्चों और पर्यटकों को जंगल, आर्द्रभूमि, वन्यजीवों और पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। यहां आने वाले लोग स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों, उनके आवास और जीवन चक्र को करीब से समझ सकेंगे।

राजधानी जलाशय में वर्तमान में लगभग 35 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। इनमें लेसर व्हिसलिंग डक, कमन मुरहेन, कमन कूट, गडवाल और कम्ब डक जैसी आकर्षक प्रजातियां प्रमुख हैं।

### होलोग्राफिक बुक से लेकर 7डी अनुभव तक की सुविधा

यह हाईटेक नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर आधुनिक और इंटरैक्टिव सुविधाओं से लैस होगा। इसमें 5 बड़े सूचना पैनल, राष्ट्रीय एवं राज्य पशु-पक्षी, घड़ियाल, डाल्फिन और आर्द्रभूमि पर आधारित 4 डायोरामा और भित्ति-चित्र स्थापित किए जाएंगे।

इसके अलावा पक्षियों की आवाज सुनने, लाइट आधारित इंटरैक्शन, होलोग्राफिक बुक जैसी 5 मल्टी-सेंसरी इंटरैक्टिव प्रदर्शनी, 12 सीटों वाला 7डी अनुभव केंद्र, 3 वीआर हेडसेट से युक्त एआर-वीआर सिस्टम, जंगल भ्रमण जैसा एहसास कराने वाला 360 डिग्री रूम एक्सपीरियंस, आउटडोर साइनेज और इंटरैक्टिव कियोस्क भी लगाए जाएंगे।

## प्रवचन

## आवश्यकताओं की पूर्ति में संसाधनों का करें कम उपयोग : जीयर स्वामी

**अत्यधिक सम्पति और संसाधन के लिए न करें अपराध**

**भगवान की मूर्त्ति को अपलक निहारते हुए लगाएं ध्यान**

जीवन निर्वहन के क्रम में अपनी आवश्यकताओं को कम करते हुए न्यूनतम साधन एवं संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। इसी में स्वहित एवं राष्ट्रहित समाहित है। वस्तुओं का अत्यधिक मात्रा में उपयोग से उनका दुरूपयोग होता है, जिसका असर वंचित लोगों के साथ ही राष्ट्र के सर्वांगीण विकास पर भी होता है। समाज में असमानता के साथ द्वेष भी बढ़ता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ को संबोधित करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री स्वामी जी ने कहा कि खाली पात्र में ही जल या वस्तु डाली जा सकती है। भरे हुए पात्र में कुछ डालने पर वह गिरने लगता है। उसी तरह अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं को जरूर पूर्त्ति करनी चाहिए, लेकिन विलासितापूर्ण जीवन जीने के लिए अनीति अत्याचार से संसाधन नहीं जुटाना चाहिए। समाज में ऐसे बहुत उदाहरण है, जब धनाढ्य बनने हेतु कुकर्मो के रिकार्ड बनाये गए लेकिन वही सम्पति अंततः अपयष एवं भारी दुःख का कारण बनी। प्रारम्भ में स्वयं को सुख प्रतीत होता है तथा दूसरे की नजरों में भी उदाहरण बनते हैं। लेकिन परिणाम के बाद स्वयं भारी कष्ट होता है और समाज के लोग हेय दृष्टि से देखने लगते हैं। तृष्णा न जाये मन से, कृष्णा न आवे मन में।

स्वामी जी ने कहा कि संसार के नश्वर वस्तुओं का आवश्यकतानुसार सदुपयोग एवं संग्रह करना चाहिए। विलासिता के लिए 'अति' नहीं करनी चाहिए।

शास्त्रों में कहा गया है कि 'अति सर्वत्र वर्जयेत्। जीवन के हर क्षेत्र में 'अति' की मनाही है। मानस में भी कहा गया है कि 'अति से रगड़ करे जो कोई, अनल प्रकट चंदन ते होई।'

उन्होंने कहा कि चार भूजाधारी भगवान के रूप को अपलक निहारते हुए ध्यान करना चाहिए। जैसे माता का दूध पीते हुए बच्चा कभी-कभी दूध पीना छोड़कर माता को अपलक निहारने लगता है।

स्वामी जी ने कहा कि मुक्ति पाँच तरह की होती है। भगवान के लोक में रहना सालोक्य मुक्ति, भगवान के पास रहना सामीप्य मुक्ति, भगवान के समान रूप बनाना सारूप्य मुक्ति, भगवान के समान सृष्टि का अधिकारी सासृष्ट मुक्ति और भगवान में अपने को विलय करना सायुज्य मुक्ति कहलाता हैं। इन मुक्तियों के अधिकारी भी भगवान के अधीन रहते हैं।

भक्ति योगः जिस व्यवहार, आचरण और कर्म से भगवान के प्रति निष्ठा हो जाए वही भक्ति है। परमात्मा के प्रति आत्म-समर्पण अपनी अंतरात्मा की आवाज एवं जीवन के व्यवहार में उतारना ही भक्ति है। जिसके प्रति हे है, उससे अलग कुछ नहीं मानना भक्ति है। भगवान के नाम, गुण, लीला, कीर्त्तन, चिंतन, अर्चनम्, पाद सेवन एवं आत्म समर्पण करने वाले भक्तों का पतन नहीं होता है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट डिजिटल डेली न्यूज पेपर दैनिक नवसंदेश स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**मधुबन।** बुधवार की रात रुपनी पंचायत के गुलाब का टोला के 20 वर्षीय फहद खान की चाकू से गोदकर हुई हत्या में मधुबन पुलिस फरहान और मोहम्मद सलीम को नामजद कर कार्रवाई शुरू कर दी है ।पुलिस को हत्या का कारण जमीनी विवाद या प्रेम प्रसंग लग रहा है। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडेय ने बताया कि गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### 28 जून से 2 जुलाई तक पल्स पोलियो अभियान

**मोतिहारी।** जिले में 28 जून से 2 जुलाई तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जन्म से पांच वर्ष तक के लगभग 10 लाख बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए 1,863 हाउस-टू-हाउस टीम, 1,599 आशा कार्यकर्ता, 275 ट्रांजिट दल, 28 मोबाइल दल, 626 पर्यवेक्षक तथा 130 सब-डिपो लगाए जाएंगे। अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला स्तर पर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं आरआई नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी (डीआईओ) ड् शरत चंद्र शर्मा की देखरेख में एसएमओ ड् मनोज तुम्राण्डा द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान बेहतर माइक्रोप्लान तैयार करने, पोलियो वैक्सीन के सुरक्षित भंडारण, हाउस मार्किंग, निगरानी एवं मनिटरिंग सहित अभियान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड् धर्मेंद्र कुमार (रीजनल कोअर्डिनेटर, गावी), राकेश मिश्रा (पीसीआई), रूपेश मिश्रा (यूएनडीपी) तथा जिला महामारी विशेषज्ञ ड् राहुल कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### चकबारा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**पिपरा।** थाना क्षेत्र के चकबारा गांव में एक 19 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान चकबारा निवासी शिवजी पंडित की पत्नी प्रीति कुमारी (19 वर्ष) के रूप में की गई है। इनकी इनकी शादी महज एक माह पहले ही हुई थी संदिग्ध परिस्थिति में मौत को लेकर सरेआम चर्चा है प्रथम ष्टि मामला प्रेम प्रसंग का लगता है घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है।मिली जानकारी के अनुसार, प्रीति कुमारी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी पूरी तरह खुलासा नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पिपरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है।पिपरा थाना पुलिस के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

# भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व हुई वृद्धि : सांसद

## सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्तिकरण को दी नई दिशा

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आज भारत सरकार के अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान, पिपराकोठी में ष्खेत बचाओ अभियानष के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सांसद पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने उपस्थित अनुसूचित जाति के लगभग 500 से अधिक किसान भाइयों-बहनों को संबोधित कियास श्री सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भाअनुप-महात्मा गांधी एकीत षि अनुसंधान संस्थान पिपराकोठी, मोतिहारी के अंतर्गत अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए अनुसूचित जाति उप-योजना बहुत ही प्रभावी ढंग से चलाई जा रही है। चूंकि यह संस्थान विशेष रूप से



उद्घाटन करते राधामोहन सिंह व अन्य।

एकीत षि प्रणाली पर काम करता है, इसलिए यहाँ की योजनाएं किसानों को एक ही जमीन पर खेती, पशुपालन और मछली पालन को एक साथ जोड़कर आय बढ़ाने में मदद करती हैंस उन्होंने कहा कि ष्खेत बचाओ अभियान३ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी मिट्टी, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक जनआंदोलन हैस श्री सिंह ने कहा कि हमारे किसान भाई- बहनों को यह समझना होगा कि खेत की उर्वरता केवल उर्वरकों से नहीं, बल्कि मिट्टी में उपस्थित जैविक कार्बन, सूक्ष्मजीवों और पोषक तत्वों के संतुलन से बनी रहती है। इसलिए गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन तथा जैव उर्वरकों का उपयोग बढ़ाना समय की आवश्यकता है। ष्पहले मृदा परीक्षण, फिर उर्वरक उपयोगष की अवधारणा को अपनाएंस उक्त अवसर पर मंत्री पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार नंदकिशोर राम, हरसिद्धि विधायक ष्णनंदन पासवान, किसान नेता मनोज पासवान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# चकिया जदयू नगर अध्यक्ष का हृदय गति रुकने से मौत

## पार्थिव शरीर पर जदयू पार्टी का झंडा ओढ़ाकर किया सम्मान

**चकिया।** जदयू नगर अध्यक्ष कौशर राजा का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर क्षेत्र सहित राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताया जाता है कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई, लेकिन हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया। कौशर राजा 42 वर्ष के थे। वें लंबे समय से जदयू से जुड़े हुए थे और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके निधन पर जदयू नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संदेश जारी कर नेताओं ने कहा कि कौशर राजा का निधन पार्टी एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। जदयू जिला अध्यक्ष भरत पटेल ने पार्थिव


पार्थिव शरीर पर पार्टी के झंडा के साथ जदयू नेता।

शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर सम्मान किया व भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक व्यक्त करने वाले में जदयू जिला अध्यक्ष भरत पटेल, सभापति पवन सर्राफ, उपसभापति सुभाष कुमार,पप्पू कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल,जिला पार्षद अभय गुप्ता, प्रो मो रिजवान,जदयू नेता कविंद्र कुशवाहा, सुनील यादव, मो तैयब, लखन पटेल, रामानंद पटेल, टूना पाठक, कुंदन गुप्ता, ओमप्रकाश पटेल,मनीष पटेल,रितीश कुमार,राज कुमार पासवान सहित अन्य शामिल है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : राधा मोहन

## भाजपा की विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक में विकसित भारत-2047 के संकल्प पर चर्चा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आज स्थानीय रैमसन प्लाजा में भाजपा मोतिहारी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक आयोजित की गईस विशेष जनसम्पर्क अभियान बैठक को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने इस दौरान मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं, विकसित भारत के संकल्प, आत्मनिर्भर भारत, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित, युवाओं के लिए नए अवसर तथा देश की आधारभूत संरचना और वैश्विक प्रतिष्ठा में हुई अभूतपूर्व


सम्मानित करते सांसद।

प्रगति पर विस्तार से चर्चा कीस श्री सिंह ने कहा कि ष12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण केष यही नए भारत की पहचान और विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव हैस उक्त बैठक में मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार प्रमोद कुमार, उप महापौर ड लालबाबू प्रसाद, शिक्षाविद ड अरुण कुमार, अमित सेन, आलोक शर्मा, श्यामनंदन राम, ड राकेश कुमार, ड शकुन्तला सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ ड चंद्र सुभाष, मधुसूदन जालान,ड दिलीप कुमार, ड केकेझा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक ड(श्रीमती) हेना चंद्रा, सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, सामाजिक एवं व्यवसायी संगठन के लोग उपस्थित थे।

# नीमा बिहार राज्य परिषद् के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नीमा बिहार राज्य परिषद् के सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत कुमार से शिष्टाचार भेंट कर आयुष चिकित्सकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नीमा बिहार राज्य परिषद् के सचिव ड् आलोक कुमार ने किया।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से षबिहार लघु एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान (स्थापना एवं पंजीकरण) विनियमन, 2026श्श के संबंध में आयुष चिकित्सकों की व्यवहारिक कठिनाइयों एवं चिंताओं को मंत्री के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य के अधिकांश आयुष चिकित्सक ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में विनियमन के अंतर्गत प्रस्तावित अनेक प्रावधान छोटे आयुष चिकित्सालयों एवं औषधालयों के लिए अनुपालन करना अत्यंत कठिन होगा।प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आग्रह किया कि आयुष चिकित्सकों की विशिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखते


स्वास्थ्य मंत्री से मिले नीमा के प्रतिनिधिमंडल।

हुए उक्त विनियमन में आवश्यक संशोधन किए जाएं तथा नीति निर्माण एवं जिला स्तरीय समितियों में नीमा के प्रतिनिधियों को भी उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त राज्य में आयुष संस्थानों में मानव संसाधन की कमी,आयुष औषधालयों के लिए आधारभूत संरचना तथा आयुष चिकित्सकों की सेवा एवं व्यवसायिक समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि आयुष चिकित्सकों की समस्याओं एवं बिहार लघु एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठान विनियमन, 2026 से संबंधित मुद्दों पर सरकार सकारात्मक रूप से विचार करेगीस बैठक में नीमा बिहार राज्य परिषद् की ओर से ड़दिनेश्वर प्रसाद,ड़आलोक कुमार (सचिव, नीमा बिहार राज्य परिषद्),ड़ अनिल विश्वकर्मा, ड़अनिल कुमार सिंह,ड.मजहर आलम,ड़संजय कुमार सिंह ,ड़बिपिन बिहारी राज्य मीडिया प्रभारी एवं सुमित शशांक (प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी) उपस्थित थेस नीमा बिहार राज्य परिषद् ने स्वास्थ्य मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त किया कि आयुष चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र सकारात्मक पहल की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दो छात्रों का फ्लिपकार्ट में चयन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के प्रबंधन विज्ञान विभाग के 'एमबीए सत्र 202426 के दो विद्यार्थियों, रोचित सिंह एवं सनी श्रफ', का देश की अग्रणी ई-कमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में चयन हुआ है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा एवं विभाग द्वारा प्रदान किए जा रहे उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण का परिणाम मानी जा रही है। फ्लिपकार्ट की चयन प्रक्रिया छह चरणों में संपन्न हुई, जिसमें देशभर के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। रोचित सिंह एवं सनी श्रफ ने चयन के विभिन्न चरणों में अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता, संचार कौशल, नेतृत्व गुण तथा समस्या-समाधान दक्षता का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।इस अवसर पर प्रबंधन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो सपना सुगंधा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि फ्लिपकार्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में उनका चयन विभाग एवं विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन और विभाग की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक एवं व्यावसायिक तैयारी का प्रतिबिंब है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों विद्यार्थी अपने पेशेवर जीवन में उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।विभाग के संकाय सदस्यों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए इसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्ष्टता एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सकारात्मक परिणाम बताया।

### मेहसी में डीवाईएफआई का जिला कन्वेंशन संपन्न, बेरोजगारी और शिक्षा के मुद्दों पर हुई चर्चा

**मेहसी(एनएसबी)।** भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) का जिला कन्वेंशन गुरुवार को मेहसी रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्की कुमार ने की। कन्वेंशन में संगठन के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र कुमार मिश्रा, पूर्व राज्याध्यक्ष मुकेश कुमार, राज्य कमिटी सदस्य संतोष कुमार सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने भाग लिया।कन्वेंशन के दौरान देश और राज्य के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात, युवाओं के सामने मौजूद चुनौतियां, बढ़ती बेरोजगारी तथा शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि रोजगार और शिक्षा आज युवाओं के प्रमुख सरोकार हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता हैसकार्यक्रम में इम्तियाज अहमद ने शिक्षा के बढ़ते बाजारीकरण, डिग्रीधारी युवाओं के लिए रोजगार के सीमित अवसर, सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं से सामाजिक और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।संगठनात्मक रिपोर्ट संतोष कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई, जिस पर प्रतिनिधियों ने चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। कन्वेंशन में आगामी 13-14 जून को जमुई जिले के लछुआड़ में आयोजित होने वाले डीवाईएफआई राज्य सम्मेलन के लिए नौ प्रतिनिधियों का चयन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन के नारों और युवा एकता के संकल्प के साथ हुआ।डीवाईएफआई एक वामपंथी युवा संगठन है, जो युवाओं से जुड़े सामाजिक, शैक्षणिक और रोजगार संबंधी मुद्दों को लेकर सक्रिय रहता है। कन्वेंशन में रखे गए विचार संगठन और उसके पदाधिकारियों के हैं।

### लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन मनाया गया

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन गुरुवार को स्थानीय सर्किट हाउस में केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में राजद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।इस अवसर पर राजद के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव दलितों, पिछड़ों तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के सशक्त सामाजिक योद्धा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लोग उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।पूर्व मंत्री ड् शमीम अहमद ने कहा कि लालू प्रसाद यादव हमेशा दबे-कुचले और वंचित वर्गों की आवाज


लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन मनातेलोग।

बनकर खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में नफरत की राजनीति करने वाली ताकतों का उन्होंने हमेशा मजबूती से जवाब दिया है।कार्यक्रम में जिला संगठन अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, मधुबन के नूर आलम खान, पूर्व विधायक राजेंद्र राम, विधायक लक्ष्मी नारायण यादव, प्रधान महासचिव सुरेश साहनी, संजय निराला, पवन यादव, जेपी यादव तथा मीडिया प्रभारी जावेद अहमद सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निदेशक ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया औचक निरीक्षण

**महेशखूंट ।** गोगरी प्रखंड के समसपुर एवं बन्नी में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, खगड़िया के निदेशक श्री सुधीर कुमार द्वारा अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान निदेशक सुधीर कुमार ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की कार्यप्रणाली, कचरा प्रबंधन व्यवस्था एवं स्वच्छता अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत घर-घर से कचरा उठाव का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने स्वच्छता पर्यवेक्षक को जैविक कचरे से जैविक खाद निर्माण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतायी। जिला समन्वयक मीरा कुमारी ने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ समाज के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पंचायत स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को और मजबूत किया जाना जरूरी है। इसके लिए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी महत्वपूर्ण है। प्रखंड समन्वयक सन्नी कुमार ने कहा की डब्लूपी यु की लगातार जांच किया जाएगा। अधिकारियों की टीम ने गांव में जाकर स्वच्छता व्यवस्था एवं सीएससी का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक गणेश कुमार, दुलारचंद कुमार स्वच्छता कर्मी रेणु देवी, सुमन चौधरी, किशो देवी, रणवीर पासवान आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सौरबाजार थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से 35 वर्षीय किसान की मौत, मूंग तोड़ कर वापस आ रहा था

**सहरसा (एनएसबी)।** आकाशीय बिजली गिरने से एक 35 वर्षीय किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरबाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया गांव निवासी प्रकाश यादव के पुत्र हीरा यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, हीरा यादव अपनी खेत में गुरुवार को अपनी मूंग की फसल देखने के लिए गया हुआ था और कुछ मुंग तो तोड़ कर खेत से वापस घर लौटने के दौरान तेज बारिश और वज्रपात होने लगी इसके चपेट में आने से उसकी जान चली गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भी इकठ्ठा हो गई। आसपास के लोग उसे उठाकर नजदीक के अस्पताल ले गये। जंहा डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गांव वालों के द्वारा और परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और कार्रवाई में लग गई। हीरा गांव में ही मजदूरी का काम करता था। हीरा यादव की शादी वर्ष 2021 में हुई थी और उसका एक तीन साल का बेटा है। वह अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। इस दुखद घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया है। सौर बाजार थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### 26 वर्षीय युवक की सांप काटने से इलाज के दौरान हुई दर्दनाक मौत परिजनों में मातम

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शाहमौरा नवटोलिया गांव में बुधवार की रात सोए अवस्था में सांप काटने से एक 26 वर्षीय विकास कुमार पासवान की मौत इलाज के दौरान सहरसा में हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शाहमौरा नवटोलिया गांव निवासी प्रमोद पासवान का पुत्र विकास बुधवार की रात अपने घर में सोया हुआ था।कि अचानक उसे एक विषैला सांप काट लिया। जिसके बाद परिजनों के द्वारा आननफानन में सीएचसी सोनवषार्राज लाया गया।जहाँ स्थिति चिंताजनक देख चिकित्सक ने समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव के गांव पहुंचते ही देखने वाले लोगों की भीड़ जुट गई। जबकि मृतक की माता नीलम देवी व पत्नी कविता देवी के विलाप से हर आने जाने वाले लोगों की आंखें नम हो जाता था।जिसे गांव की अन्य महिला शांत करने में जुटी हुई थी। मृतक अपने पीछे अपने माता पिता पत्नी सहित दो बच्चों को छोड़ गया। उक्त बाबत सोनवषार्राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया गया है।



### शिक्षक आदित्य कुमार का हर्ट अटेक से अचानक मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत मनौरी गांव निवासी 42 वर्षीय शिक्षक आदित्य कुमार का गुरूवार की दोपहर अचानक हृदयाघात से मौत हो गया । शिक्षक आदित्य कुमार के असमय मौत से पूरे गांव में मातम छाने के साथ ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरूवार को आदित्य अचानक से घर में बेहोश होकर गिर गया। परिजनों द्वारा आनन फानन में आदित्य को सोनवर्षा सीएचसी में भर्ती कराया गया,लेकिन चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।आदित्य कुमार एनपीएस रामटोला बडसम के शिक्षक थे तथा वर्तमान में मध्य विद्यालय दुगार्पुर में विशिष्ट शिक्षक के रूप में प्रतिनियोजित थे। आदित्य के असमायिक निधन पर नगर अध्यक्ष मनीष कुमार,उपाध्यक्ष शैल देवी, भाजपा नेता प्रो रुद्रनारायण ठाकुर,डां शारदानंद सिंह, खुशीलाल सिंह, राजेंद्र सिंह, इन्द्रदेव साह,हरदेव ठाकुर, समाजसेवी अजय सिंह,सत्यदेव सिंह,संजीव सिंह, मो इब्राहिम, वार्ड पार्षद हरिमोहन उर्फ गुड्डू यादव समैत दर्जनों लोगों द्वारा शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाते हुए शोक व्यक्त किया है।

### राजद कार्यकत्ताओं ने धूमधाम से मनाया लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** समाजवाद के प्रणेता, गरीब गुरूबों एवं पिछड़ी जाति के उन्नायक,वंचितों के आवाज राजद के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के 79वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को डीबी रोड स्थित पूजा रिसॉर्ट में राजद नेताओं और कार्यकत्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने राष्ट्रीय जनता दल जिंदाबाद तथा लालू-तेजस्वी जिंदाबाद के नारों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में महिषी विधायक गौतम कृष्ण, पूर्व मंत्री अशोक सिंह एवं राजद जिलाध्यक्ष मो ताहिर एवं नगर निगम अध्यक्ष ई कौशल यादव सहित कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकत्ता मौजूद रहे। सभी ने लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उनके सामाजिक न्याय, समानता और गरीबों के उत्थान के लिए किए गए योगदान को याद किया।वक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया और उनके विचार आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयां बांटी गईं तथा उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य की कामना की। आज पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन राष्ट्रीय जनता दल सहरसा के द्वारा केक काटकर मनाया गया। इस मौके पं पूर्व मंत्री अशोक कुमार सिंह के महर्षप विधायक डॉ गौतम कृष्णा जिला परिषद उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव नगर निगम अध्यक्ष इंजीनियर कौशल यादव भारत यादव, भूपेन्द्र यादव,गोविन्द दास तांती नाथेसर यादव, जावेद अनवर, पवन यादव, धीरज सम्राट, सतीश शाह, विवके, रिंकू, नुरुल्लाह रहमानी, मो. नईम, मो यूसुफ, लालटू यादव ,सुरेन्द्र यादव, कृष्ण मोहन चैधरी, कैलाश पंजीयार, सबिता देवी, मंजू देवी, मुकेश यादव आदि राजद के नेता मौजूद रहें।

### धमसैना में ज्ञान बिंदु के निदेशक रोशन आनंद की रिहाई की मांग को लेकर छात्र संगठनों का आक्रोश मार्च

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ज्ञान बिंदु कोचिंग सेंटर पटना के निर्देशक रोशन आनंद की रिहाई की मांग को लेकर गुरुवार की सुबह आइडियल पब्लिक स्कूल धमसैना सह कोचिंग सेंटर के प्राचार्य राम सेठ यादव के द्वारा छात्रों और युवाओं ने आक्रोश मार्च निकालकर निष्पक्ष जांच की मांग की।साथ ही रौशन आनंद को ससम्मान रिहाई की मांग की। धमसैना गांव से शुरू हुआ मार्च गांव के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर गुजरा। इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ,युवाओं , बुद्धिजीवियों और आम लोगों ने भाग लिया। मार्च में शामिल छात्र छात्राओं का सिर्फ एक ही नारा था रोशन आनंद सर को रिहा करो। आक्रोश मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने रोशन आनंद के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उनकी रिहाई की मांग उठाई। छात्रों ने कहा कि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीका से न्याय की मांग कर रहे हैं।उनका कहना था कि संबंधित मामले की निष्पक्ष पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन कार्यो ने प्रशासन से जल्दी-वादी में कोई निर्णय नहीं लेने तथा मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच सुनिश्चित करने की मांग की। आक्रोश मार्च के दौरान धमसैना का माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण बना रहा।उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानून कार्रवाई करेगी। प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना था कि रोशन आनंद को कोचिंग विवाद मामले में गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है।



# आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में सम्भावित बाढ़ से निपटने हेतु की गई तैयारी संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित



बैठक में मंत्री, डीएम, डीडीसी व अन्य

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** गुरूवार को स्थानीय विकास भवन में आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ से निपटने हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियों को 15 जून से पूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने बाढ़ की स्थिति में प्रभावित परिवारों के आश्रय हेतु चिन्हित स्थलों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने तथा इन स्थलों को यथासंभव ऊँचे स्थानों पर चयनित करने का निर्देश दिया। बैठक में पूर्वी कोशी तटबंध के चंद्रायन, कोपरिया एवं सुपौल क्षेत्रों तथा पश्चिमी कोशी तटबंध के निर्मली क्षेत्र में आवश्यकतानुसार कटाव निरोधक कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। समीक्षा क्रम में पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा पुल-पुलियों के वेंट की सफाई का कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त अंचलाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, सलखुआ एवं नवहट्टा को निजी नाव मालिकों के साथ एकरारनामा की प्रक्रिया अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया, ताकि आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्कता एवं तत्परता बनाए रखने तथा संभावित बाढ़ की किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक आयोजन से पूर्व मंत्री श्री सादा का स्वागत जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा पौधा देकर किया गया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता श्री निशांत सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## महादेवमठ बहियार में करंट से गर्भवती भैंस की मौत, पशुपालक भी बेहोश निजी क्लीनिक में भर्ती



बहियार में करंट से मृत गर्भवती भैंस

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र के महादेवमठ बहियार में गुरुवार सुबह खुले में लटकी नंगी विद्युत रेखा के करंट से एक गर्भवती भैंस की मौत हो गयी। भैंस को बचाने के प्रयास में पशुपालक ऋषिदेव यादव करंट की झपके लगने से बेहोश हो गए। जिन्हें तत्काल ग्रामीणों ने नजदीकी निजी क्लिनिक में भर्ती कराया। जहाँ समय पर इलाज से उनकी जान बची। मृत भैंस की अनुमानित क्षति करीब 80,000 रुपये बतायी जा रही है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई व मुआवजे की मांग की है। वही पशुपालक के मुताबिक, गुरुवार सुबह जब पशुपालक अपने पशुओं चराने की देखभाल कर रहे थे। तब महादेवमठ के उत्तरी किनारे लगे एक ट्रांसफार्मर से नीचे लटकी नंगी बिजली तार झूल रही थी। चारा करते करते अचानक गर्भवती भैंस तार के संपर्क में आ गई और चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गयी। घटना के देख कर ऋषिदेव यादव ने भैंस को बचाने का प्रयास किया, तभी उन्हें भी करंट झटका लग गया और वह बेहोश होकर गिर गए। गाँव वालों ने बताया कि निजी वाहन के माध्यम से ऋषिदेव को स्थानीय निजी क्लिनिक पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उनकी हालत स्थिर कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय पर इलाज न मिला होता तो पशुपालक की जान भी शायद बच पाती। मिली जानकारी अनुसार मृत भैंस पशुपालक को लगभग 80,000 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ हैवही प्रत्यक्षदर्शियों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह स्थिति बिजली विभाग की लापरवाही का परिणाम है। वे कहते हैं कि उस ट्रांसफार्मर व तार की नियमित देख-रेख नहीं की जाती और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता। कई ग्रामीणों ने कहा कि पहले भी वही जगह खतरनाक रही है और विभाग को कई बार सूचित किया गया, पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## आजादी के बाद पहली बार बन रही सड़क, दर्जनों गांवों को मिलेगा सीधा लाभ, ग्रामीणों में खुषी की लहर



निरीक्षण करते एसडीओ, कार्यपालक अभियंता

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत निमार्णाधीन सहुरिया-जमालनगर सड़क में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए अनियमितता के आरोपों की जांच के लिए गुरुवार को अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। एसडीओ आलोक राय के निर्देश पर कार्यपालक अभियंता देवेंद्र नाथ ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों और संवेदकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने सड़क का चैड़ीकरण कराने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग उठाई। साथ ही क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए आवश्यक स्थानों पर पुल एवं पुलिया निर्माण की भी मांग की। कार्यपालक अभियंता देवेंद्र नाथ ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह प्राक्कलन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील करते हुए कहा कि इससे निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में गुणवत्ता संबंधी कमी पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पूर्व से निर्मित सड़क है। सड़क के दोनों किनारों की कटिंग कर जेएसबी एवं ग्रेड-3 सामग्री डालकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संवेदक चंद्र नारायण यादव एवं अनिल यादव को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि मंगलवार को सहुरिया एवं जमालनगर पंचायत के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रोककर प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों का कहना था कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के लिए पर्याप्त मिट्टी भराई नहीं की जा रही थी और चैड़ीकरण भी प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो रहा था। ग्रामीणों ने आशंका जताई थी कि इस स्थिति में आगामी बाढ़ के दौरान सड़क क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसके बाद प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। 376.75 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़क जानकारी के अनुसार परसबन्नी एमएमजीएसवाई सड़क के करवाला पाढ़ से बादशाहनगर महादलित टोला होते हुए शेख टोली सहुरिया तक करीब 2.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनने वाली इस सड़क की कुल प्राक्कलित लागत 376.75 लाख रुपये है। योजना में 1375 मीटर बिटुमिनस सड़क एवं 1125 मीटर पीसीसी सड़क का निर्माण शामिल है। निर्माण कार्य की लागत 355.62 लाख रुपये तथा छह वर्षों के अनुरक्षण मद में 21.13 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। आजादी के बाद पहली बार बन रही सड़क स्थानीय लोगों के अनुसार आजादी के बाद पहली बार इस मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क बनने से बादशाहनगर, सहुरिया, जमालनगर, शेख टोली सहित दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय से स्थापित होगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विपणन और सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी। बाढ़ के दिनों में भी आवागमन की समस्या काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। पूर्व मुखिया अब्दुस सलाम, कांग्रेस नेता मजनू हैदर समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराने की अपील की।

## सोनवषार्राज में मारपीट कर पिस्तौल के बल पर 55 हजार की लूट, पीड़ित अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवषार्राज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से 55 हजार रुपये लूट लिए गए। पांच अज्ञात बदमाशों ने पिस्तौल सटाकर इस वारदात को अंजाम दिया और पीड़ित को मारपीट कर घायल भी कर दिया। घटना तब हुई जब पीड़ित ट्रांसपोर्ट से अपने घर लौट रहा था। गुरुवार को पुलिस ने मीडिया को जानकारी दी। घायल व्यक्ति की पहचान सहरसा के सोनवषार्राज थाना क्षेत्र के लगमा वार्ड नंबर 11 निवासी 50 वर्षीय भगवान झा के रूप में हुई है। उन्हें इलाज के लिए सहरसा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने उन्हें इलाज के बाद आवेदन देने को कहा भगवान झा ने बताया कि घटना के बाद वे सोनबरसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गए थे। उन्होंने नजदीकी पुलिस को भी सूचना दी, जिस पर पुलिस ने उन्हें इलाज के बाद आवेदन देने को कहा। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अवैध निर्माण एवं अवैध वाहन पार्किंग के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई: जिलाधिकारी



बैठक में डीएम सहित जिले के वरीय पदाधिकारी



अर्थदंड लेते पुलिस एवं परिवहन विभाग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आज जिला राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात सुरक्षा, अवैध अतिक्रमण, अवैध वाहन पार्किंग तथा सर्वोच्च न्यायालय के निदेशों के अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 106, 107 एवं 327 के किनारे सड़क पर अवैध रूप से खड़े किए जाने वाले ट्रक एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर अर्थदंड लगाने का निर्देश संबंधित थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सड़क किनारे खड़े वाहनों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए तथा आवश्यकतानुसार उन्हें जब्त कर संबंधित थानों में जमा कराया जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के आरओडब्ल्यू क्षेत्र के 15 मीटर के भीतर निर्मित होटल, दुकान, मकान एवं अन्य अवैध संरचनाओं को चिन्हित कर नोटिस निर्गत करने का निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को दिया। यदि कोई व्यक्ति नोटिस प्राप्त करने से इंकार करता है तो उसके भवन अथवा प्रतिष्ठान पर नोटिस चस्पा कर उसका फोटोग्राफिक साक्ष्य सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा से संबंधित पारित आदेशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पथ निर्माण विभाग की सड़कों के किनारे निर्मित अवैध संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी उद्देश्य से जिला स्तर पर राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स तथा समर्पित हाईवे सर्विस टीम का गठन किया गया है। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जाए तथा सड़क पर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लंबे समय से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर जुमार्ना लगाने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जब्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित अस्पतालों, एम्बुलेंस सेवाओं तथा क्रेन सेवाओं की जानकारी से संबंधित सूचना पट्ट स्थापित कराने का निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना निदेशकों एवं कार्यपालक अभियंताओं को दिया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि ट्रकों एवं अन्य भारी वाहनों की पार्किंग केवल स्वीकृत ले-बाई, वे-साइड सुविधाओं एवं पेट्रोल पंप परिसरों में ही की जाए। सड़क पर अवैध रूप से वाहन पार्किंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, नगर आयुक्त, नगर निगम सहरसा, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अथवा पथ निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने संबंधी प्राप्त प्रतिवेदन एवं अनुरोधों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे किसी भी नए भवन, प्रतिष्ठान अथवा अन्य निर्माण कार्य के लिए संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण-प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बिना एनओसी के किसी भी भवन का नक्शा नगर निगम अथवा नगर निकाय द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा। साथ ही बिना संबंधित विभाग की अनुमति के राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किसी भी प्रकार के नए व्यावसायिक प्रतिष्ठान को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 106, 107 एवं 327म के परियोजना निदेशक, कार्यपालक अभियंता, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसपी यातायात सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं डीएसपी यातायात को निर्देश दिया कि वे नियमित अंतराल पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात नियमों के अनुपालन की समीक्षा करें तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध निर्माण एवं अवैध वाहन पार्किंग से बचें तथा यातायात सुरक्षा नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# खगड़िया में वज्रपात के चपेट में पिता-पुत्र समेत पांच की मौत

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिले के गोगरी एवं बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार की सुबह वज्रपात के चपेट में आने से पिता-पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। वही कई लोगों के घायल हुये हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल एवं बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है। पुलिस ने षवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गोगरी प्रखंड अंतर्गत बलतारा पंचायत के कन्हौली गांव में गुरुवार की सुबह वज्रपात गिरने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग झुलस गए। बताया जाता है कि कन्हौली गांव के बहियार में एक दर्जन ग्रामीण मक्के की फसल काटने में जुटे थे। इसी बीच अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान वज्रपात के गिरने से आशुतोष यादव, उनका 8 वर्षीय पुत्र और विद्यानंद यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकी इस हादसे में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना में पिता और बेटे की एक साथ मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। ईधर ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर एस्पताल भेज दिया गया। दूसरी तरफ जिले के बेलदौर प्रखंड से भी ठनका की चपेट में आने से दो लोगों के



रोते-विलखते मृतक के परिजन।

मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बेलदौर थाना क्षेत्र के इतमादी सरस्वती नगर वार्ड नंबर 7 स्थित लबघड़िया गांव म ेंएक ही परिवार के पांच सदस्य वज्रपात की चपेट में आ गए। इसमें 35 वर्षीय जवाहर शर्मा (पिता बिंदेश्वरी शर्मा) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 42 वर्षीय शंभू शर्मा (पिता बेलो शर्मा), 65 वर्षीय बेलो शर्मा (पिता गणेश जी शर्मा), उनकी पत्नी रुक्मणी देवी और शंभू शर्मा की 38 वर्षीय पत्नी रेखा देवी घायल हो गये। घायलों में रेखा देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही बलैठा पंचायत के वार्ड नंबर 4 स्थित नारदपुर गांव में हुई। यहां 18 वर्षीय युवक मणि लाल कुमार (पिता महेश्वर महतो) की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। वहीं तीन अन्य घायल हैं। घायलों में गुणेश्वर महतो का पुत्र लव कुमार, विद्यानंद सहनी का पुत्र शिवम कुमार और माहिल महतो का पुत्र अजनाश कुमार के नाम शामिल है ।

वही इसी पंचायत के वार्ड नंबर 15 ढाढी गांव के तेजन यादव की 45वर्षीय पत्नी गायत्री देवी भी घायल हैं, जिनका इलाज बेगूसराय में चल रहा है। इस संबंध में बेलदौर अंचलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि दो अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की घटनाओं में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। सभी घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त इतमादी पंचायत के भोरबथना गांव में एक दुधारू गाय की भी मौत होने की जानकारी मिली है।

## लालू प्रसाद ने समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मुख्य धारा में लाने का काम किये : मनोहर

**खगड़िया।** शहर के कृष्णापुरी बलुआही स्थित जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत सरकार के पूर्व रेल मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 79 वां जन्मदिन राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव के नेतृत्व में राजद कार्यकर्तओं के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम पूर्व एमलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव के द्वारा राजद के सभी साथियों के साथ केक काटकर सामाजिक न्याय के पुरोधा, गरीबों, वंचितों और पिछड़ों की आवाज को बुलंद करने वाले लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ रहने की ईश्वर से कामना किया साथ ही साथ उपस्थित सभी राजद के साथियों को केक और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव महामानव हैं उन्होंने हमेशा बिहार के किसान, मजदूर, अकलियत, छात्र और युवा के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए आवाज उठाते रहे हैं जब उनको मौका मिला उनको उचित लाभ देने का काम किये हैं। लालू प्रसाद यादव समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को समाज के मुख्य धारा में लाने का काम किये और जो उनका वाजिब हक था उनको दिलाने का का काम किये। लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने सामाजिक न्याय और वंचितों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए कई ऐतिहासिक फैसले लिए थे। उनके मुख्य फैसलों में मंडल आयोग की सिफारिशों (आरक्षण) का सख्ती से लागू करना, गरीबों और दलितों को राजनीतिक भागीदारी दिलाना, और श्चरवाहा विद्यालयश् जैसी अनूठी पहल शामिल हैं।बिहार में पिछड़े वर्गो को आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए मंडल आयोग की सिफारिशों को सख्ती से लागू किया गया, जिसने राज्य की राजनीति की दिशा बदल दी।महादलितों और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों जैसे मुसहर समाज को उन्होंने मुख्यधारा की राजनीति में आगे बढ़ाया और विधायक व सांसद तक बनाया। इस अवसर पर जिला प्रधानमहासचिव नंदलाल मंडल, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, जिला मीडिया प्रभारी सह पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार, जिला प्रवक्ता अजीत सरकार, जिला कोषाध्यक्ष आमिर खान, जिला महासचिव लड्डू रजक, शकलदीप यादव, खगड़िया नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार, युवा जिलाध्यक्ष उदय यादव, दिव्यांग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निभा भारती, पंचायतीराज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजकिशोर राज, मानसी प्रखंड अध्यक्ष तेजनरायन यादव, चौथम प्रखंड अध्यक्ष मोजफर आलम, जिला सचिव विद्यानंद यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राकेश यादव, राजद नेत्री पुतुल देवी, नूतन देवी, मीरा देवी, किरण देवी, संगीत देवी , युवा राजद , छात्र नेता टीपु सुल्तान मंसूरी सहित दर्जनों राजद नेता मौजूद थे।



कार्यक्रम में मनोहर यादव व अन्य।

## नाला निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के नारदपुर गांव के सड़क पर बारिश का पानी जमा रहने से लोगों को काफी परेषानी का सामना करना पर रहा है। जल निकासी नहीं रहने के कारण बारिश का पानी करीब दो सप्ताह तक जमा रहता है। मालूम हो कि स्थानीय जनप्रतिनिधि के नकारात्मक रवैया के कारण नाला का निर्माण नहीं हो रहा है। जिस कारण बारिश का पानी सड़क पर ही फंस जाती है। इस संबंध में नारदपुर के राजो महतो, गजेंद्र कुमार, ललन महतो, बिंदेश्वरी महतो, भिखो महतो, सदानंद महतो समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि के लापरवाही के चलते मेरे गांव में नाला का निर्माण नहीं किया गया। जिस कारण बारिश का पानी फस जाती है।



सड़क पर जमा पानी।

यदि कोई भी अतिथि आते हैं तो कहते हैं कि आपके गांव से सटे जब विधायक हैं तो नाला की निर्माण क्यों नहीं हो पाती है, जब तक नाला का निर्माण नहीं होगी तो तब तक बारिश का पानी फसा रहेगा। जिस कारण पानी होकर आम व्यक्ति को गुजरना दिनचर्या बन गई है। जबकि उक्त पंचायत के मुखिया तेज तर्रार रहने के बावजूद भी नाला का निर्माण नहीं कर पाए हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

**खगड़िया।** जिले के मानसी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ठाठा के पथिक लाईन होटल के समीप गुरूवार की दोपहर एक बाईक सवार को ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मारने के कारन बाईक सवार मौंत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकी बाईक पर सवार एक बच्चा विष्णु कुमार (8) बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा घायल बच्चे को ईलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जबकि मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर अन्तपरीझण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। ईधर मृतक की पहचान चित्रगुप्तनगर थाना



रोते-विलखते परिजन।

क्षेत्र के सन्हौली अन्तर्गत बाजार समिती वार्ड नंबर 27 निवासी सागर तांती के पुत्र अविनाश कुमार(18) के रूप मे हुई है। घटना के संबंध मे ज्ञात हो की मृतक अविनाश अपने बाईक से गुरूवार की सुबह ही अपनी बहन साधना कुमारी को पीपरा तिलय गाँव स्थित उसके ससुराल से लाने के निकला था। इसी क्रम में वह अपनी बहन एवं अपने भांजे सहित अपने बाईक से घर लौट रहा था। इसी दौरान उक्त घटना घटी। हलांकि मृतक के बहन को मामुली चोटें आई। ईधर गुरूवार को ही षव को अन्तपरीझण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## जीविका कर्मियों के द्वारा जीविका बीपीएम को दी गई विदाई

**चौथम (डीएनएस)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जीविका कार्यालय के सभागार में गुरुवार को जीविका परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार के स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जीविका से जुड़ी दीदियों एवं कर्मियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान उपस्थित जीविका के महिलाओं ने कहा कि राजेश कुमार ने अपने कार्यकाल में जीविका समूहों को मजबूत बनाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और कार्य के प्रति समर्पण ने सभी के बीच एक अलग पहचान बनाई। यही कारण रहा कि उनके भावुक नजर आए। कार्यक्रम में जीविका दीदियों एवं कर्मियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह और पेन भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि राजेश कुमार हमेशा टीम भावना के साथ कार्य करते रहे और उन्होंने सभी कर्मियों एवं जीविका दीदियों को परिवार की तरह साथ लेकर काम किया। उनके मार्गदर्शन में कई स्वयं सहायता समूहों ने सफलता की नई उंचाइयों को छुआ। अपने संबोधन में राजेश कुमार ने कहा कि चौथम में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा।

उन्होंने सभी जीविका दीदियों, कर्मियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां से मिले ह और सहयोग को वे कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने सभी को आगे भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहने की अपील की। विदाई समारोह में जीविका दीदी नीलू कुमारी, रुबी कुमारी, प्रीति कुमारी, कोमल कुमारी, अध्यक्ष उषा रानी, नवल किशोर, ब्रजकिशोर, मुकेश कुमार, रोहित कुमार, रुपेश सिंह, अविनाश कुमार सहित दर्जनों जीविका दीदी एवं कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राजेश कुमार के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ किया गया।




कार्यक्रम में जीविका दीदी व अन्य।

### संक्षिप्त खबरें

#### मछली व्यवसायी से पैसे और मछली को लूटा

**गोगरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोगरी जमालपुर बुढ़िया टारी स्थित बड़ी पोखर के पास एक व्यक्ति से कुछ आसामजिक तत्वों द्वारा हथियार के बल पर रंगदारी मांगने, पैसे और मछली छीनने का मामला प्रकाष में आया है। इस मामले में मछली व्यवसायी पप्पू यादव द्वारा गोगरी थाना में आवेदन देकर दीपक यादव, डब्लू यादव, छत्तीस यादव पर आरोप लगाया है। इस मामले मे पीड़ित द्वारा कहा गया की जब वह टोटो से मछली लेकर घर आ रहा था तो घर से कुछ ही दूरी पर उक्त लोगों द्वारा जबरदस्ती मेरे गाड़ी को रोक लिया गया और हथियार के बल पर एक लाख रुपया रंगदारी मांगने लगा। नहीं देने पर उक्त आरोपियों द्वारा मेरे जेब से बारह सौ रुपया छीन लिया तथा मेरा मछली भी लूट लिया। पीड़ित द्वारा उक्त आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले मे गोगरी थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा की मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। केस दर्ज कर लिया जाएगा।

#### सुदुरवर्ती इलाके में संचालित हो रहे हैं फर्जी नर्सिंग होम

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के सुदुर वर्ती इलाके में फर्जी नर्सिंग होम कुकुरमुत्ते की तरह खुला हुआ है। उक्त नर्सिंग होम पर कार्रवाई नही होने से गरीबों को दोहन शोषण का शिकार होना पड़ता है। बताते चलें कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के डुमरी बाजार में करीब एक दर्जन से अधिक झोलाछाप डक्टर अपना प्राइवेट नर्सिंग होम खोलकर चला रहे हैं। उक्त मामले में स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। बताते चलें कि प्राइवेट नर्सिंग होम में कई मरीजों का मौत हो गया, फिर भी कार्रवाई नहीं हो पाया। वही बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के समीप कई दवाई दुकान फर्जी तरीके से चल रहा है, लेकिन उसपर भी कार्रवाई नहीं हो पाती है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डुमरी बाजार में करीब एक दर्जन से अधिक फर्जी मेडिकल खुला हुआ है। जब कोई ग्रामीण शिकायत करते हैं तो उसपर किसी प्रकार की कार्रवाई नही होती है।

#### जिला प्रशासन को गांव स्तर तक जागरूकता लाने की जरूरत : त्यागी

**खगड़िया।** जिले में गुरूवार को तीन अलग-अलग जगहों पर वज्रपात की घटना में पांच लोगों की जान चले जाने और कई लोग के झुलसने की घटना के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते समाजिक कार्यकर्ता नागेन्द्र सिंह त्यागी ने कहा कि सरकार और जिला प्रषासन को गांव स्तर के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि इधर देखने को मिल रहा है कि जब वारिष होती है तो वज्रपात गिर जाती है और इस वज्रपात में लोगों की जान चली जाती है। हलांकि उन्होने कहा कि प्रातिक आपदा को रोकना किसी के वष की बात नही है। लेकिन हम प्रषासन से मांग करते हैं कि लोगों को और जागरूक करें ताकि इस प्रकार की घटना को कम किया जा सके। उन्होने कहा कि षहरी क्षेत्र के लोग जागरूक है ही अब जरूरत है ग्रामीण स्तर के लोगों को जागरूक करना। उन्होने कहा कि ऐसा नही है कि सरकार इसके जागरुता पर ध्यान नही दे रही है। उन्होने कहा कि हमारा जिला शि प्रधान है और फसल बुआई और कटाई के समय लोग अपनी फसल काटने के लिये मौसम का ध्यान नही रखते हैं। लेकिन यही थोड़ी चूक कभी-कभी जानलेवा बन जाती है। उन्होने प्रषसन से यह भी मांग किया कि मृतक आश्रितों को अविलंब मुआवजा दिया जाय।

### संक्षिप्त खबरें

#### निर्वाचित विधान पार्षदों से सशक्त होगा विकसित बिहार का संकल्प

**खगड़िया।** बिहार विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन में जदयू के ई निशांत कुमार, भारती मेहता, ललन प्रसाद एवं शिवरानी देवी सहित एनडीए समर्थित सभी नव निर्वाचित विधान पार्षदों को जदयू नेताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नव निर्वाचित विधान पार्षद अपने अनुभव, क्षमता एवं जनसेवा के संकल्प के बल पर बिहार के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता और सुशासन को नई गति प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्य विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने में सार्थक योगदान देंगे। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में एनडीए लगातार जनहित एवं विकास के एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है। जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने भी सभी नव निर्वाचित विधान पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत लोकतांत्रिक मूल्यों, संगठन की मजबूती तथा जनता के विश्वास की जीत है। उनके अनुभव एवं नेतृत्व से बिहार के विकास को नई दिशा मिलेगी। मौके पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष दीपक सिन्हा, निलम वर्मा, उमेश सिंह पटेल, अनिल जयसवाल, नूतन सिंह पटेल, पुरूषोत्तम अग्रवाल, रामविलास महतो, निर्मला कुमारी, चन्दन कुमारी, विणा पासवान, लोहा सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, उदय प्रसाद सिंह, प्रभाकर चौधरी मन्टून, अविनाश पासवान, धर्मेंद्र महतो, रूस्तम अली, शहाब उद्दीन, सावन कुमार बंटी, ललित चौधरी, सतीश आनंद, राका सहाय, प्रवीण चौरसिया, चन्देश्वरी राम, विनय सिंह रोशन, महासचिव राजीव रंजन , फिरदोस आलम, पंकज चौधरी, अनुज शर्मा, नीतीश सिंह पटेल, अंगद कुमार, प्रखंड अध्यक्षों में रामप्रकाश सिंह, राजनीति प्रसाद सिंह, संजय सिंह कुशवाहा, अशोक राय, मायाराम मंडल, सुबोध साह, रूपेश कुमार, प्रभात शर्मा, अमरेंद्र सिंह, ड रवि कुमार, जदयू नेता गणेश पटेल, ड धीरेंद्र कुमार यादव, पवन पासवान, एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

#### सहयोग शिविर को लेकर कर्मियों के साथ अधिकारियों ने की बैठक

**चौथम (डीएनएस)।** प्रखंड के चौथमएवं बुच्चा पंचायत में लगने वाले सहयोग शिविर एवं 17 एवं 18 जून को प्रत्येक पंचायत में लगने वाले दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय सहयोग सह जनकल्याण शिविर को लेकर प्रखंड अंचल के सभी कर्मचारी एवं सभी अधिकारियों के द्वारा एक संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से शिविर के माध्यम से आम लोगों की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निष्पादन किए जाने एवं शिविर के सफल आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां में गति एवं व्यवस्थित रूप से सिविर संचालन एवं व्यवस्था पर गहनता से चर्चा की गई। बैठक की प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह, की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचल प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने लिया। जबकि मौके पर अंचलाधिकारी रविराज पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, कल्याण नितेश कुमार, षि महेश कुमार, शिक्षा मनोज श्रीवास्तव आदि सभी अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बीडीओ के द्वारा शिविर की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए सभी संबंधित विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि शिविर के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों, स्वास्थ्य सेवाओं, षि, शिक्षा, कल्याण, मनरेगा, आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। लोगों को शिविर की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने कि बात कही। जबकि गुरुवार को बीडीयो के द्वारा प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन प्रखंड की सभी पंचायतों, गांवों एवं प्रमुख बाजारों में घूम-घूमकर माइक के माध्यम से शिविर की जानकारी लोगों तक पहुंचाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को इस शिविर की जानकारी से वंचित न रहना पड़े। बीडीओ ने कहा कि सहयोग सह जनकल्याण शिविर का उद्देश्य आम जनता को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करें।

#### अश्लील गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के तेलिहार पंचायत के रामनगर गांव में अश्लील गाने का विरोध करना एक पक्ष को काफी महंगा साबित हुआ। इसको लेकर मारपीट की घटना में एक पक्ष दो लोगों के गंभीर रूप से घायल हो गये। वही घायलावस्था में दोनो को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। वही सीएचसी के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति बेहतर होने पर एक बच्ची को छुट्टी दे दी जबकि गंभीर रूप से घायल अधेड़ को बेहतर इलाज के लिए खगड़िया रेफर कर दिया। घटना बुधवार की देर शाम की बताई जा रही है। इस मामले में सनोज चौधरी ने थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। लिखित आवेदन में बताया कि पड़ोस के उमेश चौधरी के पुत्र सिंटू कुमार साउंड सिस्टम पर अश्लील गाने बजा रहे थे। इसपर जब मेरे पुत्र सोनु कुमार ने जब विरोध किया तो आरोपी युवक के परिजन भी आक्रोशित होकर हमलोगों के बुरी तरह मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में मेरी 13 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी घायल हो गयी, जबकि लोहे के पंजे से मेरे आंख एवं चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया एवं मेरे पुत्र को भी बुरी तरह घायल कर दिया। घटना में आठ लोगों को आरोपी बनाते आवश्यक कारवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित के शिकायत को गंभीरता से लेते पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

#### बीडीओ ने दो व्यक्तियों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**खगड़ियाध्गोगरी।** उप विकास आयुक्त के द्वारा वीडियो कल के माध्यम से प्रखंड परिसर गोगरी स्थित स्थायी आधार केंद्र के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के बाद दो व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप विकास आयुक्त, द्वारा वीडियो कल के माध्यम से किए गए निरीक्षण में पाया गया कि आधार केंद्र के संचालन हेतु अधित अपरेटर के स्थान पर एक अन्य व्यक्ति द्वारा केंद्र का संचालन किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान यह भी संज्ञान में आया कि आधार केंद्र का संचालन निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, जिससे गलत तरीके से आधार पंजीकरण एवं अवैध वसूली की आशंका उत्पन्न हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप विकास आयुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोगरी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोगरी द्वारा मामले की जांच कराते हुए अधित अपरेटर सुमित कुमार तथा केंद्र का संचालन कर रहे मिथुन कुमार के विरुद्ध गोगरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी में अनधित रूप से आधार केंद्र संचालन, गलत तरीके से आधार पंजीकरण करने एवं अवैध वसूली सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी सेवाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

#### 32.51 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ

**खगड़िया।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-27 अंतर्गत गुलाबनगर में करीब 32 लाख 51 हजार रुपये की लागत से बनने वाले महत्वपूर्ण आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ नगर सभापति अर्चना कुमारी द्वारा किया गया। नाला निर्माण कार्य के शुभारंभ के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य केवल विकास कार्यों की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें समय पर धरातल पर उतारना है। उन्होंने कहा कि गुलाबनगर क्षेत्र में जल निकासी की समस्या लंबे समय से लोगों की प्रमुख मांग रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस योजना को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में जलजमाव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिलेगा। साथ ही सड़कों की स्थिति में भी सुधार आएगा और बरसात के दिनों में आवागमन सुगम हो सकेगा। नगर सभापति ने कहा कि नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। चाहे सड़क निर्माण हो, नाला निर्माण, सामुदायिक शौचालय, पोखर सौंदर्यीकरण, पुलिया निर्माण या अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाएं हों, सभी कार्य जनता की जरूरतों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नगर परिषद क्षेत्र में विकास की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। कई वर्षों से लंबित योजनाओं को पूरा किया गया है और कई नई योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। आने वाले समय में भी नगर परिषद क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य जारी रहेगा।कार्यक्रम के दौरान अमन सिंहा, गुलचुन कुमार, पंकज चौहान, अनुज सिंह, संजीव कुमार सिंह, सुमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ज्ञान एवं साहित्य संस्कृति को बढ़ावा देता है पुस्तक मेला

# पुस्तक मेले का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

**मुंगेर (डीएनएस)।** ज्ञान साहित्य संसति एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मुंगेर पुस्तक मेला 2026 का स्थानीय इंडोर स्टेडियम में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों,विद्यार्थियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के आयोजक चंद्र भूषण द्वारा जिला पदाधिकारी को अंग वस्त्र एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष की बात है के जिले में इस तरह के पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है, परन्तु पिछले 12 वर्षो से ऐसा आयोजन नहीं हो पाना दुःखद है। इस तरह के आयोजन प्रायः जिले में आयोजित होने चाहिए, ताकि युवाओं विशेष कर पढ़ने लिखने वालों के लिए यह एक अच्छी पहल होंगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं तथा व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक एवं सांसतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अध्ययन व्यक्तित्व निर्माण और ज्ञानवर्धन का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों से पुस्तक मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अध्ययन करने तथा अपने ज्ञान के दायरे को विस्तृत करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पुस्तक मेला केवल पुस्तकों की खरीद-बिक्री का मंच नहीं है, बल्कि यह विचारों के आदान-प्रदान, साहित्यिक संवाद और बौद्धिक चेतना को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन जिले में पठन-पाठन की संसति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को साहित्य और ज्ञान की दुनिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


पुस्तक मेले का अवलोकन करते जिलाधिकारी।

उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी ने मेले में लगाए गए विभिन्न पुस्तक स्टलों का अवलोकन किया तथा प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं से उपलब्ध पुस्तकों एवं साहित्यिक सामग्री के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों, युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध पुस्तकों की विविधता की सराहना की। पुस्तक मेले में साहित्य, इतिहास, विज्ञान, तकनीक, कला, संसति, बाल साहित्य, धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रंथों सहित विभिन्न विषयों की हजारों पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। मेले में स्थानीय लेखकों की तियों के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध साहित्यकारों की पुस्तकों को भी स्थान दिया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न साहित्यिक, सांसतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे आगंतुकों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त होगा।समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने पुस्तक संसति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पुस्तकों के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक सोच, रचनात्मकता एवं जागरूकता का विकास संभव है। पुस्तक मनुष्य के अकेलेपन को दूर करने का बेहतरीन साथी है, इसलिए पुस्तकों से दोस्ती करें और अधिक से अधिक अपना ज्ञान वर्धन करें। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समय की आवश्यकता बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं आयोजकों की सराहना की।उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कमल किशोर, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अंकित कुमार सहित शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, साहित्यकार, प्रकाशक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।मुंगेर पुस्तक मेला 2026 आगामी 14 जून तक तक पूर्वाहन 11 बजे से 6 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा, जहां आगंतुक विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अवलोकन एवं क्रय कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से पुस्तक मेले में पहुंचकर इस ज्ञानोत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिपाही भर्ती फर्जीवाड़ा मामले में तीन गिरफ्तार

**मुंगेर।** सिपाही भर्ती के फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार सफियासराय थाना क्षेत्र के तीन आरोपित की गिरफ्तारी के बाद महमदपुर फरदा एवं बाक टोला फरदा गांव में हरकम मच गई। फर्जीवाड़ा मामले में पटना के सचिवालय थाना में 500 लोगों पर दर्ज किए गए प्राथमिक में तीन आरोपी की गिरफ्तारी सफियासराय थाना अध्यक्ष संजीत कुमार ने करने के बाद बताया कि छोटू कुमार एवं वरुण कुमार दोनों भाई हैं जो किसान सोहन यादव के पुत्र बताए गए हैं। जबकि रंजन कुमार पिता किसान रामचंद्र यादव के पुत्र है सभी लोग पढ़ने लिखने वाले छात्र-छात्रा तो जरूर है पर फर्जीवाड़ा करने की शिकायत पूछताछ के बाद ग्रामीणों से पता चला है। यह भी पता चला है कि इन लोगों के एक रिश्तेदार पुलिस विभाग में है जिसका तार इस फर्जीवाड़ा से कहीं जुरा हुआ तो नहीं इस विषय पर भी जांच किया जा रहा है। इधर गांव से तीनों आरोपित की गिरफ्तारी होने के बाद खलबली मच गई है।

### धूमधाम से मनाया गया लालू प्रसाद का जन्मदिन


**जमालपुर (मुंगेर)।** राजद के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 78वां जन्मोत्सव गुरुवार को जमालपुर के बड़ी दरियापुर स्थित मंटू कुमार यादव के आवास पर धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मौके पर मंटू यादव, पूर्व प्रत्याशी नरेंद्र तांती, मो. जुल्फेकार अंसारी, प्रतिमा चौरसिया, ब्रजमोहन तांती, निरंजन यादव, लक्ष्मण चौरसिया, नरेश यादव, ष्णदेव चौरसिया, सुनील कुमार, पिंटू सिंह, अजय यादव, दिलीप यादव, प्रकाश तांती, दीपनारायण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शहर में जीएसटी टीम के छापा से व्यवसाइयों में मचा हड़कंप

## बिना बिल सामान की डिलीवरी की सूचना पर हुई कार्रवाई

**जमालपुर (मुंगेर)।** शहर के सदर बाजार क्षेत्र में जीएसटी विभाग की अचानक हुई कार्रवाई से व्यापारियों के बीच हड़कंप मच गया। मुंगेर जीएसटी विभाग की टीम ने सुबह करीब 10 बजे छोटी पोस्ट अफिस गली स्थित मुरारी पटवा की दुकान पर छापेमारी कर दस्तावेजों की गहन जांच की। कार्रवाई की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों और व्यवसायियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, जीएसटी विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सूरजगढ़ा से बिना वैध बिल और आवश्यक कागजात के सामान की आपूर्ति की गई है।

सूचना के आधार पर विभागीय टीम तत्काल सदर बाजार पहुंची और संबंधित दुकान में जांच शुरू कर दी। टीम ने दुकान से जुड़े खरीद-बिक्री के अभिलेख, स्टक रजिस्टर तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इधर, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जीएसटी अधिकारियों के पहुंचते ही पूरे बाजार में चर्चा का माहौल बन गया। कई दुकानदार अपनी दुकानों से निकलकर मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। करीब काफी देर तक विभागीय अधिकारी दुकान में मौजूद रहकर जांच-पड़ताल करते रहे। इस बावत दुकानदार मुरारी पटवा एवं उनके पुत्र सोनू ने बताया कि जीएसटी विभाग की टीम जांच के लिए आई थी। अधिकारियों ने कुछ दस्तावेजों की जांच की और उन्हें आगे की पूछताछ एवं आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने के लिए विभागीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। हालांकि संभावित जुर्माना या किसी अन्य कार्रवाई के संबंध में उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी गई है। बताया जाता है कि मामला बिना बिल के सामान की डिलीवरी से जुड़ा हुआ है। विभाग अब जब्त दस्तावेजों और उपलब्ध अभिलेखों की समीक्षा कर रहा है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।


जीएसटी विभाग की ओर से छापेमारी के बाद बंद दुकान।

# रेल कॉलोनी अवैध रास्ते को एक बार फिर रेल प्रशासन ने किया ध्वस्त

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल कलोनी रामपुर में अवैध रास्तों और अस्थायी पुल-पुलिया को लेकर रेल प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए ध्वस्त किया है।रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में अवैध रास्तों को ध्वस्त किए जाने के बावजूद स्थानीय स्तर पर लोगों ने बांस-बल्ला और चचरी लगाकर दोबारा आवागमन शुरू कर दिया था। इसकी जानकारी मिलते ही सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल ने कलोनी का औचक निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। सीडब्लूएम के आदेश के बाद आईओडब्लू दिनेश प्रसाद के नेतृत्व में रेलवे कर्मियों की टीम ने रामपुर कलोनी और वलीपुर रोड के बीच बने अवैध रास्ते पर पहुंचकर बांस-बल्ला, चचरी और अस्थायी पुल-पुलिया को ध्वस्त कर दिया। साथ ही उन स्थानों का भी निरीक्षण किया गया, जहां से लोग रेलवे की दीवार तोड़कर या क्षतिग्रस्त हिस्सों से होकर आवागमन कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान सीडब्लूएम ने रेलवे कलोनी की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा अवैध रास्तों को स्थायी रूप से बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे की भूमि और कलोनी की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।


कलोनी में अवैध रास्ते पर बने पुल-पुलिया को ध्वस्त करते रेल प्रशासन।

# बारिश से अंचल कार्यालय परिसर में जलजमाव, लोगों को परेशानी

**जमालपुर (मुंगेर)।** आंधी-तूफान के साथ हुई गुरुवार की सुबह मूसलाधार वर्षा ने जमालपुर की बदहाल बुनियादी सुविधाओं की पोल खोलकर रख दी। महज कुछ मिनट की तेज बारिश के बाद जहां प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर पूरी तरह जलमग हो गया।वहीं जमालपुर-धरहरा मार्ग को जोड़ने वाली रेलवे की ऊरी सड़क गड्ढों और कीचड़ से भरकर तालाबनुमा बन गई। इस स्थिति ने नगर परिषद और रेलवे प्रशासन दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्षा के बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में चारों ओर पानी भर गया। फरियादी और आम लोग अपने जरूरी कार्यो के लिए पानी के बीच होकर कार्यालय पहुंचने को मजबूर दिखे। अरुण पासवान,सुमन कुमार, माला देवी,नेहा कुमारी, बबलू सिंह ने बताया कि हल्की वर्षा में ही परिसर का यह हाल हो जाता है, जिससे सरकारी दफ्तर आने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। नालों की नियमित सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष यही स्थिति बनती है। उधर, स्टेशन रोड से लेकर 6 नंबर गेट तक जाने वाली रेलवे की ऊरी सड़क भी वर्षा के बाद बदहाल नजर आई। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से उसकी वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया।


प्रखंड कार्यालय के बाहर जमे वर्षा का पानी।

# लापता मासूम बच्चा 3 घंटे बाद घर के गोदाम में सकुशल मिला

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** जमालपुर क्षेत्र के सदर बाजार फाड़ी स्थित छोटी पोस्ट अफिस गली में गुरुवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब करीब तीन वर्षीय मासूम शौर्य राज अचानक घर से लापता हो गया। बच्चे के गायब होने की सूचना मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।जबकि आसपास के लोगों में भी चिंता और बेचौनी का माहौल बन गया। पिता राहुल ने बताया कि शौर्य राज अपने घर में खेल रहा था। इसी दौरान वह घर के अंदर बने गोदाम में जाकर खेलने लगा। उस समय उसके दादा श्रवण कुमार साह और मैं सहित पूरा परिवार छत पर मौजूद थे। कुछ देर बाद जब परिजन नीचे आए और बच्चे को खोजा तो वह कहीं दिखाई नहीं दिया। परिवार के लोगों ने घर और आसपास के इलाके में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। उन्होंने बताया कि करीब तीन घंटे तक जब बच्चा नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। इधर सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और खोज अभियान शुरू कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगेर जिला सूचना इकाई की टीम को भी सक्रिय किया गया। पुलिस और प्रशासनिक टीम ने घर के हर हिस्से तथा आसपास के क्षेत्र की बारीकी से तलाशी ली। काफी मशक्कत के बाद मासूम शौर्य राज घर के अंदर बने गोदाम में सकुशल बैठा मिला। बच्चे के सुरक्षित मिलने की खबर मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली और घर में खुशी का माहौल लौट आया। संभावित बड़े हादसे के टल जाने से स्थानीय लोगों ने भी राहत महसूस की। इधर बच्चे के सकुशल मिलने पर पिता राहुल कुमार और दादा श्रवणय कुमार साह ने पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद, एसडीपीओ अभिषेक आनंद, थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, एसआई रमेश कुमार सिंह, एएसआई सुजीत कुमार सिंह, तथा जिला सूचना इकाई टीम को धन्यवाद दिया।


खोए हुए बच्चों को देखकर खुशी जाहिर करते स्वजन।



## संक्षिप्त खबरें

# आसिफ के गोल से खगड़िया ने मुबारक चक मुंगेर को हराकर पहुंचा फाइनल में

### सेमी फाइनल का मैच हुआ काफी रोमांचक

### ट्राई ब्रेकर के माध्यम से जीत हार का हुआ फैसला

### खगड़िया के आसिफ को मिला बेस्ट 22 का पुरस्कार

**जमालपुर (मुंगेर)।** यदुपति नाथ गणेश मंडल मेमोरियल फुटबल टूर्नामिंट का जेएसए मैदान में पहला सेमीफाइनल मैच मुबारक चक मुंगेर एवं खगड़िया के बीच खेला गया। रोमांचक बड़े इस मुकाबले में मैच के समाप्ति तक दोनों टीम एक दूसरे पर कोई गोल नहीं कर पाई। सेमी फाइनल मैच करने के लिए ट्राई ब्रेकर का फैसला लिया गया। ट्राई ब्रेकर के माध्यम से खगड़िया ने मुबारक चक मुंगेर को 1- 0 से पराजित कर टूर्नामिंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्रिया के जर्सी नंबर 21 के आसिफ को बेस्ट 22 का पुरस्कार अतिथि के हाथों दिया गया।मैच में निर्णय की भूमिका में रेफरी सुधांशु कुमार, रामरक्षा,ष्णानंद, प्रवीण शंकर ने अहम भूमिका निभाई।मैच के मुख्य अतिथि चेयरमैन पार्वती देवी, विशिष्ट अतिथि जेआर एस कलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डक्टर देवराज सुमन सहित वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, सोनू मंडल,आलोक कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया। इधर अतिथियों ने फुटबल के सफल आयोजन के लिए मैकेनिकल रीक्रिएशन क्लब के अध्यक्ष उमेश सिंह, उपाध्यक्ष अशोक सिंह चौहान कोषाध्यक्ष शिवलाल रजक,अजीत कुमार,नंदकिशोर यादव,लटोरी मंडल,प्रवीण कुमार,मनोज कुमार, ष्णानंद,जैनुल आबेदीन, अनिल कुमार पासवान सहित कई सदस्यों के प्रति आभार जताया। वही आयोजक मंडली के द्वारा तमाम अतिथि का स्वागत अभिनंदन किया गया।मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप,रंजीत प्रसाद,विष्णु देव पासवान,प्रवीण कुमार,रंजीत प्रसाद,नंदकिशोर यादव, राजकुमार सहित सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।


विजय खिलाड़ी।




खिलाड़ी से हाथ मिलाते मुख्य अतिथि चेयरमैन, पुरस्कार देते अतिथि।

# भाजपा में मिलता है कार्यकर्ता को सम्मान : सरोज रंजन पटेल

### भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य अभिनंदन और स्वागत

**फतुहा।**भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल का गुरुवार को भाजपा फतुहा विधानसभा के सभी सातो मंडल अध्यक्षों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य अभिनंदन और स्वागत संपाचक शहर के एक निजि हल में किया गया। अध्यक्षता भाजपा संगठन जिला बाढ़ के जिलाध्यक्ष शैलैन्द्र प्रसाद ने किया जब की संचालन फतेहपुर मंडल अध्यक्ष विपुल सिंह ने किया।इस अवसर पर भाजपा संपाचक नगर अध्यक्ष सुमित कुमार,संपाचक ग्रामीण अध्यक्ष बीर बहादुर सिंह, फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी,फतुहा ग्रामीण दक्षिणी मंडल अध्यक्ष उदय कुमार,उतरी मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, जल्ला मंडल अध्यक्ष मनीष यादव,फतेहपुर मंडल अध्यक्ष विपुल सिंह ने अंगवस्त्र, बुके और बड़ा माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सरोज रंजन पटेल ने कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है।यहा आम कार्यकर्ताओं को जो सम्मान मिलता है वो किसी दूसरी पार्टी में नही मिलता है भाजपा ही एक ऐसी पाटीहै जहां आम कार्यकर्ता भी शिखर तक पहुच सकते है उन्होंने अपने आप को उदहारण बताते कहा की एक गरीब परिवार से किसान के वेटा को भाजपा ने प्रदेश महामंत्री बनाकर जो सम्मान दिया है उसे कभी भुलाया नही जा सकता है। उन्होंने कांग्रेस, राजद,सपा जैसे पाटीओं पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए बताया की वहां पहले से ही तय रहता है उनके परिवार के सदस्य ही नीचे से उपर तक बने रहेगे। उन्होने स्वागत करने वाले प्रत्येक फतुहा विधानसभा के कार्यकत्ताओं और जन प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया और कहा की घर में इस प्रकार के अदभुत स्वागत मैं खुश हुं। मुझेविश्वास है भविष्य में भी इसी प्रकार आपका आर्शीवाद मिलते रहेगा। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रिंकु सध्हि, चिपुरा मुखिया सतीश कुमार ,जिला महामंत्री गजेन्द्र सिंह,भाजयुमों जिलाध्यक्ष सुमित सिंह, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सच्चिदानंद यादव, फतुहा विधानसभा संयोजक विजय वत्स, गोपाल शर्मा, पारसनाथ यादव, दीलीप सिंह, दुग्रेश चंद्रवंशी,रजनीकांत गिरी, फतुहा नगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष फतुहा नगर सौरभ आंनद,महामंत्री राहुल सिंह समेत फतुहा विधानसभा के सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अत्यधिक गर्मी के मद्देनजर सोनपुर मंडल द्वारा लाइन कर्मियों के बीच ओआरएस का वितरण

**सोनपुर (एनएसबी)** यात्रियों की सुरक्षित एवं सुचारु रेल सेवाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रेल कर्मियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनपुर मंडल द्वारा आज दिनांक 10 जून 2026 को 'थाना बिहपुर' क्षेत्र में कार्यरत लाइन कर्मियों के बीच ओआरएस का वितरण किया गया। वर्तमान में क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए यह पहल की गई, ताकि खुले वातावरण में लंबे समय तक कार्य करने वाले रेल कर्मी हीट स्ट्रेस, डिहाइड्रेशन एवं अन्य गर्मी जनित स्वास्थ्य समस्याओं से सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर कर्मियों को नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ओआरएस का सेवन करने तथा धूप में कार्य करते समय आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में भी जागरूक किया गया। रेल पथों के रखरखाव एवं निरीक्षण में लगे लाइन कर्मी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मंडल प्रशासन द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। सोनपुर मंडल रेल प्रशासन अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की पहले न केवल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाती हैं, बल्कि सुरक्षित एवं निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# एनटीपीसी ने पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 48 प्रशिक्षुओं को बांटे किट बैग

**बाढ़ ( दैनिक नवसंदेश)**एनटीपीसी द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत चयनित 48 युवाओं के बीच उनके पेशेवर विकास और प्रशिक्षण को सुगम बनाने के उद्देश्य से आवश्यक सामग्री युक्त किट बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा कि यह योजना युवाओं को उद्योगों के वास्तविक कार्य वातावरण से परिचित कराने और उनके हुनर को निखारने में मील का पत्थर साबित हो रही है। प्रबंधन ने प्रशिक्षुओं का आह्वान किया कि वे इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को एक कुशल पेशेवर के रूप में तैयार करें। किट बैग पाकर उत्साहित प्रशिक्षुओं ने एनटीपीसी की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए इसे अपने करियर के लिए बेहद मदार बताया। यह कार्यक्रम क्षेत्र के युवाओं में तकनीकी और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## खबरें : एक नजर में

### विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना पुलिस द्वारा विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरतार किया गया। उसकी गिरतारी थाना क्षेत्र के कबीरगंज स्थित उसके घर से की। तलाशी के दौरान उसके पास से 4 लीटर 320 एमएल विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरतार कारोबारी टाउन थाना क्षेत्र के कबीरगंज मोहल्ला निवासी स्व. जगदीश लाल का पुत्र जितेंद्र कुमार है। बताया जाता है कि टाउन थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कबीरगंज स्थित घर में एक व्यक्ति द्वाराशराब की खरीद बिक्री की रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस वहां पहुंची और उसे गिरतार कर लिया। टाउन थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### हेरोइन के साथ तीन बदमाश गिरतार 0.24 ग्राम हेरोइन, तीन मोबाईल व एक स्कूटी जब्त

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना पुलिस द्वारा हेरोइन के साथ तीन बदमाश को गिरतार किया गया। उनकी गिरतारी बुधवार को थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित पेट्रोल पंप के पास से हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से 0.24 ग्राम हेरोइन, तीन मोबाइल एवं एक स्कूटी बरामद हुआ। गिरतार बदमाशों में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी उपेंद्र राय का पुत्र दीपक कुमार, उसी गांव के निवासी ब्रिज मोहन यादव का पुत्र धनजी यादव एवं विजेंद्र राय का पुत्र गुड्डु कुमार शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस रिलीज जारी कर दी। उन्होंने बताया कि टाउन थाना पुलिस द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान गौसगंज स्थित पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। तभी एक स्कूटी पर सवार तीन युवक पुलिस को देख भगाने का प्रयास करने लगे। इस संबंध में टाउन थाना पुलिस द्वारा गिरतार तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### 120 लीटर देसी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरतार

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने छापेमारी कर 120 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए दो धंधेबाजों को गिरतार किया है। थानाध्यक्ष राजेश मालाकार ने बताया कि रानीसागर गांव में छापेमारी के दौरान 32 लीटर देसी शराब के साथ बनकट गांव निवासी बंटी लाल साह को गिरतार किया गया। वहीं नावाडीह गांव में कारवाई करते हुए पुलिस ने 88 लीटर देसी शराब बरामद की तथा गोलू कुमार यादव को गिरतार कर लिया। दोनों आरोपितों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

### तेज आंधी-पानी के दौरान करकट गिरने से महिला की मौत, इलाज के दौरान सदर अस्पताल में तोड़ा दम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव में तेज आंधी-पानी के दौरान करकट गिरने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कौरा गांव निवासी नींबूलाल राम की 44 वर्षीया पत्नी अंगूरा देवी है। इधर, मृतका के भतीजे नागेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह सो कर उठने का बाद आंगन में काम कर रही थी। उसी दौरान तेज आंधी के साथ बारिश होने लगी। तभी घर में लगा करकट पर ठनका गिर गया। ठनका गिरने के कारण करकट उड़ के उनके शरीर पर जा लगा। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। तब परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को चार पुत्र अक्षय, छोटू, रितेश, अरविंद एवं एक पुत्री रंजू देवी है। घटना के बाद उसके घर में रोना-धोना मच गया।

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ को मारी टक्कर, मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा-बेलघाट मार्ग पर ज्ञान वाटिका स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट गांव निवासी बालेश्वर यादव के 53 वर्षीय पुत्र केशव यादव है। वह पेशे से चालक थे। अपना बोलेरो चलाते थे। इधर, दूरभाष पर मृतक के परिजन ने बताया कि बुधवार की देर शाम वह बाइक द्वारा धोबहा से वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान धोबहा एवं बेलघाट गांव के बीच स्थित ज्ञान वाटिका स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां उन्हें घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया।

# जवनिया में गंगा नदी पर चल रहे कटाव निरोधी कार्य का जल संसाधन सचिव ने किया निरीक्षण

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जल संसाधन विभाग के सचिव डा. चन्द्रशेखर सिंह ने शाहपुर प्रखंड के उत्तर प्रदेश सीमा से सटे जवनिया गांव में गंगा नदी पर चल रहे कटाव निरोधी कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर उपयोग की जा रही सामग्रियों और निर्माण कार्यों का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से बातचीत कर कार्य की प्रगति के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

ग्रामीणों ने सचिव को बताया कि कटाव निरोधी कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। उनका कहना था कि यदि कार्य की रतार इसी तरह बनी रही तो इसके पूरा होने से पहले ही बाढ़ का पानी आ जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष 10 जुलाई तक गंगा नदी पूरी



संवेदक को एक माह में कार्य पूरा करने का दिया सख्त निर्देश।

तरह भर गई थी तथा 22 जुलाई से कटाव शुरू हो गया था।

ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए। ड़ सिंह ने संवेदक को कार्य में तेजी लाने और एक माह के भीतर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा।

गौरतलब है कि शाहपुर की पूर्व विधायक मुन्नी देवी ने हाल ही में कटाव निरोधी कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की थी। निरीक्षण के दौरान जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, सीओ आनंद प्रकाश, आरओ रश्मि सागर तथा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कई अभियंता मौजूद थे।

## पेरहाप में विंकटेश भगवान के प्रागण में महायज्ञ के तैयारी का झंडोतोलन

**सहार (दैनिक नवसंदेश)।** सहार प्रखंड के पेरहाप गांव में श्री विंक्टेश भगवान के महायज्ञ की तैयारी में झंडोतोलन किया गया। विंक्टेश भगवान के मंदिर प्राणण में महायज्ञ की शुरुआत करते हुए झंडा गाडा गया। महायज्ञ श्री स्वामी विश्नुचित जी महाराज के तत्वावधान में सैकड़ो की संख्या में श्रधालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ झँडा को पुरे पेरहाप गांव मे घुमाया गया। वही महायज्ञ मे बाला जी मंदिर नागुरी के स्वामी के कर कमलो द्वारा एक जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर पुरे गांव में हर्षोल्लास और जश्न का माहौल कायम रहा। सभी ग्रामीण जनता महायज्ञ में शामिल होने के लिए तत्पर दिखे। महायज्ञ के झंडोतोलन में शामिल स्थानीय ग्रामीणों में मुरारी शर्मा, पैक्स अध्यक्ष अविनाश राय, सतीश राय, शिक्षक अरूण कुमार शर्मा, अनिल कुमार राय, निर्भय कुमार शर्मा,बिरेन्द्र राय, पद्मनाथ त्रिपाठी, उदय नारायण राय, बिजेंद्र राय, नवल किशोर राय सहित अन्य सैकड़ो लोग शामिल थे।

## शारदीय खरीफ महाअभियान के तहत प्रखंड स्तरीय कर्मशाला आयोजित

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** शारदीय खरीफ महाअभियान-2026 के सफल क्रियान्वयन तथा किसानों को कृषि की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रखंड कृषि कार्यालय, कोईलवर के सभागार में प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), भोजपुर द्वारा किया गया। कर्मशाला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रमुख, कोईलवर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निदेशक अभियंत्रण (यंत्रीकरण) एवं आत्मा भोजपुर के उप परियोजना निदेशक उपस्थित रहे।

उन्होंने किसानों को कृषि यंत्रीकरण, सरकारी योजनाओं तथा आधुनिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी देते हुए इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान



प्रखंड कृषि कार्यालय, कोईलवर के सभागार में प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया।

किया। कर्मशाला के दौरान खेत बचाओ अभियान पर विशेष चर्चा की गई। किसानों को फसलों की सुरक्षा, उत्पादकता बढ़ाने और बदलती परिस्थितियों में खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उपाय बताए गए।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एक़े मौर्य एवं डा विकास सिंह ने किसानों को शारदीय फसलों की उन्नत खेती, कीट एवं रोग प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा जल संरक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कर्मशाला में गीधा, कायमनगर, सकड्डी, कुल्हड़िया एवं दौलतपुर के पैक्स अध्यक्षों के अलावा पंचायत प्रतिनिधि, किसान, उद्यान पदाधिकारी कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम एवं बीटीएम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कर्मशाला के दौरान किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान कार्यक्रमों तथा फसल संरक्षण से जुड़ी जानकारियां प्रदान की गईं।

## गंगा तटों की सुरक्षा हेतु कटाव निरोधी कार्यों को एक माह में पूरा करने के निर्देश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जल संसाधन विभाग, बिहार के सचिव डा चन्द्रशेखर सिंह ने भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे जवनिया गाँव में गंगा नदी के तट पर चल रहे कटाव निरोधी कार्यो का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यो की प्रगति, गुणवत्ता तथा बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। सचिव ने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली तथा चल रहे कार्यो पर उनका फीडबैक प्राप्त किया। ग्रामीणों ने गंगा नदी के निरंतर कटाव से उत्पन्न चुनौतियों को साझा करते हुए कटाव निरोधी एवं संरक्षण कार्यो के प्रति संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं दामोदरपुर (जवनिया) गाँवों को कटाव से सुरक्षित रखने के लिए लगभग 1200 मीटर लंबाई में कटाव निरोधी कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति राशि रुपये 52.56 करोड़ है तथा वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। डा. सिंह ने कार्यो में तेजी लाते हुए कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि मानसून की संवेदनशीलता को ध्यान में रख कर सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कटाव निरोधी कार्यो को हर हाल में अगले एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने अभियंताओं एवं संवेदकों को कार्यो की गुणवत्ता से कोई समझौता न करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।

सचिव ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड के गंगापुर, भुसौला, नन्दपुर एवं जवनिया सहित आसपास के गाँवों को गंगा नदी के कटाव से प्रभावी सुरक्षा मिलेगी तथा स्थानीय आबादी एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

निरीक्षण के दौरान विभाग के वरीय अभियंता, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डांसर बुला कर शराब और डांस पार्टी करते पांच बदमाश गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शादी-विवाह एवं अन्य पार्टियों में शराब का सेवन कर तमंचे पर डिस्को करने का सिलसिला भोजपुर में थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन जिले में कहीं ना कहीं ऐसी घटनाएं घटित हो रही है। ताजा मामला शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बरहबतरा मोहल्ले की है। जहां बुधवार की देर रात घर बंद कर अंदर शराब व डांस पार्टी करते हुए पांच बदमाशों को गिरतार किया गया।

इस दौरान वहां से 1 देशी पिस्टल, 1 खोखा, 5 कारतूस एवं 750 एमएल विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरतार बदमाशों में टाउन थाना क्षेत्र के बरहबतरा वार्ड नंबर-3 निवासी रामबाबू रजक का पुत्र मंजीत कुमार, उसी मोहल्ले के चंदेश्वर प्रसाद का पुत्र आकाश कुमार, सलाउद्दीन खान का पुत्र नसरुद्दीन खान, जाकिर हुसैन का पुत्र ताहा अजीज एवं जाफिरुल हक का पुत्र नदिरूल हक शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज द्वारा प्रेस बयान जारी कर दी गई।

उन्होंने बताया कि टाउन थाना पुलिस को बुधवार की देर रात गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी की बरहबतरा मोहल्ले में स्थित एक घर में कुछ लोग डांसर बुलाकर शराब व डांस पार्टी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन उपरांत टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान उनके पास से 1 देशी पिस्टल, 1 खोखा , 5 कारतूस एवं 750 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इसके पश्चात पुलिस के बयान पर टाउन थाने में पुलिस ने उक्त पांचों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं बिहार मधनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## सिर पर सेहरा सजने से 15 दिन पहले ही घर से उठ गई अर्थी

**आरा/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** घर से निकले पटना निवासी युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव कोईलवर थाना क्षेत्र के बबुरबानी गांव वार्ड नंबर-14 स्थित चाय दुकान के पीछे खड़ी मैजिक वाहन से गुरुवार की सुबह बरामद हुआ। परिजन द्वारा उसके दो दोस्तों पर ही उसकी गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही कोईलवर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के बड़की बलियारी गांव निवासी सुनील कुमार का 20 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार है। वह गांव पर रहकर खेती करता था। इधर, मृतक के चचेरे चाचा विनय कुमार ने बताया कि उसके



घर से निकले पटना निवासी युवक का भोजपुर में शव बरामद।

दादा का देहांत हो गया था। बुधवार को श्राद्ध कर्म था। बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने दोस्त गोलू और सन्नी कुमार के साथ घर से निकला था। बाइक गोलू कुमार की थी। इसी बीच रात करीब 11 बजे गोलू कुमार के चाचा द्वारा फोन कर बताया गया कि मेरा गोलू मिल नहीं रहा था, तो हम लोग खोजबीन करने निकले थे। इस दौरान कोईलवर बबुरबानी गांव स्थित सोन नदी के किनारे झाड़ी में तुम्हारे भतीजे का शव मिला है। सूचना पाकर परिजन बबुरबानी गांव पहुंचे, तो देखा कि आकाश का शव मैजिक वाहन में पड़ा था। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। वही मृतक के चचेरे चाचा विनय कुमार ने बताया गांव में आठ दिन पूर्व गोलू कुमार के बच्चे एवं उनके घर के बच्चों के बीच हुए झगड़े हुआ था। उसी विवाद में गोलू कुमार एवं सन्नी कुमार पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद मृतक के घर में रोना-धोना मच गया। उसकी मां दुर्गा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खनगांव सोन नदी से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव स्थित झारखंडी बाबा मंदिर के समीप बालू घाट संख्या-07 के पास सोन नदी से गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। इससे आस-पास के इलाके में सनसनी मच गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पाकर चांदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार किया तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, आरा भेज दिया। चांदी थाना के अपर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव करीब चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक ने पैंट-शर्ट पहन रखा था तथा उसकी पैंट के दोनों पायंचे नीचे से मुड़े हुए थे। अब तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है तथा स्थानीय लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। शव मिलने की खबर फैलते ही क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया और लोग विभिन्न तरह की आशंकाएं व्यक्त करने लगे। हालांकि पुलिस का कहना है कि शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

## खबरें खास-खास

### बहिरो लख क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

#### जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को चलाया गया विशेष अभियान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर गुरुवार को आरा सदर अंचल अंतर्गत बहिरो लख क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व सदर अंचल के अंचलाधिकारी ने की। इस दौरान बहिरो लख क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि एवं मार्गो पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर निगम की टीम, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। प्रशासन द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु व्यापक कार्रवाई की गई। अंचलाधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान से आमजन के आवागमन में सुविधा सुनिश्चित होगी तथा सड़क जाम एवं दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।



जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को चलाया गया विशेष अभियान।

### वर्षा के बाद शाहपुर के सड़कों पर भारी जलजमाव से पैदल चलना मुश्किल

#### थाना चौक से प्रखंड कार्यालय तक सड़क बनी परेशानी का सबब

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गुरुवार की सुबह हुई वर्षा के बाद शाहपुर नगर पंचायत के कई वार्डों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सबसे खराब हालात शाहपुर-बनाही रोड पर देखने को मिले, जहां थाना चौक से लेकर प्रखंड कार्यालय तक सड़क पर पानी जमा हो गया। जलजमाव के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर जमा पानी के बीच पैदल चलना मुश्किल हो गया। कई स्थानों पर गंदा पानी सड़क पर फैल गया। जिससे लोगों को कीचड़ और दुर्गंध की समस्या भी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हल्की वर्षा में भी इस क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या उभरकर सामने आ जाती है। शिकायत मिलने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने पंप सेट लगाकर सड़क पर जमा पानी निकालने का कार्य शुरू कराया। हालांकि पानी निकाले जाने के बाद भी सड़क पर कीचड़ और गी पसरी रही। जिससे लोगों की परेशानी कम नहीं हुई। नागरिकों ने नगर पंचायत से स्थायी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ताकि बरसात के दिनों में बार-बार उत्पन्न होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके।



वार्डों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

### भाजपा का जिलास्तरीय बैठक आयोजित, मुख्यमंत्री के स्वागत तैयारी सहित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाजपा का जिलास्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता में हुआ। हर महीने के प्रथम सप्ताह मे होने वाले जिला बैठक में जिलाध्यक्ष द्वारा जिला प्रभारी राजेश सिन्हा को प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बनने पर अंगवस्त्र एवं माता आरण्य के मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान पिछले महीने हुए जिला प्रशिक्षण की सफलता की समीक्षा की गई। बैठक में केंँद्र मैं एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने सहित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा रखा गया। इसके अलावा बैठक मे आगामी 15 जून को भोजपुर जिला में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के आगमन पर स्वागत की तैयारी की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला प्रभारी राजेश सिन्हा, ईधीरेन्द्र सिंह नरेन्द्र तिवारी, सूर्यकांत पांडेय, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, धनंजय तिवारी, निशांत सिंह, सुषुमलता कुशवाहा, ममता सिंह, विभु जैन, हरेराम चंद्रवंशी, शैलेश गुड्डु, धीरज सिंह सहित मोर्चा, प्रकोष्ठ अध्यक्ष शामिल हुए।



जिला प्रभारी राजेश सिन्हा को प्रदेश सह कोषाध्यक्ष बनने पर अंगवस्त्र एवं माता आरण्य के मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया।

### श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर फलदार वृक्षारोपन

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** हरिगांव पंचायत के दुलहीनगंज ग्राम में डा लालमोहर सिंह के माता जी के श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सेंट्रल कोअपरेटिव बैंक आरा बक्सर के निदेशक प्रो राणा प्रताप कुशवाहा ने सबसे पहले उनके चित्र पर फूल चढ़ाए एवं उनके नाम पर आम का एक फलदार वृक्ष लगाया। इस अवसर पर नेत्री एवं पूर्व जिप सदस्य श्रीमती इंदू देवी, भाजपा नेता विवेक कुशवाहा, लाल मोहर सिंह, जगन्नाथ सिंह सहित अन्य लोगों उपस्थित थे। इस अवसर पर सेंट्रल कोअपरेटिव बैंक आरा बक्सर के निदेशक प्रो राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा की आज धरती पर जंगल की कमी हो गया है। पेड़ के कमी होने से समुद्र का पानी 6 डिग्री सेल्सियस गर्म हो गया है अगर धरती माता को बचाना है तो हर व्यक्ति को बच्चों केनाम शादी, जन्म या किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके नाम पर कम से कम एक पेड़ लगाने की आवश्यकता है।



श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर फलदार वृक्षारोपन।

## संक्षिप्त खबरें

### मानिकपुर थाना क्षेत्र से एक अभियुक्त सहित एक शराबी गिरफ्तार

**कुर्था(एनएसबी)।** मानिकपुर थाना क्षेत्र से मानिकपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी विदेशी मांझी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, थाना क्षेत्र के खतांगी गांव में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने शराब सेवन के आरोप में सियाराम मांझी, पिता स्वर्गीय सुरेश मांझी, को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

### अशरफ अंसारी को बिहार विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर लोजपा जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**शहरतेलपा (एनएसबी)।** अशरफ अंसारी को बिहार विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने पर लोजपा रामविलास के अरवल जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को निर्विरोध बिहार विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित होने पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार विधान परिषद के निर्विरोध निर्वाचित सदस्य अशरफ अंसारी को बहुत - बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं । साथ हीं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान , लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश संगठन प्रभारी सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक राजू तिवारी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। आगे जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि आपकी जीत पार्टी के प्रति आपका समर्पण , संगठन के मजबूत बनाने में आपका निरंतर योगदान का परिणाम है । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप बिहार विधान परिषद में जनता की आकांक्षाओं , वंचित वर्गों के अपेक्षाओं और विकास से जुड़े मुद्दों की पूरी मजबूती के साथ उठाते हुए जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।अशरफ अंसारी को बिहार विधान परिषद के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होने पर पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह , उमंग और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आपके सफल एवं उज्जवल कार्यकाल के लिए पुनः हार्दिक बधाई व ढेर सारी शुभकामनाएं।

### एसपी के जनता दरबार में लोगों ने रखी अपनी समस्याएं

**अरवल (एनएसबी)** पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी फरियादियों की बातों को गंभीरतापूर्वक एवं ध्यानपूर्वक सुना गया तथा प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया जनता दरबार का उद्देश्य आमजन एवं पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को सुदृढ़ करना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

### जिला पदाधिकारी के निर्देश पर पेट्रोल पंपों की सघन जांच, अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई


**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी जहानाबाद श्रीमती अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर जिले में संचालित पेट्रोल पंपों की सघन जांच अभियान शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी जहानाबाद श्री राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की गठित टीम द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के



दौरान पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक, ईंधन की गुणवत्ता, पेट्रोल में मिलावट की संभावना, घनत्व (डेंसिटी), सही मात्रा में ईंधन की आपूर्ति, फर्स्ट एड की उपलब्धता, ग्राहकों के लिए पेयजल व्यवस्था, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक शौचालय, वाहनों में हवा भरने की सुविधा, विस्फोटक अनुज्ञप्ति की वैधता, माप-तौल मानकों सहित अन्य विभागीय प्रावधानों की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में लोदीपुर स्थित पटना-गया बाईपास पर अवस्थित महावीर सर्विस स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके संबंध में विभागीय नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों की क्रमिक रूप से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक अनुरूप पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराना पेट्रोल पंप संचालकों की जिम्मेदारी है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मखदुमपुर और काको में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्माण को मिलेगी रफ्तार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले के मखदुमपुर एवं काको प्रखंड में प्रस्तावित प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन निर्माण कार्य को शीघ्र गति देने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में



निर्माण कार्य से जुड़ी तकनीकी बाधाओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद ने बैठक में बताया कि मखदुमपुर में प्रस्तावित प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के लिए चिन्हित स्थल के मानचित्र में स्वास्थ्य विभाग का भवन प्रदर्शित होने के कारण तकनीकी समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं काको प्रखंड में प्रस्तावित भवन के मानचित्र में प्रखंड डाटा सेंटर का भवन अंकित होने से निर्माण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, अंचल अधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मखदुमपुर एवं काको को संयुक्त रूप से स्थल का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक रिलाइनमेंट की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों का निर्माण आम नागरिकों को बेहतर, सुगम एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने तथा कार्य को जल्द प्रारंभ कराने पर बल दिया।

# जनसंघ काल के पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में जीवन भर पार्टी के प्रति निष्ठावान रहे स्व जयराम शर्मा : मनोज

**अरवल (एनएसबी)।** स्वर्गीय जयराम शर्मा तत्कालीन जनसंघ एवं वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांत से कभी समझौता नहीं किया। उक्त बातें करपी प्रखंड के रामपुर चाय गांव निवासी स्वर्गीय जयराम शर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद अरवल विधायक मनोज शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि समाज में कई प्रकार के जातीय उन्माद एवं विरोधाभास को झेलते हुए उन्होंने अपनी पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता जीवन के अंतिम क्षणों तक कायम रखी। समाज के सभी जाति वर्ग के लोगों को



श्रद्धांजलि अर्पित करके विधायक।

उन्होंने अपने जीवन के अंतिम समय तक हर संभव मदद करने का प्रयास किया ।आज उनके असामयिक चले जाने से पूरा समाज मर्माहत है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में पूरी नहीं की जा सकती। स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र के निकट सहयोगी रहे उनके साथ दिन-रात संगठन का काम करने वाले स्वर्गीय जयराम शर्मा के चले चले जाने से पार्टी को भी अपूरणीय क्षति हुई है ।राम जन्मभूमि आंदोलन में कार सेवक के रूप में उन्होंने बढ़कर हिस्सा लिया था और अपने क्षेत्र के लोगों को उस आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भी किया था। उन्होंने कहा कि जीवन मरण एक शाश्वत सत्य है, मनुष्य के जन्म लेने के पश्चात ही विधाता के द्वारा मृत्यु की तिथि निर्धारित कर दी जाती है लेकिन जो समाज के लिए अनुकरणीय काम कर जाते हैं उन्हें समाज हमेशा याद करता है ।शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी चंद्रमौली पांडे अनिल शर्मा भुनेश्वर शर्मा मनोज कुमार सुनील कुमार शर्मा श्रीमन नारायण कुमार रवि रंजन कुमार प्रिय रंजन कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

## आपसी मारपीट में युवक की मौत परिजनों ने मृतक का शब रखकर किया सड़क जाम



सड़क जाम करते लोग।

**कुर्था (एनएसबी)** स्थानीय मानिकपुर थाना क्षेत्र के नासिरना मोड़ के समीप कुर्था गया मुख्य मार्ग पर मृतक का शब को रखकर मृतक के परिजनों ने सड़क जाम कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुर गांव निवासी झंगर ठाकुर के 30 वर्षीय पुत्र राज ठाकुर जो बाहर से कमाकर अपने गांव आया था। जहां अपने दोस्त हलवाई मांझी के पुत्र अजय मांझी के साथ बुधवार की देर रात एक जगह पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच मारपीट हो गई मृतक के परिजनों का आरोप है कि अजय मांझी ने राज ठाकुर के साथ जबरदस्त मारपीट कर दी और मारपीट के दौरान उसके शरीर पर सिलबट्टा पटक दिया। जिससे उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन में रविवार के अहले सुबह उनके परिजनों ने कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दी। जिसके बाद मृतक के परिजन मृतक के शब को रखकर कुर्था गया मुख्य मार्ग को नसिरना मोड़ के पास जामकर मुआवजे की मांग कर रहे थे। आनन-फानन में कुर्था प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी, राजस्व अधिकारी समशुल कमर, कुर्था थानाध्यक्ष चंदन झा, मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय, मानिपुर पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी मौके पर पहुंचकर आक्रोषितों को समझा बूझकर जाम हटाया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस हजार रुपए की राशि देने की बात कही। साथ ही स्थानीय मुखिया द्वारा कबीर अंत्येष्टि के तहत तीन हजार रुपए के अलावा समाजसेवी अरुण कुमार के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। जिसके बाद आक्रोशित ने सड़क जाम हटवाया। वहीं थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने शब को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण के लिए सदर अस्पताल अरवल भेज दी इस संबंध में मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने बताया कि दोनों दोस्त थे और आपस में मारपीट किया इसके बाद मृतक के शरीर पर सिलबट्टा पटकने का आरोप लगाया जा रहे हैं लेकिन अब तक आवेदन नहीं आया है। आवेदन आते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन



**जहानाबाद (एनएसबी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला कार्यालय, जहानाबाद में गुरुवार को राजद सुप्रीमो एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन "सद्भावना दिवस" के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर ने की, जबकि संचालन प्रधान महासचिव परमहंस राय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इसके बाद वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने अपना संपूर्ण राजनीतिक जीवन गरीबों, वंचितों और बहुजन समाज के अधिकारों की लड़ाई तथा उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके योगदान को सामाजिक न्याय की राजनीति में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। इस अवसर पर राहुल कुमार, सूबेदार दास, महेश ठाकुर, परमहंस राय, आभा रानी, विनोद यादव, बैकुंठ यादव, धर्मपाल सिंह यादव, संजय यादव, वकील यादव, सुनील दास, अवधेश यादव, अरविंद चौधरी, साधु यादव, रूबी राज, लालमोहन चौधरी, वीरेंद्र राउत, कारू पंडित, राज प्रेम यादव, संतोष रंजन, मृत्युंजय यादव, पिंटू उर्फ छोटू यादव, शैलेश यादव, उमेश कुमार यादवेंदु, अनिल कुमार वर्मा, आलोक चौरसिया, नागमणि सिंह, श्याम यादव, अनिल पासवान, अवधेश चंद्रवंशी, देवेंद्र चौधरी, दिलीप कुमार सिंह, विजय कुमार, विक्की यादव, मनीष कुमार, अजय कुमार, महेश यादव, मो. मुस्तफा, शंकर मांझी, छोटू यादव, अमरजीत अहीर, रंजीत कुमार, सतीश कुमार, बिजेंद्र पाल सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

## जिले में एलपीजी गैस पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सामान्य : जिला प्रशासन

**अरवल (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु लगातार निगरानी एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आम उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता पूर्णतः सामान्य है तथा किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। दिनांक 11 जून 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 4,532 एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है। जिले की सभी 14 गैस एजेंसियो के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है। इसके अतिरिक्त जिले के पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। वर्तमान में पेट्रोल की उपलब्धता 120.1 किलोलीटर तथा डीजल की उपलब्धता 191.6 किलोलीटर है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस की कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 247 संचालित है। उपभोक्ता अपनी शिकायत अथवा सुझाव दूरभाष संख्या 06337-228994, 06337-229494 एवं 8235230817 पर दर्ज करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस बुकिंग के उपरांत एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर जाने की आवश्यकता नहीं है तथा वे घर बैठे ही गैस बुकिंग करा सकते हैं। साथ ही शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के उपरांत पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित है। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं तथा नियमानुसार बुकिंग कर होम डिलीवरी सुविधा का लाभ उठाएं।

## महादलित परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु ग्राम स्वराज्य समिति का सराहनीय प्रयास



**घोषी (जहानाबाद)।** महादलित परिवारों के समेकित विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्यरत ग्राम स्वराज्य समिति, घोषी द्वारा आज पंचायत भवन गंधार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत चयनित महिलाओं को स्वरोजगार एवं आयवर्धन के लिए विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की गई। संस्था द्वारा पूर्व में चयनित 10 ऐसी महिलाओं को, जिन्होंने बकरी पालन में रुचि व्यक्त की थी तथा इस क्षेत्र में पूर्व अनुभव भी रखती थीं, कृषि विज्ञान केंद्र, गंधार के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षण के उपरांत आज इन सभी महिलाओं के बीच संस्था की ओर से दो-दो बकरियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्री राम शंकर शर्मा ने बताया कि ग्राम स्वराज्य समिति लाभुक महिलाओं को बकरियों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही संस्था के प्रतिनिधि नियमित रूप से लाभुकों से संपर्क कर बकरी पालन के माध्यम से आय बढ़ाने संबंधी मार्गदर्शन भी देंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों की 10 उत्साही महिलाओं को, जो अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उनके व्यवसाय विस्तार एवं आयवृद्धि हेतु 10-10 हजार रुपये के चेक भी वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि इन महिलाओं को पूर्व में सरकार द्वारा स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई थी। संस्था के सचिव ने बताया कि ग्राम स्वराज्य समिति पिछले चार वर्षों से महादलित समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब तक 90 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई, कटिंग एवं पेंटिंग जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जा चुके हैं तथा आगे भी अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रजनीकांत सिंह, गंधार पंचायत के मुखिया राजीव रंजन, बंधुगंज पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार, समाजसेवी रौशन कुमार, पूर्व मुखिया शैलेश कुमार अंबेडकर तथा संस्था के सचिव राम शंकर शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से वितरित किए गए। श्री शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं में से पांच कुशल महिलाओं का चयन किया गया है, जिन्हें आगामी आठ दिनों के भीतर संस्था द्वारा क्रय की गई सिलाई मशीनें प्रदान की जाएंगी, ताकि वे स्वरोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने इस परियोजना को सफल बनाने में संस्था के परियोजना प्रबंधक राजीव रंजन तथा सामुदायिक संगठनकताओं सतीश, पवन, विपिन एवं पुष्पा श्री के योगदान की विशेष सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित नाबार्ड के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वार्ड सदस्यों एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं ने ग्राम स्वराज्य समिति द्वारा महादलित परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

## वरिष्ठ समाजसेवी रघुपति यादव के निधन पर शोक की लहर, गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड अंतर्गत ग्राम कानचक निवासी राहुल कुमार के 69 वर्षीय पूज्य पिता स्वर्गीय रघुपति यादव का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा गया। उनके निधन को समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। स्वर्गीय रघुपति यादव के निधन से परिजनों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणों में गहरा दुःख व्याप्त है। वे अपने सरल स्वभाव, सामाजिक व्यवहार एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस दुखद अवसर पर अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले तथा अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। शोक व्यक्त करने वालों में एससी/एसटी कर्मचारी संघ, जहानाबाद के जिला अध्यक्ष डॉ. अरविंद चौधरी, राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय, जिला महासचिव विनोद यादव, बृजनंदन यादव (नौरू), देवनंदन यादव (ठिकरौर) सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी ने कहा कि स्वर्गीय रघुपति यादव का स्नेह, सरलता और समाज के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।